राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 140
लखनऊ, मंगलवार 20 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने दो सड़कों का किया लोकार्पण 10

समय सीमा में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य : केशव मौर्य 03


# भारत-यूएई बनेंगे रणनीतिक रक्षा साझेदार

**2032 तक करेंगे व्यापार को दोगुना**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और यूएई जल्द ही रणनीतिक रक्षा साझेदारी करने जा रहे हैं। इस संबंध में आज आशय पत्र पर हस्ताक्षर हुए। यूएई के राष्ट्रपति की आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष, ऊर्जा, व्यापार और एआई सहित अनेक समझौते हुए हैं। दोनों देश 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना यानी 200 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जायेंगे।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को संक्षिप्त यात्रा पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने पहुंचे। एयरपोर्ट से दोनों नेता प्रधानमंत्री आवास लोक कल्याण मार्ग गए। यहां दोनों के बीच वार्ता हुई। इस वार्ता में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए।

दोनों देशों के बीच डिजिटल/डेटा एंबेसी (दूतावास) की स्थापना की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा। अबू धाबी में 'हाउस ऑफ इंडिया' की स्थापना की जाएगी। यह भारतीय कला, विरासत और पुरातत्व के संग्रहालय सहित एक सांस्कृतिक केंद्र होगा। वहीं दोनों देश युवा आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे।



### 12 बिन्दुओं पर बनी स्पष्ट सहमति

दोनों देशों के बीच कुल 12 बिन्दुओं पर स्पष्ट सहमति बनी है। इसमें रणनीतिक रक्षा सहयोग, अंतरिक्ष उद्योग विकास और वाणिज्यिक सहयोग और गुजरात के धोलेरा में विशेष निवेश क्षेत्र का विकास पर आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। दोनों देशों ने 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। इसके अलावा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी गैस के बीच बिक्री एवं खरीद समझौता हुआ है। खाद्य सुरक्षा और तकनीकी आवश्यकताओं पर समझौता ज्ञापन हुआ। भारत में एक सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। भारत-यूएई के बीच द्विपक्षीय नागरिक परमाणु सहयोग को प्रोत्साहन दिया जाएगा। गुजरात के गिफ्ट सिटी में यूएई की कंपनियों—फर्स्ट अबू धाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड—के कार्यालयों और परिचालन की स्थापना होगी।

### यूएई भारत का दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता बना

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भारत और यूएई के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को लेकर एक फ्रेमवर्क समझौते की दिशा में आगे बढ़ने के लिए आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र और यूएई स्पेस एजेंसी के बीच अंतरिक्ष अवसंरचना विकास और उसके व्यावसायीकरण से जुड़े संयुक्त पहल हेतु एक और आशय पत्र पर हस्ताक्षर हुए। विदेश सचिव ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हमद बिन जायद, यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद, दुबई के क्राउन प्रिंस एवं रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद समेत कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी शामिल थे। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों देशों ने उन्नत परमाणु प्रौद्योगिकियों में साझेदारी की संभावनाएं तलाशने का निर्णय लिया है। इसमें बड़े परमाणु रिएक्टरों और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों का विकास व तैनाती, उन्नत रिएक्टर प्रणालियों, परमाणु संयंत्रों के संचालन, रखरखाव और परमाणु सुरक्षा में सहयोग शामिल है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सहयोग का प्रमुख क्षेत्र माना गया है, जिसके तहत भारत में यूएई की साझेदारी से एक सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने पर सहमति बनी है। साथ ही डेटा सेंटर क्षमता बढ़ाने में यूएई निवेश की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इसके अलावा ऊर्जा क्षेत्र में यूएई की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 0.5 मिलियन मीट्रिक टन एलएनजी आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक समझौता हुआ है, जिससे यूएई भारत का दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता बन गया है। खाद्य सुरक्षा से जुड़े एमओयू से व्यापार, कृषि निर्यात और दोनों देशों की खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

## नितिन नबीन चुने गये भाजपा अध्यक्ष



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गये।

चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण ने इस चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद एक विज्ञप्ति में घोषणा की कि इस पद के लिए केवल एक प्रत्याशी श्री नबीन के ही पर्चे प्राप्त हुए जो वैध पाये गये। श्री नबीन के मंगलवार को औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने की संभावना है। श्री नबीन के पक्ष में नामांकन पत्र के 37 सेट जमा किये गये थे, जो जांच के उपरांत वैध पाये गये। डॉ. लक्ष्मण के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेशों में पार्टी अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात प्रारंभ की गयी, जो न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है। निर्वाचन कार्यक्रम 16 जनवरी को जारी किया गया था। नामांकन के लिए आज अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक का समय निर्धारित किया गया था और शाम चार से पांच बजे के बीच नाम वापस लेने का समय था। श्री नबीन को गत 14 दिसंबर को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाने के बाद 16 दिसंबर को बिहार मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान में वह बिहार विधानसभा में बांकीपुर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## छत्तीसगढ़ को मिला देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार



**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया। उद्यानिकी और कृषि विभाग को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार राज्य के किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और राज्य सरकार की कृषि नीतियों की सफलता को दर्शाता है। यह पुरस्कार बेंगलुरु, कर्नाटक में 18-19 जनवरी को आयोजित 13वे नेशनल रिव्यू कांफ्रेंस में दिया गया। उद्यानिकी विभाग की ओर से प्रभारी संयुक्त संचालक नीरज शाहा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

# जब कुछ न आये तो नेता बन जाओ का समय गया : महाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की विधानसभा में आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उप्र की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ किया। यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश में चौथी बार आयोजित हो रहा है।



- आज डॉक्टर, इंजीनियर से लेकर किसान तक हैं विधानसभा के सदस्य
- 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन शुरू

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ के मौके पर यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आमतौर पर राज्य की विधानसभा को यह अवसर लगभग 20 साल में एक बार मौका मिलता है। लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे आग्रह को स्वीकार किया। इससे पहले 2015 में यूपी विधानसभा ने पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की मेजबानी की थी। आज एक बार फिर हमें यह मौका मिला है। महाना ने कहा कि पहले यह कहा जाता था कि जब कुछ न आये तो नेता बन जाएं। अब बदल गया है, अब वही नेता बन सकता है जिसे सब कुछ आये। हमारी विधानसभा में डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, प्रोफेसर, किसान, बिजनेसमैन भी चुनकर आये हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी का योगदान है और सबकी अपनी सीमाएं हैं। अगले तीन दिन तक इस विधानसभा में जनता के प्रति जवाबदेही व अन्य विषय पर चर्चा होगी। मुझे विश्वास है कि यहां होने वाली चर्चा देश भर की विधानसभाओं में पहुंचेगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस कार्यक्रम के लिए आया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया।

इस अवसर पर यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को प्रतीक चिह्न भेंट किया। मंचस्थ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का शाल ओढ़ा कर प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। समापन सत्र को 21 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे।


*संबंधित खबर पृष्ठ 3 पर*


### यूपी में चौथी बार आयोजित हो रहा सम्मेलन

विधानमंडलीय परंपरा के तहत यह सम्मेलन प्रत्येक वर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित होता है। पिछली बार इसका आयोजन कर्नाटक में हुआ था। उत्तर प्रदेश में यह चौथी बार आयोजित किया जा रहा है, इससे पूर्व वर्ष 2015 में उप्र को इसके आयोजन की जिम्मेदारी मिली थी। इस सम्मेलन के साथ ही आज से ही विधानसभा और विधान परिषद सचिवों का अलग सम्मेलन भी हो रहा है।

## उन्नाव कस्टोडियल डेथ केस | सेंगर की सजा निलंबित करने से हाईकोर्ट का इनकार


**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव कस्टोडियल डेथ मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ा झटका देते हुए उनकी सजा निलंबित करने से इनकार कर दिया है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की गंभीरता और अपराध की प्रकृति को देखते हुए सजा पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं बनता। न्यायमूर्ति की पीठ ने सेंगर द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को निलंबित करने और अपील के दौरान जमानत दिए जाने की मांग की थी। अदालत ने कहा कि हिरासत में हुई मौत जैसे गंभीर अपराध में दोषी को राहत देना न्यायहित में नहीं होगा। यह मामला उन्नाव जिले में वर्ष 2017 में हुई कस्टोडियल डेथ से जुड़ा है।



पीड़ित को पुलिस हिरासत में कथित तौर पर बुरी तरह पीटा गया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। जांच में सामने आया कि इस पूरे घटनाक्रम में कुलदीप सिंह सेंगर की अहम भूमिका थी और उन्होंने अपने प्रभाव का दुरुपयोग किया। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि सेंगर एक प्रभावशाली व्यक्ति रहे हैं और यदि उन्हें राहत दी जाती है तो इससे न्याय प्रक्रिया और पीड़ित पक्ष पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि कस्टोडियल डेथ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है और ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है।



# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 24 घंटे से अनशन पर

- बोले- माघ मेले में हर बार आऊंगा, लेकिन फुटपाथ पर रहूंगा


**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का धरना जारी है। पालकी यानी रथ यात्रा रोके जाने के विरोध में शंकराचार्य वहीं धरने पर बैठे हैं, जहां पुलिस उन्हें छोड़ गई थी। वे अपने पंडाल में पूरी रात ठंड में धरने पर बैठे रहे। 25 घंटे से अनाज का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया। पानी तक छोड़ दिया। इस बीच शंकराचार्य ने सोमवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



उन्होंने कहा जब तक प्रशासन आकर माफी नहीं मांगता, तब तक हम अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। फुटपाथ पर ही रहेंगे। उन्होंने कहा- शंकराचार्य जब भी इतिहास में स्नान करने गए हैं, पालकी में ही गए हैं। हर साल इसी पालकी में जाते रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद ने साफ कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा। मैं प्रण लेता हूं कि हर मेले के लिए प्रयागराज आऊंगा, लेकिन कभी भी शिविर में नहीं रहूंगा। फुटपाथ पर ही अपनी व्यवस्था करूंगा। इससे पहले मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने बताया- शंकराचार्य ने कल से कुछ भी नहीं खाया है। कोई प्रशासनिक अधिकारी उनसे मिलने भी नहीं आया। सुबह अपनी पूजा और दंड तर्पण उसी स्थान पर किया। इस बीच मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य की रथ यात्रा के दौरान हुए बवाल का सीसीटीवी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस ने रास्ते पर बैरिकेडिंग लगाई थी। इसी दौरान शंकराचार्य के समर्थकों और पुलिस के बीच कहासुनी हुई। समर्थकों ने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकलना शुरू कर दिया।

## प्रतीक यादव ने पत्नी अपर्णा पर पारिवारिक संबंधों को बर्बाद करने का लगाया आरोप



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव ने सोमवार को अपनी पत्नी एवं भाजपा की नेता अपर्णा बिष्ट यादव पर पारिवारिक संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही उनसे तलाक लेंगे। प्रतीक यादव ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि मैं इस स्वार्थी महिला से जल्द से जल्द तलाक लेने जा रहा हूं। इसने मेरे पारिवारिक संबंधों को बर्बाद कर दिया है। वह सिर्फ नाम और दबदबा बनाना चाहती है। इस समय मेरी मानसिक स्थिति बहुत खराब है और उसे कोई परवाह नहीं है। उसे सिर्फअपनी ही चिंता है।

## मनोकामना पूरी होने पर भक्त ने बाबा महाकाल को चढ़ाया 2.35 किलो का चांदी का मुकुट



**एजेंसी, उज्जैन।** सोमवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक भक्त ने बाबा महाकालेश्वर को 2 किलो 350 ग्राम का चांदी का मुकुट चढ़ाया, जिस पर चांद बना हुआ था। गुजरात के जामनगर के रहने वाले भक्त प्रदीप गुप्ता ने अपनी मन्नत पूरी होने के बाद यह मुकुट भेंट किया। उन्होंने बाबा महाकालेश्वर की भस्म आरती में हिस्सा लिया और समारोह के दौरान भगवान महाकाल को चांदी का मुकुट चढ़ाया। मंदिर के पुजारी ने सोमवार को भस्म आरती के दौरान बाबा महाकालेश्वर को यह नया मुकुट पहनाया।

# यूपी के एटा में दिनदहाड़े घर में घुस कर एक परिवार के चार लोगों की हत्या

**एटा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में जनपद एटा के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े घर में घुस कर हत्या की वारदात से पूरे शहर में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया और फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस जांच पड़ताल में लगी है।

अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडे ने बताया कि थाना कोतवाली नगर अंतर्गत ग्राम नगला प्रेमी में एक घर में रह रहे एक वृद्ध, उनकी पत्नी, बहु और नातिनी की अज्ञात हमलावार ने दिन में घर में घुसकर ईंट से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना में वृद्ध गंगा सिंह (75) उनकी बहू रत्ना पत्नी कमल सिंह (45), नातिनी ज्योति (20) की मौके पर ही मौत हो गई। गंगा सिंह की पत्नी श्यामा देवी (70) को गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस के साथ अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडे, क्षेत्राधिकारी नगर राजेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाएं। अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।



परिवार से जुड़े किसी व्यक्ति ने ही इस घटना को अंजाम देने की अटकलें लग रही हैं। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडे ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर चार लोगों की हत्या कर दी है। घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# सीडीओ ने पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण

▸ व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा श्रीमती अंकिता जैन द्वारा पीएम श्री विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोण्डा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में वर्तमान में प्री-बोर्ड परीक्षाएँ संचालित की जा रही हैं।

निरीक्षण के समय विद्यालय परिसर में काफी मात्रा में झाड़ियाँ उगी हुई पाई गईं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाध्यापिका को परिसर की समुचित साफ-सफाई शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन पाँच कक्षों के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि विगत 2-3 माह से कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य बंद है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान दिव्यांग शौचालय बंद पाया गया। प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि यह शौचालय समग्र शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) योजना के अंतर्गत निर्मित है, किंतु अभी तक विद्यालय को हैंडओवर न होने के कारण बंद है। इस पर निर्देश दिए गए कि 03 दिवस के भीतर नियमानुसार शौचालय विद्यालय को हैंडओवर कराया जाए।

विद्यालय परिसर में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ उपकरण क्रियाशील तथा कुछ अक्रियाशील पाए गए। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अटल टिंकरिंग लैब में बंद पड़े उपकरणों को क्रियाशील न होने के लिए बरती गई लापरवाही हेतु संबंधित कर्मी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी उपकरणों को नियमानुसार क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई।

## दो उपनिरीक्षक लाइन हाजिर, पांच चौकी प्रभारी सहित 16 बदले

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने को लेकर दो उपनिरीक्षक को लाइन हाजिर करते हुए पांच चौकी प्रभारी सहित 16 को बदल दिया। उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बड़गांव गोलू तिवारी को चौकी प्रभारी दुबहा बाजार थाना कौड़िया राजीव कनौजिया को चौकी प्रभारी आर्य नगर उदित कुमार वर्मा को चौकी प्रभारी तिवारी बाजार शिव कुमार यादव को चौकी प्रभारी हथिया गढ़ अमर नाथ को उमरी बेगम गंज थाना महिला उपनिरीक्षक रुद्रावती राज को लाइन हाजिर कर दिया। तेज नारायण गुप्ता को थाना कोतवाली देहात अखिलेश सिंह को न्यायालय सम्मन से सेल इकरार अहमद को थाना नवाब गंज विनोद कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। विनय कुमार सिंह को कोतवाली देहात संजय कुमार पांडेय को थाना खरगू पुर अरविंद कुमार सिंह थाना छपिया, राकेश कुमार गुप्ता को थाना मोती गंज भेजा गया।

# जांच टीम को नहीं मिला कोई चूहा, वायरल वीडियो को बताया झूठा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा-मेडिकल कॉलेज वार्ड में ऑक्सीजन के पाइप पर चूहों के वायरल वीडियो मामले में गठित उच्च स्तरीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि निरीक्षण के दौरान उन्हें कहीं भी चूहे नहीं मिले।

समिति की अध्यक्ष और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशक डॉ. संदीपा श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है।बीते दिनों गोंडा मेडिकल कॉलेज से चूहों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसके बाद शासन ने मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। जांच टीम ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर नए और पुराने दोनों भवनों के सभी वार्डों का गहन निरीक्षण किया है। डॉ.संदीपा श्रीवास्तव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उन्हें पुराने



▸ टीम ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर नए व पुराने दोनों भवनों के सभी वार्डों का किया गहन निरीक्षण

वार्डों या नई बिल्डिंग में कहीं भी कोई चूहा नहीं मिला। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी मरीज ने उनसे चूहों के मिलने की शिकायत नहीं की।डॉ.श्रीवास्तव ने बताया कि जांच टीम में दो मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के डॉक्टर शामिल थे। उन्होंने कहा कि टीम को शासन के आदेश पर यहां जांच के लिए भेजा गया था।निरीक्षण के दौरान समिति को कहीं भी चूहों से संबंधित कोई बात नहीं मिली है।समिति अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगी जिसके बाद शासन के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने नई बिल्डिंग को काफी अच्छा बताया है। दरअसल बीते दिनों गोंडा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी नई और पुरानी दोनों बिल्डिंगों का निरीक्षण किया था और पुरानी बिल्डिंग के सभी वार्ड को नई बिल्डिंग में 15 दिन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे।ऐसे में शासन स्तर द्वारा गठित कमेटी ने भी इस बात की जांच की है की नई बिल्डिंग में पुरानी बिल्डिंग के वार्ड को शिफ्ट किया जाना कितना ठीक रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### बेसिक शिक्षा विभाग ने 50वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, गोण्डा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 50वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकासखण्डों से आए परिषदीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं एवं अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक विकास के साथ–साथ सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मंच से खेल शुभारंभ की घोषणा की गई। तत्पश्चात खेल को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेल विधाओं जैसे दौड़, मसाल दौड़ सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं ने अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत समूह नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मेडिकल कॉलेज परिसर से हटीं अवैध मजारें



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज परिसर में बनी दस अवैध मजारों को सोमवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई 24 साल पुराने एक मामले में की गई है। इन मजारों को तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट ने 2002 में अवैध घोषित किया था। इसके बाद मजारों का संचालन करने वाले पक्ष ने कमिश्नर के समक्ष अपील दायर की थी। सात साल पहले 2019 में कमिश्नर ने भी तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट के आदेश को सही ठहराया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।मेडिकल कॉलेज से लगी जिलाधिकारी कार्यालय के पास सदियों पुराना रसूल शाह बासवाड़ी का अस्ताना है। इसमें पहले केवल दो मजारें थीं, जो वक्फ बोर्ड में भी दर्ज हैं। बाद में इनकी देखरेख करने वाले लोगों ने लगभग दस अन्य छोटी मजारें भी स्थापित कर दी थीं। वर्ष 2002 में तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट ने इन दस मजारों को अवैध बताते हुए इनके ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। इसके खिलाफ कमेटी ने जिलाधिकारी के यहां अपील की, जो 2004 में खारिज हो गई। संबंधित पक्ष ने फिर मंडलायुक्त के यहां अपील की, लेकिन करीब 15 साल बाद 2019 में वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। इसी बीच, 2023 में मेडिकल कॉलेज बनने के बाद ये मजारें उसके परिसर में आ गईं। कमेटी ने पहले प्रशासन से इन्हें स्वयं हटाने की बात कही थी। नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने बताया कि बीते 10 जनवरी को संबंधित पक्ष को अवैध दस मजारों को 17 जनवरी तक हटाने का नोटिस दिया गया था। निर्धारित तिथि तक मजारें न हटाए जाने पर सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस बल की मौजूदगी में दस मजारों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल दो मजारें ही वैध रूप से वक्फ बोर्ड में दर्ज थीं, जिन्हें छोड़कर अन्य सभी मजारों को हटा दिया गया है।

### सामूहिक प्रयासों से बनेगा बाल श्रम मुक्त बहराइच : डीएम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बाल श्रम मुक्त बहराइच बनाने के लिए व्यापार संगठनों, ईंट भट्ठा एसोसिएशन, विभिन्न रेस्टोरेंट मालिकों का सहयोग बहुत जरूरी है। इन सभी उपक्रमों को न सिर्फ़ बाल श्रम मुक्त बहराइच बनाने का प्रण लेना होगा बल्कि अपने एसोसिएशन के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों में यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा काम ना करें। साथ ही बाल एवं किशोर प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिन अधिकारियों को बाल श्रम रोकने के लिए निर्गत किया गया है, उनको अपने क्षेत्रों में बाल श्रम मुक्ति के लिए अभियान चलाना होगा। यह बात श्रम विभाग, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट एवं रोजा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर विकास भवन सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यशाला से निकली कार्ययोजना को अमली जामा पहनाने के लिए विभिन्न विभागों को साथ में आना होगा। कार्यशाला में स्टेट रिसोर्स सेल के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने बाल श्रम कानून के साथ साथ विभाग की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया कार्यशाला का संचालन असिस्टेंट लेबर कमिश्नर सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान यह भी बताया गया कि राज्य स्तर पर ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट और श्रम विभाग के बीच पाँच आकांक्षी जनपदों को 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए एक लिखित सहमति हुई है। इसी क्रम में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की सहयोगी संस्था रोजा संस्थान बहराइच में श्रम विभाग के साथ कार्य रही है। कार्यशाला के दौरान बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति और नियमितता बनाने में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं ब्लॉक स्तरीय ग्राम एवं बाल कल्याण समिति को मजबूत कर बाल श्रम रोकने के लिए कार्य करना होगा। इस कार्यशाला में प्रथम संस्था, देहात इंडिया, अपराजिता, व्यापार मंडल, जनपद के विभागीय अधिकारी, व अन्य गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ट्रॉली हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत, ईंट भट्ठे पर मचा कोहराम

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत गंगवल बाजार स्थित हक ईंट उद्योग पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की ट्रॉली के नीचे दबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान कतन्नी पुत्र बल्लू, निवासी दमादन पुरवा के रूप में हुई है, जो गंगवल बाजार स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ढलान पर खड़ी थी। इसी दौरान मृतक का बड़ा भाई सद्दाम ट्रैक्टर को चलाने लगा। अचानक ट्रॉली पीछे की ओर लुढ़क गई और कतन्नी उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि हादसे के वक्त कतन्नी ने शोर भी मचाया, लेकिन कान में लगे एयरलिड के कारण चालक सद्दाम उसकी आवाज नहीं सुन सका। नतीजतन ट्रॉली कतन्नी को रौंदते हुए निकल गई। घटना के बाद परिजन व स्थानीय लोग घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही ईंट उद्योग परिसर में अफरा-तफरी मच गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महाविद्यालय में क्विज, वाद विवाद व रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में क्विज, वाद विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता संपन्न हुई।समारोह अधिकारी प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता की मुख्य प्रतियोगिता दिनांक 25.01.2026 को सम्पन्न होगी।



रंगोली प्रतियोगिता डॉ रचना श्रीवास्तव एवं मनीषा पाल के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई जिसके निर्णायक मंडल में प्रो ममता शर्मा, प्रो. शशिबाला एवं डॉ. स्मिता सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में 12 स्टूडेंट्स के 5 ग्रुप ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान वर्षा तिवारी एवं शालिनी नाग (एम ए प्रथम सेमेस्टर भूगोल) ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान लक्ष्मी देवी एवं गायत्री शर्मा( बी ए पंचम सेमेस्टर) वही तृतीय स्थान हर्षिता पांडे (बी एस सी पंचम सेमेस्टर) अंशिका श्रीवास्तव (एम ए फर्स्ट सेमेस्टर) अवंतिका जयसवाल (बी ए फर्स्ट सेमेस्टर) ने प्राप्त किया।

वही क्विज प्रतियोगिता डॉ परवेज़ आलम एवं योगेंद्र नाथ श्रीवास्तव के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। इसस्क्रीनिंग प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 10 प्रतिभागियों को मुख्य प्रतियोगिता के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है जिसकी मुख्य प्रतियोगिता 25 जनवरी को सम्पन्न होगी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ बैजनाथ पाल एवं डॉ अवधेश वर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही।

जबकि वाद विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम स्थान भूमि दूबे एवं द्वितीय स्थान दीप्ति एवं तृतीय स्थान हर्ष कुमार साहू ने प्राप्त किया वही विपक्ष में प्रथम स्थान दृष्टि श्रीवास्तव,द्वितीय स्थान मिलिंद मिश्रा एवं तृतीय स्थान संदीप तिवारी ने प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो जयशंकर तिवारी एवं डॉ पुष्यमित्र मिश्र की उपस्थिति रही। वही इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो मंशाराम वर्मा एवं डॉ हरीश कुमार शुक्ल सह संयोजक रहे।

समस्त प्रतियोगिता प्रभारी प्राचार्य प्रो बी पी सिंह के कुशल निर्देशन एवं गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

समस्त प्रतियोगिता में डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ परवेज़ आलम, डॉ इला तिवारी एवं डॉ श्रवण कुमार की उपस्थिति सराहनीय रही।

# रेलवे की जमीन पर सालों से किया कब्जा हटा

▸ रेलवे का सख्त संदेश : अब कब्जा नहीं, सिर्फ कानून चलेगा
▸ आखिर क्यों अब गरजा बुलडोजर

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



रेलवे की कीमती ज़मीन पर वर्षों से चल रहा खुला खेल अब जाकर सामने आया, जब रेलवे प्रशासन ने जेसीबी से अवैध दुकानों की झोपड़पट्टियों को जमींदोज़ किया। सवाल यह है कि जब यह कब्ज़ा सबकी नज़रों के सामने था, तब इतने सालों तक किसकी शह पर यह अतिक्रमण फलता-फूलता रहा? रेलवे द्वारा 10×10 फीट का सीमित अलॉटमेंट होने के बावजूद दुकानदारों ने बेखौफ होकर कई गुना ज़्यादा ज़मीन पर कब्ज़ा जमा लिया। मछली और मुर्गे की दुकानों की आड़ में रेलवे की भूमि पर स्थायी अवैध बाज़ार खड़ा कर दिया गया। बार-बार नोटिस दिए गए, कई बार हटाया गया, लेकिन हर बार कार्रवाई के बाद दोबारा वही कब्ज़ा – यह साफ़ इशारा करता है कि कहीं न कहीं संरक्षण ज़रूर मिला। रेलवे क्रॉसिंग के पास अतिक्रमण का सबसे बड़ा खामियाज़ा आम जनता को भुगतना पड़ा।

फाटक बंद होते ही मिहींपुरवा घंटों जाम में जकड़ा रहा। स्कूली बच्चों की बसें, नौकरीपेशा लोग और एंबुलेंस तक फंसी रहीं, लेकिन अवैध दुकानदारों को न कानून की चिंता थी, न लोगों की परेशानी की। आखिरकार रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर नीरज कुमार की अगुवाई में बुलडोज़र कार्रवाई शुरू हुई। प्रशासन ने साफ कर दिया कि यह सिर्फ शुरुआत है। चेतावनी के बाद भी जिन दुकानदारों ने कब्ज़ा नहीं हटाया, उनके खिलाफ दोबारा नोटिस चस्पा कर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान सीबीआई इंस्पेक्टर गोंडा उदयराज, आरपीएफ उप निरीक्षक प्रीति यादव (बहराइच), मिहींपुरवा पुलिस चौकी प्रभारी अशोक कुमार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी तरह की अराजकता न हो। अब सबसे बड़ा सवाल मिहींपुरवा की जनता पूछ रही है–क्या यह कार्रवाई स्थायी होगी या कुछ दिनों बाद फिर वही अवैध दुकानें रेलवे ज़मीन पर उग आएंगी? अगर इस बार भी प्रशासन पीछे हटा, तो यह कार्रवाई सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएगी। रेलवे का सख्त संदेश है – अब कब्ज़ा नहीं, सिर्फ कानून चलेगा।

# मिहींपुरवा में जाम नहीं, मौत का इंतजाम

▸ प्रशासन की लापरवाही से रोज खतरे में जान

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**




मिहींपुरवा आदर्श नगर पंचायत आज लखनऊ के अमीनाबाद की नकल बन चुकी है, फर्क सिर्फ इतना है कि यहाँ जाम परेशानी नहीं, सीधा मौत का कारण बन रहा है। रोज लगने वाला भीषण जाम राहगीरों, स्कूली बच्चों, बसों और आम जनता के लिए अभिशाप बन चुका है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह बेपरवाह और मूकदर्शक बना बैठा है।नगर पंचायत में न ट्रैफिक पुलिस है, न कोई नियम, और न ही जिम्मेदारों को जनता की जान की कोई चिंता।

हालात इतने बदतर हैं कि बहराइच जनपद का सबसे बड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा भी इस जाम की चपेट में है। एंबुलेंस जाम में घंटों फँसी रहती है, मरीज तड़पते रहते हैं और कई बार मजबूरी में एंबुलेंस के अंदर ही प्रसव कराना पड़ता है। इससे भी शर्मनाक यह है कि समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौतों की आशंका और घटनाएँ सामने आ चुकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बड़ी गाड़ियों के लिए वैकल्पिक मार्ग पहले से मौजूद है, तो फिर भारी वाहन कस्बे के अंदर क्यों घुस रहे हैं? इसका सीधा जवाब है–प्रशासन की नाकामी और मिलीभगत।

नियमों को ताक पर रखकर बड़ी गाड़ियाँ धड़ल्ले से नगर क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, जिससे हर दिन जाम का तांडव मचता है। स्कूली बच्चे देर से स्कूल पहुँचते हैं, मरीज अस्पताल नहीं पहुँच पाते, आम नागरिक घंटों सड़कों पर फँसे रहते हैं–लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आँखें मूँदकर कुर्सियों पर जमे हुए हैं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना या मौत के बाद ही जागेगा?

मिहींपुरवा की जनता अब जवाब चाहती है–क्या यहाँ जाम हटाने की कोई योजना है या लोगों की जान यूँ ही यू-टर्न लेती रहेगी?

# जनपद के विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज के एस आर मैरिज हॉल में आगामी 29 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में राम सतीश एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वीरेश सिंह, डॉ अरविंद सिंह, विजय सिंह, पवन सिंह, बंशीधर, भगवान दास, हिमांशु सिंह, बड़कऊ सिंह, उमेश सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। इसी क्रम में खण्ड तेजवापुर,बहराइच के संत पथिक विद्यालय के प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने कहा कि सनातन संस्कृति कभी जाति आधारित नहीं थी, अपितु कर्म आधारित थी। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज को संगठित करने की सामर्थ्य रखते हैं, वे घरों में बैठे हैं, इसी निष्क्रियता के कारण धर्मांतरण व जातिवादी

▸ 29 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए कैसरगंज में हुआ भूमि पूजन




राक्षस समाज को निगलने के लिए मुँह बाए खड़ा है। कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, ,सह खंड कार्यवाह प्रशांत, जिला जॉइनआरएसएस प्रमुख उत्तम सिंह, मोहन अवस्थी कपिल शुक्ला समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रही।पयागपुर नगर के भूपगंज बाजार स्थित सेंट जेवियर अकेडमी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र एवं आर्य समाज के विद्वान सूर्य देवगिरी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय जी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन के महत्व के बारे में लोगों को बताया उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन आदि के आदर्शों को अगर अपने जीवन में लागू किया जाए तो इससे सनातन से जुड़ा जा सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक सुभाष त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी , समय प्रसाद मिश्रा, कमलेश, हरेंद्र, निवेश अखिलेंद्र, अशोक, पवन सुधांशु, राजेश हेमंत, मंसाराम, विजय, जसवंत सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। चित्तौरा खंड के मसीहाबाद मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन महाराजा सुहेलदेव की पावन स्थल पर नदी के तट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा यशवेंद्र विक्रम सिंह व कार्यक्रम का संचालन जिला सेवा प्रमुख रमेश ने किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। मुख्य अतिथि डॉ दीनानाथ मिश्र ,विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक वासुदेव जी रहे। संयोजन राष्ट्रपति एवं राज्य पुरस्कार से सम्मानित श्याम कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में उपस्थित डॉक्टर श्वेता ने सनातन धर्म में नारियों के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ दीनानाथ मिश्र विमल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व को दिए गए ज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीमंगल दास अंकित शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु रहे। दूसरी तरफ डीहा मंडल में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां भी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। यहां पुष्पा चौधरी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व की अद्वितीय धरोहर है। हम सभी गौ गंगा और गीता को भारतीयता का प्रतीक मानते हैं। इस अवसर पर संयोजक आयुष जायसवाल, मनीष वर्मा, बैजनाथ चौधरी, परमार्थ चौधरी, खण्ड संघ चालक धनन्जय,खंड प्रचारक गौरव, पंकज, राजकुमार, शिव प्रताप सहित सैकड़ों हिन्दू मौजूद रहे।

### हिंदू-हिंदू भाई-भाई के नारे को चरितार्थ करें

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक वासुदेव ने पंच परिवर्तन के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदू समाज जात-पात को त्याग कर हिंदू हिंदू भाई-भाई के नारे को चरितार्थ करें। अध्यक्षीय वक्तव्य में यशवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि भारत का वास्तविक इतिहास हमें नहीं पढ़ाया गया। मोहम्मद गौरी को 17 बार परास्त होने का इतिहास छुपाया गया और युद्ध में हार के बाद भी तथाकथित व्यक्तियों द्वारा उसका महिमामंडन किया गया।

## पहली बार मतदाता बने युवाओं का भाजपा नेता सुमित सिंह ने किया सम्मानित



सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार मतदाता बने युवाओं को सम्मानित किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला मंत्री सुमित सिंह ने नवमतदाताओं को अंगवस्त्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सुमित सिंह ने कहा कि युवाओं का मत देश के भविष्य की दिशा तय करता है। उन्होंने नवमतदाताओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें और निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को मतदान के महत्व,नागरिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित युवाओं ने भी आगामी चुनावों में बढ़-चढ़कर मतदान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजयुमो के कार्यकर्ता, स्थानीय युवा व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अचलपुर चौधरी में 13वां वार्षिक क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम सम्पन्न

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**





राम जानकी मंदिर मैदान, पावन धाम अचलपुर चौधरी में आज सोमवार को आयोजित 13वां वार्षिक क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम अत्यंत श्रद्धा, शांति, अनुशासन एवं आध्यात्मिक वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर महात्मा दयाल चौधरी जी (सियागंज), साध संगत पावन धाम अंचलपुर चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। महात्मा जी के अमृतवचनों एवं आध्यात्मिक संदेशों से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे तथा समूचा वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु, साधक एवं संत-महात्माओं ने सहभागिता की। संत समागम के माध्यम से ईश्वर ज्ञान, मानवता, प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। समागम के साथ-साथ विशाल लंगर-भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। लंगर सेवा पूर्णतः स्वच्छ, अनुशासित एवं सेवा-भाव से सम्पन्न हुई, जिसकी सर्वत्र सराहना की गई। इस भव्य आयोजन के मुख्य आयोजक फूलचंद गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव वचन गुप्ता जी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। आयोजन को सफल बनाने में रविंद्र गुप्ता, पंकज गुप्ता, अजीत गुप्ता, संतोष गुप्ता, रामविलास उपाध्याय एवं राम अवतार सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर विश्व शांति, मानव कल्याण एवं समाज में आपसी सद्भावना की कामना के साथ संत समागम का विधिवत समापन किया गया।

# नेवादा में स्कूल जाने वाली सीसी सड़क जर्जर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



छात्रों को आवागमन में परेशानी

रेहराबाजार विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवादा में सादुल्लानगर पक्की सड़क से कंपोजिट विद्यालय नेवादा को जोड़ने वाली सीसी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।लगभग डेढ़ दशक पूर्व बनी यह सड़क जगह-जगह धंस गई है, जिससे राहगीरों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को रोजाना आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार,इस सड़क का निर्माण जिला पंचायत द्वारा करीब 15 वर्ष पूर्व कराया गया था। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं और कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे फिसलन और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कंपोजिट विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यही मार्ग गांव को मुख्य सड़क से जोड़ता है। जर्जर सड़क के कारण बच्चों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है, वहीं बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को भी जोखिम उठाना पड़ता है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

# समय सीमा में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य : केशव मौर्य

## परियोजना में देरी पर ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के 7 जनवरी को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशों का अनुपालन शुरू हो गया। ग्रामीणअभियंत्रण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के व्यय का पूरा विवरण प्रस्तुत किया गया है।

बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग हेतु 709.88 करोड़ रूपये का बजट प्राविधान किया गया है, जिसमें 35 लाख पूंजीगत मद में तथा शेष 709.53 करोड़ राजस्व मद में शामिल हैं। राजस्व मद में विभाग की मांग के सापेक्ष शासन द्वारा 431.03 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो कि कुल बजट का 60.74 प्रतिशत है। स्वीकृतियों के सापेक्ष विभागाध्यक्ष द्वारा 301.13 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई, जिसके सापेक्ष 7 जनवरी तक 215.19 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। व्यय की गति को और तेज करने तथा स्वीकृत धनराशि का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपयोग के निर्देश दिए गए कि उपलब्ध बचतों का उपयोग जनहितकारी कार्यों में किया जाएगा। कार्यालय व्यय मद की बचत से 2.30 करोड़ का पुनर्विनियोग ई-ऑफिस के संचालन हेतु प्रस्तावित है, जिस पर शासन स्तर पर आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग से परामर्शानुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त, निदेशालय में ई-ऑफिस संचालन के अंतर्गत अभिलेखों एवं पत्रावलियों के डिजिटलीकरण हेतु 2.07 करोड़ के पुनर्विनियोग का प्रस्ताव भी किया गया है। वेतन मद की बचत से 405 लाख के पुनर्विनियोग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जिसे वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

### विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए कि स्वीकृत धनराशि का समुचित पारदर्शी एवं समयबद्ध उपयोग किया जाए। जिन मदों में पुनर्विनियोग की आवश्यकता हो, वहां बचत के सापेक्ष समय से औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाएं, ताकि विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं का क्रियान्वयन बिना किसी अवरोध के किया जा सके। विकास से जुड़े कार्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता हैं और इन कार्यों में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डेडलाइन का पालन, परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आवंटित बजट का शत-प्रतिशत सही उपयोग हो सके। यदि किसी परियोजना में देरी पाई जाती है, तो न केवल ठेकेदार बल्कि संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जो ठेकेदार मानक के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं या अनावश्यक देरी कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर ब्लैकलिस्ट किया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दुग्ध समितियों का भुगतान समय पर किया जाए : धर्मपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधान भवन कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सख्त रूप से निर्देश दिये कि नोडल अधिकारियों द्वारा गोशाला के निरीक्षण के समय व्यवस्थाएं सही न पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए।

गोशालाओं के संचालन में अव्यवस्था, उदासीनता एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक गो आश्रय स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। पराग के माध्यम से पौष्टिक पशु आहार गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए। गौशालाओं को गोद लेने हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाए। गौशालाओं में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाये जाए। पशुओं हेतु दवाई एवं वैक्सीन का उचित प्रबंध किया जाए। जनपद के नोडल अधिकारी गो आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।



- गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्था सही न मिली तो नपेंगे अधिकारी
- पराग के माध्यम से गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए पौष्टिक पशु आहार

गोवंश के ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ठंड में चारा, भूसा या दवाओं के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हरे चारे एवं पशुआहार की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए। 76 प्रतिशत बजट व्यय किये जाने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया गया कि शेष बजट शीघ्र ही योजनाओ हेतु अवमुक्त कर दिया जाए।

## खबरें एक नजर में

### नगर निगम के कर्मचारियों का प्रदर्शन, मांग नहीं पूरा होने पर जमकर हुई नारेबाजी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने 10 सूत्री मांगों पर सरकार को कड़ा अल्टीमेटम दिया है। कर्मचारियों ने सोमवार को लखनऊ नगर निगम पर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। मौके पर कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके साथ ही प्रशासन से मांगों को पूरा करने की मांग की गई। कर्मचारी नेता शशि मिश्रा ने बताया नगर विकास मंत्री और प्रमुख सचिव को ज्ञापन भेजा गया है। इसमें पुराने मांग पत्रों का समाधान न होने से गुस्सा भरा है। उन्होंने कहा कि ज्ञापन के बाद भी आदेश नहीं आ रहा है। 18 फरवरी तक जनजागरण चलाया जाएगा। इसके बाद 19 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। वर्षों से सफाईकर्मी और अन्य स्टाफकी समस्याएं लंबित हैं। महासंघ ने चेतावनी दी है कि समय रहते फैसला न लिया गया तो शहरों की सफाई व सेवाएं ठप होंगी। सरकार से तुरंत कार्रवाई की अपील है।

### `फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में डिलीवरी ब्वाय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पेड़ से लटका देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान के लिए टीम लगा दी गई है। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित कनक सिटी क्रिकेट ग्राउंड के पास सड़क किनारे लगे एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही ठाकुरगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जन सहयोग से शव को फंदे से नीचे उतरवाया और आसपास मौजूद लोगों व क्षेत्रीय निवासियों से पूछताछ की लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। सोमवार सुबह मछरेटा सीतापुर निवासी विपिन मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा थाने पहुंचकर चचेरे भाई की गुमशुदा होने की सूचना दी। इस पर मोर्चरी लाकर शिनाख्त कराई तो विपिन ने मृतक की पहचान अपने चचेरे भाई कुलदीप मिश्रा (20) पुत्र नरेंद्र मिश्रा के रूप में की। विपिन ने बताया कि कुलदीप मिश्रा ठाकुरगंज के जयराम नगर में अपने जीजा ज्ञानेन्द्र शुक्ला के मकान में रह रहा था और ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था। रविवार रात बिना बताए घर से चला गया था। काफी खोजने के बाद पता नहीं चला तो थाने गए। तब घटना की जानकारी हुई। मामले में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### लकड़ी से भरी पिकअप पलटी, ई-रिक्शा सवार दो साल के बच्चे समेत सात लोग घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। लक्की धर्मकांटा के पास लकड़ी के प्लाईबोर्ड से लदी महिंद्रा पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और सामने से गुजर रहे ई-रिक्शा पर जा गिरी। हादसे में ई-रिक्शा सवार 7 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 साल का मासूम भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे पिकअप बोलेरो (डाला) यूपी 30 बीटी 0474 तेज रफ्तार में था। अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया। पलटते ही पास से गुजर रहा ई-रिक्शा (यूपी 32क्यूटी 1544) उसकी चपेट में आ गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के चलते सड़क पर जाम लग गया। आने जाने वाले रास्ते पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने के कुछ देर बाद वाहनों को हटवाकर आवागमन सामान्य कराया गया। सूचना मिलते ही मलिहाबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद पहुंचाया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

### ओवरहेड टैंक सफाई, कई इलाकों में शाम की जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग द्वारा शहरवासियों को सूचित किया गया है कि जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जोन-5 के अंतर्गत आने वाले चन्दर नगर सी.डब्ल्यू.आर (ओवरहेड टैंक) की नियमित सफाई का कार्य मंगलवार, 20 जनवरी 2026 को किया जाएगा। यह सफाई कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जलकल विभाग के अनुसार, चन्दर नगर, ओमनगर, जयप्रकाशनगर (आंशिक) रामनगर, अमरुदहीबाग, भिलावां, शक्तिनगर, कुरियाना, अर्जुननगर, पूरननगर (आंशिक), ऋषिनगर (आंशिक), पुराना सरदारीखेड़ा सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है। टैंक की सफाई के कारण इन क्षेत्रों में 20 जनवरी को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।जलकल विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए आवश्यकतानुसार पीने के पानी का पूर्व में ही भंडारण कर लें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सफाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात अगले दिन प्रात:काल से जलापूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# विवादित पोस्ट मामले में हजरतगंज थाने पहुंचीं नेहा सिंह राठौर

- जांच में सहयोग का दिया आश्वासन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में सोमवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के सिलसिले में पुलिस के सामने पेश हुईं। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई हुई है और उन्हें निर्देश दिया था कि वे जांच अधिकारी के सामने निर्धारित समय पर हाजिर हों और जांच में सहयोग करें। नेहा सिंह राठौर इस आदेश का पालन करते हुए सुबह 11 बजे थाने पहुंचीं। उन्होंने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, मुझे सुप्रीम कोर्ट ने 19 जनवरी को सुबह 11 बजे हजरतगंज पुलिस स्टेशन में जांच अधिकारी के सामने पेश होने का आदेश दिया था। मैं उसी आदेश का पालन करने यहां आई हूं। मैं न्यायिक प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दूंगी।



दरअसल, मामला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ा है, जिसमें पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। इस घटना के बाद नेहा सिंह राठौर ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर कुछ पोस्ट और गाने साझा किए। इनमें सबसे विवादित गाना था, चौकीदारवा कायर बा, जिसे उन्होंने मई 2025 में प्रस्तुत किया। इस गाने में कथित तौर पर भाजपा सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं, जिसके बाद वाराणसी और लखनऊ में कई एफआईआर दर्ज की गईं। अकेले लंका थाने में ही 318 शिकायतें दर्ज की गईं और कुल मिलाकर 500 से अधिक शिकायतें विभिन्न थानों में पहुंचीं। नेहा के खिलाफ आरोप था कि उनके गानों और पोस्ट ने देश की अखंडता को नुकसान पहुंचाने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि नेहा की पोस्ट और गाने पाकिस्तान में भी व्यापक रूप से साझा किए गए और भारत की आलोचना के लिए वहां के मीडिया द्वारा इस्तेमाल किए गए। इस मामले में हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इससे पहले नेहा सिंह राठौर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एफआईआर रद्द करने और अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी, लेकिन लखनऊ बेंच ने 5 दिसंबर 2025 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें नोटिस भेजकर हजरतगंज थाने में पेश होने के लिए कहा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी और स्पष्ट किया कि वह जांच में सहयोग करें।

# यूपी विधानसभा में शुरू हुआ अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज यूपी विधानसभा में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। विभिन्न समितियों की बैठकें की गई।कार्यक्रम में अगले दिन 20 जनवरी को सत्र के दौरान एजेंडा बिंदुओं पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। सम्मेलन के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 21 जनवरी को समापन सत्र में विभिन्न संवैधानिक पदाधिकारियों का संबोधन होगा। इस सम्मेलन के बाद 22 जनवरी को प्रतिभागी



अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन करने के साथ ही राम नगरी का भ्रमण करेंगे।इसके बाद 23 जनवरी को प्रतिनिधियों का प्रस्थान होगा। पीठासीन अधिकारियों का यह सम्मेलन लखनऊ में चौथी बार हो रहा है।विधानसभा में बने मंच पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय मौजूद रहे।

# यूपी में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में फ्री एडमिशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर नि:शुल्क दाखिले की प्रक्रिया को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) कार्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1 पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी, जिसमें आवेदन, सत्यापन, लॉटरी और दाखिले की अंतिम तिथि तय की गई है।

**दो फरवरी से शुरू होगा ऑनलाइन आवेदन**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के स्तर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पहले चरण में ऑनलाइन आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इसी अवधि में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीध्नामित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की जांच व सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 18 फरवरी को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए चयन होगा, जबकि चयनित बच्चों को संबंधित निजी विद्यालयों में 20 फरवरी 2026 तक दाखिला दिलाया जाएगा। दूसरे चरण में आवेदन की तारीख 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस चरण में 09 मार्च 2026 को लॉटरी निकाली जाएगी और विद्यालयों को 11 मार्च 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। वहीं तीसरे चरण में ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च 2026 के बीच होंगे। लॉटरी 27 मार्च 2026 को होगी और 29 मार्च 2026 तक दाखिले का कार्य पूरा कराया जाएगा।

निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि ऑनलाइन आवेदन शुरू होने से पहले मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की सूची, सीटों का विवरण और क्षमता को जनपद स्तर पर अपडेट किया जाए। साथ ही जनपद में नोडल अधिकारी नामित कर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चों तक योजना की जानकारी पहुंच सके।

ऑनलाइन आवेदन के लिए अभिभावकों को आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित जरूरी दस्तावेज पहले से तैयार रखने को कहा गया है। शासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी और पात्रता के आधार पर पूरी कराई जाए, ताकि वंचित व जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा का लाभ समय पर मिल सके।

# नगर निगम पर पार्षद धरने पर बैठे, बोले- पार्क से हटे ओपन जिम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लालबहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के लवकुशनगर पार्क में ओपन जिम लगाने और पौधारोपण करने का स्थानीय पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि ने विरोध कर दिया। लालबाग मुख्यालय में स्थानीय लोगों के साथ इकट्ठा होकर पार्षद ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

मौके पर नगर निगम मुर्दाबाद, पार्क से ओपन जिम हटाओ, लवकुश नगर एकता जिंदाबाद के नारे लोगों ने लगाए। पार्षद शैलेंद्र वाल्मीकि ने बताया बद्री प्रसाद वाल्मिकानंद स्थल एक सार्वजनिक स्थान है। यहां स्थानीय निवासियों द्वारा धार्मिक,



सामाजिक और पारिवारिक आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। इसी सार्वजनिक स्थल पर स्थानीय बच्चे खेलते हैं। इस स्थान के अतिरिक्त अन्य कोई सार्वजनिक स्थान नहीं है। कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा नगर निगम प्रशासन के समक्ष गलत तरीके से तथ्यों को रखकर उस स्थान पर बच्चे खेल न सकें। इसलिए बीचो-बीच कटीले पेड़-पौधे, क्यारी और ओपन जिम लगवाने का कार्य कराया जा रहा है। इसके कारण स्थानीय निवासियों को अत्यंत आपत्ति है। स्थल के 200 मीटर की दूरी पर पूर्व से ओपन जिम स्थापित है। स्थानीय निवासी सफाई कर्मचारी कम आय वर्ग के हैं। उनके लिए इस स्थान के अतिरिक्त कोई अन्य स्थान नहीं है।

जयराम कन्नौजिया ने कहा कि मलिन बस्ती में सुविधा नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीचों बीच में लगाए गए पेड़ पौधों, क्यारियों व ओपन जिम को अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कर उक्त स्थान पर सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कराने की कृपा करें। इससे आसपास के निवासियों को अपने धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों शादी विवाह करने में काफी सुविधा मिलेगी और नगर निगम की आय में वृद्धि होगी।

# जनता दर्शन में आई महिला ने सुनाया दुखड़ा

- सीएम योगी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन में आई एक महिला की फरियाद सुनकर पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए हर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बताया



कि लखनऊ निवासी सीमा अपनी दो बच्चियों के साथ सोमवार को जनता दर्शन में पहुंची और मुख्यमंत्री को बताया कि पति व ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया, ऐसे में उन्हें बच्चियों को लेकर दर-दर भटकना पड़ रहा है।

बयान में कहा गया कि महिला ने मुख्यमंत्री से ससुराल में रहने की जगह दिलाने के लिए गुहार लगाई। साथ ही, बच्चों के पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की मांग करते हुए न्याय की प्रार्थना की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस आयुक्त को मामले में तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन में अपने माता-पिता के साथ आए सभी बच्चों को चॉकलेट दी और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस, बिजली विभाग के साथ ही आर्थिक सहायता से जुड़े कई प्रकरण भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी से मिलकर उनके प्रार्थनापत्र लिये और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर प्रकरण की जांच कराकर फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

### पंकज चौधरी ने जताया शोक



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पत्रकार हर्ष वर्धन त्रिपाठी की पूज्य माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

**सराहनीय**

**तेल अवीव में बजेगा भारत का डंका**

# इजराइल में दिखेगी उत्तर प्रदेश की साइबर शक्ति

- साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026 में साइबर टेक्नोलॉजी समझाएंगे यूपी के सुपर कॉप
- इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर होगा फोकस
- सम्मेलन में जुटेंगे अमेरिका, यूरोप, एशिया से 20 देशों के साइबर एक्सपर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा मंचों में शुमार साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026 में इस बार भारत विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश की साइबर ताकत दुनिया के सामने होगी। 26 से 28 जनवरी तक तेल अवीव, इजराइल में आयोजित होने जा रहे।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूपी के साइबर सिंघम वैश्विक मंच पर भारत की साइबर सुरक्षा क्षमता, तकनीक व अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में भारत से दो दिग्गज चीफ मेंटर के रूप में शामिल हो रहे हैं। भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर और उत्तर प्रदेश से एशिया के साइबर कॉप कहे जाने वाले प्रो. त्रिवेणी सिंह शामिल हैं। दोनों विशेषज्ञ दुनिया के शीर्ष साइबर वैज्ञानिकों व नीति निर्माताओं के समक्ष साइबर सुरक्षा की बारीकियां और अपनाई जा रही तकनीक को प्रस्तुत करेंगे। तेल अवीव में होने जा रहे इस वैश्विक जमावड़े में अमेरिका, जापान, स्पेन, इटली, इंग्लैंड, जर्मनी, साइप्रस, स्कॉटलैंड, वेल्स व उत्तरी आयरलैंड, रोमानिया, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात, बेल्जियम, लातविया, नीदरलैंड, अल्बानिया, उरुग्वे, हंगरी समेत अन्य देशों के दिग्गज जुटेंगे। यूपी में साइबर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार एआई व साइबर सिक्योरिटी को प्रशासनिक तथा शैक्षणिक ढांचे का अहम हिस्सा बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्क वेब, साइबर अपराध और आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। प्रो. त्रिवेणी सिंह जागरूकता के लिए साइबर सेफ उत्तर प्रदेश अभियान चला रहे हैं। अब इजराइल में 20 से अधिक देशों के बीच वह यूपी में साइबर सिक्योरिटी को लेकर किए जा रहे इनोवेटिव उपायों की जानकारी देंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर चर्चा करेंगे। प्रो. त्रिवेणी सिंह अपने 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर बताएंगे कि किस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी और टेक्नोलॉजी आधारित अपराधों से निपटने के लिए मजबूत सिस्टम खड़ा किया है। माधवन उन्नीकृष्णन नायर भारत के राष्ट्रीय साइबर फ्रेमवर्क और नीति अनुभव को वैश्विक मंच पर साझा करेंगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगे। भारत और दुनिया के 20 देशों के बीच साइबर सिक्योरिटी सहयोग, टेक्नोलॉजी साझेदारी, साइबर बिजनेस की संभावनाओं पर मंथन होगा। सम्मेलन में अमेरिका से यूरोप और एशिया तक के साइबर एक्सपर्ट्स का जमावड़ा रहेगा। यह सम्मेलन भारत की साइबर शक्ति को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ देश को भविष्य का ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी हब बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। भारत के लिए नए अवसर, साइबर सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप, बिजनेस संभावनाओं पर विशेष तौर पर चर्चा की जाएगी।

# खराब मौसम : लखनऊ एयरपोर्ट पर कई उड़ानें लेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में मौसम की खराबी और कोहरे की वजह से एक बार फिर हवाई यातायात प्रभावित हुआ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सोमवार को आने और जाने वाली कई घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अपने तय समय से देरी से संचालित हुईं। इससे यात्रियों को एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ा।

सुबह से ही उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव देखने को मिला। एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि, कम दृश्यता के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में देरी करनी पड़ी। मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान एक्सआई-1026 सुबह 8.35 बजे पहुंचनी थी, लेकिन यह 10.05 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

रियाद से आने वाली फ्लाइट



- मुंबई, रियाद, जेद्दा व दुबई से आने वाली उड़ानों की लैंडिंग में देरी

एक्सवाई-333 निर्धारित समय 9.00 बजे के बजाय 11.43 बजे पहुंचेगी। इसी तरह जेद्दा से आने वाली सऊदिया एयरलाइंस की उड़ान एसवी-890 भी देरी का शिकार रही और 10.30 बजे की जगह 11.15 बजे लैंड होगी। दुबई से आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-194 भी तय समय से करीब 50 मिनट देरी से 12.21 बजे लखनऊ पहुंचेगी। प्रस्थान करने वाली उड़ानों पर भी कोहरे का असर साफदिखा। लखनऊ से रियाद जाने वाली फ्लाइट एक्सवाई-334 सुबह 10.00 बजे के बजाय 12.55 बजे रवाना हो सकी। वहीं जेद्दा के लिए उड़ान भरने वाली सऊदिया एयरलाइंस की फ्लाइट एसवी-891 को भी इंतजार करना पड़ा और यह 12.05 बजे की जगह 12.45 बजे उड़ान भर सकी। उड़ानों में देरी के कारण यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा। कई यात्रियों की आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट भी प्रभावित हुई।

एयरपोर्ट और एयरलाइंस स्टाफकी ओर से लगातार अनाउंसमेंट कर यात्रियों को स्थिति की जानकारी दी जाती रही। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए यात्रा से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर जांच लें।

## खबरें एक नजर में

### लापता महिला को पुलिस ने किया बरामद, ढाई माह पूर्व ससुराल जाने को निकली थी घर से

तिलहर-शाहजहाँपुर। ढाई माह पूर्व ससुराल जाने को घर से निकली विवाहिता के लापता होने के मामले उक्त महिला को नगर के पुराने रोडवेज से बरामद करते हुए वहीं उसके संरक्षण दाता को भी हिरासत में ले लिया है। बता दें कि नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी सुषमा पत्नी स्व. हरिश्चन्द्र द्वारा उसकी बेटी ऋचा 35 पत्नी संजय सिंह के तिलहर चौराहे से बस द्वारा अपनी ससुराल मोहल्ला हथौड़ा गांव शाहजहाँपुर जाने को निकलने के बाद लापता हो जाने की बीती 18 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी । जिसे पीड़ित मां सुषमा के एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र उपरांत 29 दिसंबर को एफआईआर में तरमीम कर दी गई थी। तीन दिन पूर्व लापता ऋचा को पुलिस ने पुराने रोडवेज के समीप से बरामद कर लिया। पूंछताछ में ऋचा ने नगर के ही मोहल्ला कुंवरगंज में इतने दिन तक रहने की बात बताई। इसी क्रम में पुलिस ने ऋचा को रखने वाले युवक को भी हिरासत में ले लिया है। एसआई नितिन कुमार ने बताया कि ऋचा को फिलहाल वन स्टॉप सेंटर पर रखा गया है। कोर्ट में बयानों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### अध्यक्ष पर तीन, महासचिव पद पर पांच दावेदार, बार एसोसिएशन वार्षिक चुनाव शुरू

तिलहर - शाहजहांपुर। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए तीन एवं महासचिव पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं । नाम वापसी के बाद 24 जनवरी को मतदान होगा। महासचिव राजीव सिंह चौहान ने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह व शिवपाल सिंह, महासचिव पद के लिए राहुल देव सागर, धर्मेंद्र पाल सिंह, महेंद्र कनौजिया, श्याम पाल राठौर एवं ज्ञानेंद्र प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष पद के लिए महेश कुमार भारती शिवकुमार सिंह देवेंद्र पाल यादव प्रशांत बाबू एवं विनीश कुमार, उपाध्यक्ष पद के लिए इमरान अख्तर, सत्यपाल, अखिल कुमार मौर्य व विनीश कुमार, संयुक्त सचिव पद के लिए राघवेंद्र सिंह राजीव कुमार गंगवार अर्पित कुमार द्विवेदी एवं जीवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए उदय प्रताप सिंह एवं अरुण कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

### महिलाओं-छात्राओं को किया जागरूक



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के दृष्टिगत महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण के लिए वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,वन स्टाप सेन्टर,181 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108 आदि जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं व छात्राओं को जागरुक किया गया।

### काशी के घाटों पर ध्वस्तीकरण के विरोध में आज आप का प्रदर्शन-ज्ञापन

शाहजहांपुर। काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण, धार्मिक आस्था पर हो रहे हमले तथा दोषियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कारवाई किए जाने के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर आज मंगलवार को 1:30 बजे राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपेंगे। उक्त जानकारी पार्टी जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने दी।

### नियमों को ताक पर रखकर बच्चों की जान से खिलवाड़, अवैध स्कूल वैन पर उठे सवाल



खुटार,शाहजहांपुर। जनपद के खुटार कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे की मुख्य सड़क पर एक स्कूल वैन बच्चों के आवागमन में प्रयोग होती देखी गई, जिसकी तस्वीर सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। तस्वीर में दिखाई दे रहा वाहन स्कूल वैन के रूप में संचालित बताया जा रहा है। नियमों के अनुसार स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों के लिए विशेष सुरक्षा मानक तय हैं। इनमें वाहन की बनावट, सुरक्षा उपकरण, संकेतक और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। हालांकि, सामने आई तस्वीर के आधार पर यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या संबंधित वाहन सभी आवश्यक मानकों को पूरा करता है या नहीं। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी जनपद में मानकविहीन वाहनों के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के मामलों में संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर जांच और कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। इस संबंध में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान चलाए जाने की बात कही जाती रही है। अब जरूरत है कि इस मामले को भी संज्ञान में लेकर आवश्यक जांच की जाए, ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आर्य समाज व मानव सेवा कल्याण समिति ने किया यज्ञ



तिलहर - शाहजहांपुर। यज्ञ देवताओं का मुख है। यज्ञ में डाला गया पदार्थ अणुओं और परमाणुओं में विभाजित होकर समस्त संसार को प्राप्त हो जाता है । वहीं यज्ञ करने से सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। नगर के मोहल्ला इमली स्थित वाल्मीकि मंदिर में आर्य समाज और मानव सेवा कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित यज्ञ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य ने कहा कि यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है यज्ञ करने वाले किसी भी क्षेत्र में पराजित नहीं होते हैं। भगवान राम और कृष्ण सभी यज्ञ किया करते थे हम सभी को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए। दासीराम आर्य और बाबा शंभुनाथ ने सभी को वेदों के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए निराकार ईश्वर की उपासना पर बल दिया। यज्ञ के शुभारंभ पर गुरुप्रसाद ने पत्नी महादेवी के साथ यजमान के रुप में यज्ञ किया। यज्ञ के उपरांत दिलीप कुमार वाल्मीकि ने ईश्वर भक्ति के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर बाबा शम्भुदेव आर्य , दसीराम आर्य , मदनलाल , अंकित , गोधनलाल ,गुलाल देवी सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

# एसपी ग्रामीण व एसडीएम ने संयुक्त रूप से सुनीं जन शिकायतें

▶ प्राप्त 19 शिकायतों में एक का भी नहीं हो सका मौके पर निस्तारण

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को तहसील कलान में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अत्यंत भव्य,शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवरे अरुण,उपजिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह तथा तहसीलदार सृजित कुमार ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रकरणों की गंभीरतापूर्वक सुनवाई की। समाधान दिवस में 19 शिकायतें प्राप्त हुई।मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।प्राप्त शिकायतों में राजस्व व पुलिस विभाग की 09,राजस्व विभाग की 07,तथा 03 पुलिस विभाग से संबंधित थीं।

इसके अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कलान शिवदीन वर्मा,प्रभारी निरीक्षक परौर राजेन्द्र कुमार रावत एवं थानाध्यक्ष मिर्जापुर सोनी शुक्ला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपनी-अपनी क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेते रहे तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए निस्तारण प्रक्रिया में सक्रिय योगदान देते रहे।इस दौरान राजस्व निरीक्षक गण,लेखपाल गण एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा जनता की प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित को समयबद्ध कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । कई प्रकरणों में मौके पर ही समाधान हेतु कदम उठाए गए तथा कुछ मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

### सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, कुल 21 में से पांच मामलों का हुआ निस्तारण




तिलहर-शाहजहांपुर। सीडीओ अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया । वहीं विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर दर्ज 21 में से पांच शिकायतों का निस्तारण किया जा सका। इस मौके पर शिकायतों, प्रार्थना-पत्रों एवं समस्याओं में राजस्व, पुलिस, विद्युत, स्वास्थ्य, नगर निकाय, सामाजिक पेंशन, आवास, राशन, सड़क, पेयजल समेत विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर सीडीओ ने तत्काल निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए । त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश। जिन मामलों में विस्तृत जांच अपेक्षित थी, उन्हें समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को सुपुर्द किया गया। राजस्व व पुलिस से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकरणों में अधिकारियों ने स्वयं अभिलेखों का परीक्षण कर त्वरित कार्रवाई कराई। जन-हित में प्रशासन की प्रतिबद्धता अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूर्ण उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। समाधान दिवस में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एसडीएम सदानंद सरोज, सीओ ज्योति यादव ने भी जन समस्याओं को सुना । और अधीनस्थों को निस्तारण के निर्देश दिए।

### डीएम व एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं



पुवायां, शाहजहांपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी राजेश द्विवेदी ने जनता की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का निस्तारण करने को कहा। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में 96 शिकायतें आई जिसमें 53 राजस्व विभाग, 9 विकास विभाग, 1 विकास, 2 समाज कल्याण, 16 पुलिस 16 अन्य शिकायतें आई। जिसमे डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी राजेश द्विवेदी ने 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। साथ ही अधिकारियों पर सख्त रवैया अपनाकर जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण करने के लिए कहा। साथ ही कहा अगर जनता को बार बार चक्कर लगवाने बाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी इसलिए जनता की जो भी समस्या आए उसे जल्द ही निस्तारण कराया जाए ताकि समाधान दिवस पर फरियादियों की लंबी कतार न लगे ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीओ प्रवीण मालिक, एसडीएम चित्रा निर्बाल, सीएमओ, तहसीलदार समेत प्रत्येक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता रामबहोरन यादव का निधन, दी श्रद्धांजलि



तिलहर - शाहजहांपुर। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं यादव महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामबहोरन सिंह यादव का इलाज के दौरान निधन हो गया। दोदाराजपुर मोक्षधाम पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र सक्सेना एवं महासचिव राजीव सिंह चौहान के नेतृत्व में वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे। और शोकसभा कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जितेंद्र प्रताप सिंह, राहुल देव सागर, विनोद सिंह, नागेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, श्रवण कुमार सिंह, इमरान अख्तर, राघवेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, संजय यादव, मानसिंह यादव आदि वकील मौजूद रहे।

## मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में भरी हुंकार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर स्थित माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्तियों को ध्वस्त कर अभी तक वही मलबे में पड़ने रहने पर कांग्रेस ने ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि इस लापरवाही की पूरी जांच करवाकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए, मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होलकर मूर्ति की स्थापना एवं घाटों के सौंदर्यकरण का कार्य काशी के सम्मानित धर्माचार्यों एवं काशीवासियों के साथ विचार विमर्श के उपरांत ही कराया जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से ज़िला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी, कृष्ण विनोद मिश्रा,जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, बी एन सिंह यादव, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, राकेश मिश्रा, प्रमोद पांडे, बिंदेश्वरी राज, अरुणोद मिश्रा, संतोष गुप्ता,धीरेन्द्र पाल, अखलेश पाल,कमल किशोर मिश्रा,शोएब अंसारी,परवेज अहमद, लक्ष्मीकांत मिश्रा, सईद अंसारी, डॉक्टर फहाद अली,संतोख सिंह सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यातायात जागरूकता अभियान, नियम पालन करने वालों को गुलाब देकर किया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जीईसी चौराहे पर मेरा युवा भारत शाहजहांपुर के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत यातायात पुलिस एवं मानवता वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना रहा।अभियान के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चला रहे राहगीरों को गुलाब भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की गाड़ियों पर स्टीकर लगाकर उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। इस अवसर पर नवीन यातायात प्रभारी बच्चू सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों में नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा रही है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क सुरक्षा माह को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम में नवीन यातायात प्रभारी बच्चू सिंह, यातायात एसआई विनय पांडे सहित यातायात पुलिस कर्मी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। साथ ही मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव, संस्था के सदस्य नीरा श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, पहलवान यादव एवं मेरा युवा भारत शाहजहांपुर से मुकेश सिंह परिहार, देवेश कुमार, हिमांशु आदि ने राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित, संयमित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

## साहब, आठ महीने हो गए लेकिन पुलिस अभी तक नहीं कर सकी चोरी का खुलासा

▶ पीड़ित परिवार आठ महीने से काट रहा कोतवाली के चक्कर



**पुवायां, शाहजहांपुर।** आठ माह पूर्व गांव बेला छेदा में अज्ञात चोरों एक मकान में लाखों रुपए रुपए की उड़ाए थे। जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी लेकिन अभी तक पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा नही कर सकी है। पीड़ित परिवार ने समाधान दिवस पर एसपी को पत्र देकर कहा साहब, पुलिस ने अभी तक खुलासा नही कर पाई है। जिसके बाद एसपी ने सीओ ओर कोतवाल को बुलाकर जल्द चोरी का खुलासा करने को कहा। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर गांव बेला छेदा निवासी प्रदीप मिश्रा ने एसपी राजेश द्विवेदी को पत्र देकर बताया कि साहब, 27 मई की रात अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर अलमारी का ताला तोड़कर एक सोने की चेन मय पेंडिल, लाकेट, दो अगूंठी, कान की झुमकी, एक जोड़ी नाक की बाली, सोने की नथ व झाले व दो चांदी के सिक्के, पायल व कमर बिछुआ आदि सामान चोरी कर ले गए थे। जिसके बाद अगली सुबह कोतवाली आकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में सीओ व एसओजी की टीम ने जांच की लेकिन पुलिस ने अभी तक खुलासा नही कर सकी है।

### पीड़ित ने पुलिस पर चोरों से साठगांठ का लगाया आरोप

पुवायां। गांव बेला छेदा निवासी प्रदीप मिश्रा ने एसपी राजेश द्विवेदी कप दिए हुए पत्र में बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित से पूछा कि अगर गांव में किसी पर शक हो तो बताओ जब उन्हें दो चोरों के नाम बताए उन्हें पुलिस ने कोतवाली में बुलाया ओर उनसे सांठगांठ करके उन्हें छोड़ दिया है। पीड़ित ने कहा कि कोतवाली के कई चक्कर लगा चुके है लेकिन पुलिस सुनने के लिए तैयार नही है। चोरी के खुलासे के आठ महीने से आश्वासन दे रहे है मगर अभी तक चोरी का खुलासा नही हो सका है। जिसके बाद एसपी ने कोतवाल रवि करन से जल्द चोरी का खुलासा करने के लिए कहा।

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, शाहजहांपुर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसका निर्देशन डॉ. अरुण कुमार यादव कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग एवं शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा नशे में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार आजाद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। डॉ. अरुण कुमार यादव एवं स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक समाज को यह सशक्त संदेश देता है कि थोड़ी-सी सावधानी अनेक जिंदगियाँ बचा सकती है। कॉलेज भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। नुक्कड़ नाटक में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से आम जनता को यह समझाया कि यातायात नियमों की अनदेखी जानलेवा हो सकती है। नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। डॉ. अरुण कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ करें अधिकारी: एसडीएम

▶ सदर तहसील दिवस में 24 निकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। जिसमें जनहित शिकायतों का जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण किया गया। इसी क्रम में सदर तहसील में एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्व, बिजली, नगर निगम, सप्लाई विभाग समेत अन्य विभागों से संबधित शिकायतें आई। जिनमें में कुल 24 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण एसडीएम ने किया और शेष शिकायतों के निस्तारण को अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाली प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण किया जाए। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कोतवाली, सदर बाजार, आरसी मिशन थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति का बीएसए कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन

▶ उत्पीड़नात्मक समायोजन निरस्त करने की मांग, अटेवा ने किया आन्दोलन का समर्थन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति (बेसिक) के बैनर तले आज सोमवार को सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रातः 11 बजे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना एवं जोरदार प्रदर्शन किया। यह धरना बेसिक शिक्षा परिषद के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों के साझा मंच के अंतर्गत आयोजित किया गया। धरना-प्रदर्शन के उपरांत संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी शाहजहाँपुर को ज्ञापन सौंपते हुए जनपद में किए गए अन्तः जनपदीय शिक्षक समायोजन एवं स्थानांतरण को असंवैधानिक, नियमविरुद्ध एवं न्यायालयी आदेशों की अवहेलना बताते हुए तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि हाल ही में किए गए शिक्षक समायोजन माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के विपरीत हैं।

शिक्षक संगठनों ने बताया कि माननीय न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों के बावजूद प्रधानाध्यापकों सहित वरिष्ठ व कनिष्ठ शिक्षकों का समायोजन कर दिया गया।

शिक्षकों का कहना है कि लास्ट में आया वह पहले जायेगा सिद्धांत को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किए जाने के बावजूद उसी आधार पर समायोजन किया गया, जो सीधे तौर पर न्यायालय की अवमानना है। 2024 के निर्णय की गलत व्याख्या कर उसे स्थानांतरण से जोड़ दिया गया, जबकि वह केवल वेतन एवं तथ्यात्मक सत्यापन तक सीमित था। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि यह समायोजन उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली, 1981 के नियम 21 का उल्लंघन है। शिक्षक की सहमति अथवा अनुरोध के बिना स्थानांतरण नहीं किया जा सकता,



इसके बावजूद शिक्षकों की सहमति के बिना सामूहिक रूप से समायोजन कर दिया गया। धरने में यह भी कहा गया कि समायोजन प्रक्रिया में 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग शिक्षकों, गंभीर बीमारी से ग्रस्त शिक्षकों, महिला शिक्षिकाओं को भी नहीं बख्शा गया, जिससे उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन हुआ। शिक्षामित्रों की गणना को भी असंवैधानिक बताते हुए कहा गया कि माननीय उच्च न्यायालय पहले ही शिक्षामित्रों और सहायक अध्यापकों को समान मानने को गलत ठहरा चुका है। शिक्षक नेताओं ने शासनादेश की मंशा के विपरीत कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शासनादेश दिनांक 14 नवंबर 2025 का हवाला देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षक-विहीन व एकल शिक्षक विद्यालयों में न्यूनतम दो शिक्षकों की व्यवस्था करना था, लेकिन पहले समायोजन और फिर पुनः स्थानांतरण कर विद्यालयों को दोबारा एकल शिक्षक की स्थिति में पहुंचा दिया गया। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने पारदर्शिता पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि इस समायोजन में न तो समायोजन की कोई स्पष्ट नियमावली सार्वजनिक की गई न ही सरप्लस शिक्षकों की सूची और न ही शिक्षक-विहीन एवं एकल शिक्षक विद्यालयों की सूची जारी की गई। जिससे पूरी प्रक्रिया को मनमाना, चयनात्मक और अपारदर्शी बताया गया। धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुनीश मिश्र, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ धर्मेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अनीश अहमद, जिलाध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ विनीत गंगवार, जिलाध्यक्ष, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन कौमी उर्दू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नफीस खां जिलाध्यक्ष, उप्र बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकमल आर्य, अटेवा के जिला मंत्री संजीव गंगवार, सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। शिक्षक नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्पीड़नात्मक समायोजन निरस्त नहीं किए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई, रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, सरताज अली, नवेन्दु मिश्रा, अश्विनी अवस्थी, सचिन अवस्थी, शैक्षिक महासंघ के महामंत्री महेन्द्र सिंह, अंकुर त्रिपाठी, अवधेश कुमार मैथिल, शैली चौधरी सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

### वयोवृद्ध आर्य भजनोपदेशक ठाकुर कृपाल सिंह का निधन

तिलहर-शाहजहांपुर। गांव सरोवर निवासी आर्य समाज के वयोवृद्ध भजनोपदेशक 95 वर्षीय ठाकुर कृपाल सिंह आर्य का बीमारी के चलते सोमवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन से आर्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद गांव में ही वैदिक रीति से कर दिया गया। भतीजे कर्मवीर सिंह आर्य ने बताया कि वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार को सुबह लगभग आठ बजे घर पर ही उन्होंने अंतिम सांस ली। आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य ने बताया कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन आर्य समाज के प्रचार-प्रसार में लगा दिया। अंतिम संस्कार आचार्य चंदन मित्र ने कराया। इस अवसर पर प्रणव आर्य, लोकेश आर्य, वीरेंद्र आर्य, गोपाल दत्त आर्य, कृष्ण मुरारी आर्य सहित भारी संख्या में आर्यजनों ने उपस्थित रहकर अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एसडीएम ने किया गौ आश्रय केंद्र का निरीक्षण

**▸ 22 जनवरी तक निराश्रित गौवंश संरक्षण के सख्त निर्देश**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जलालाबाद में उपजिलाधिकारी प्रभात राय ने नगर क्षेत्र में स्थित नंदी गौशाला तथा ग्राम गुरुगावा में निर्माणाधीन गौशाला का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निराश्रित घूम रहे गौवंश को सुरक्षित संरक्षण प्रदान करना एवं शासन की मंशा के अनुरूप गौशालाओं की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने नंदी गौशाला में गौवंश की संख्या, उनके स्वास्थ्य, चारे-पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई, ठंड से बचाव की व्यवस्थाएं, शेड की स्थिति तथा दवाओं की उपलब्धता की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए गौवंश के लिए पर्याप्त भूसा, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल, अलाव व पॉलिथीन/टाट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। इसके पश्चात उपजिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की



लापरवाही न बरती जाए तथा गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि निराश्रित गौवंश को जल्द से जल्द यहां स्थानांतरित किया जा सके। उपजिलाधिकारी प्रभात राय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 22 जनवरी तक क्षेत्र में मौजूद सभी निराश्रित गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में संरक्षित करने का कार्य शुरू किया जायेगा। सड़कों, खेतों व आबादी वाले क्षेत्रों में घूम रहे गौवंश से दुर्घटनाओं और किसानों की फसल को होने वाले नुकसान को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्देशों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष शकील अहमद, अधिशासी अधिकारी हृदय नारायण उपाध्याय, नितिन शर्मा, साहिल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी को आपसी समन्वय बनाकर गौवंश संरक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए।

## सदर बाजार क्षेत्र में पुलिस की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**शाहजहाँपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना सदर बाजार क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों द्वारा पैदल गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नगर पकंज पंत, थाना सदर बाजार एवं महिला थाना पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया गया। पैदल गश्त के दौरान भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौराहों तथा यातायात व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को सतर्क रहते हुए अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए इस प्रकार की पैदल गश्त आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### प्रधान पति ने दरोगा को पीटा

**पीलीभीत।** जिले के दियोरिया कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटना सामने आई है। ग्राम मुड़िया भगवन्तपुर में एक विवाद की सूचना पर पहुंचे हल्का दरोगा अखिलेश चौहान पर ग्राम प्रधान पति विमल मिश्रा ने हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए।ग्राम प्रधान पति विमल मिश्रा और दरोगा अखिलेश चौहान के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। इस हाथापाई में दरोगा को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आरोपी ग्राम प्रधान पति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रगति सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### गोकशी का आरोपी पुलिस हिरासत से भागा, दरोगा-सिपाही निलंबित

**पीलीभीत।** गोकशी का आरोपी पुलिस हिरासत से भाग निकला। एएसपी विक्रम दहिया ने कार्रवाई करते हुए हल्का दरोगा और डायल 112 पर तैनात उस सिपाही को निलंबित कर दिया है। रविवार रात पूरनपुर क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में पशु तस्करों ने एक पशु का कटान किया था। ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भाग गया। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि जानकारी मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। लापरवाही दोनों को निलंबित कर दिया गया है। पशु कटान के मामले की जांच कराई जा रही है। पुलिस ने बताया कि गोकशी के आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 6 वर्ष 9 माह 15 दिन का कारावास

**शाहजहांपुर।** जनपद में संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत शाहजहांपुर पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में माननीय न्यायालय ने आरोपी को 6 वर्ष 9 माह 15 दिन के कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के आदेशानुसार, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मामले की सतत मॉनीटरिंग अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर/पार्टी प्रभारी प्रियांक जैन द्वारा की गई। मॉनीटरिंग सेल, थाना तिलहर पुलिस एवं अभियोजन विभाग के समन्वय से न्यायालय एएसजे-05 में प्रभावी एवं समयबद्ध पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप थाना तिलहर क्षेत्र के मु0अ0सं0 187/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में आरोपी मुनीश पुत्र श्री कृष्ण, निवासी ग्राम वहीचक, थाना तिलहर, जनपद शाहजहांपुर को दोषी ठहराया गया। अभियोजन के अनुसार आरोपी संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य था, जो हत्या जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त रहकर समाज में भय व आतंक फैलाता था तथा आर्थिक व भौतिक लाभ अर्जित करता था। न्यायालय द्वारा उसे 6 वर्ष 9 माह 15 दिन का कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण एवं दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### फर्जी तरीके से बैनामा कर धोखाधड़ी का आरोप, कलेक्ट्रेट में ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** जिला प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाबजूद शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में अनाधिकृत रुप से जमकर जमीन की खरीद फरोख्त की जा रही है और भोले भाले लोगों को चूना लगाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला और सामने आया है। जिसमें धोखाधड़ी कर जमीन नाम न होकर बिक्री किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ितो ने कलेक्ट्रेट में विरोध कर न्याय की गुहार लगाई। थाना रोजा के ग्राम अहमदनगर के ग्रामीणों ने पहुंचकर फर्जी तरीके से अवासीय भूखण्ड बेचे जाने की शिकायत डीएम से की। प्रार्थना पत्र नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा। किरन देवी, राकेश, रीना गुप्ता, रीता, धनदेवी, संतोष, सरला देवी, माधुरी आदि ने बिरहमपुर झाझरिया निवासी एक व्यक्ति से रकवा वर्गमीटर के हिसाब से लिया था। उन्होंने बताया कि बैनामा विक्रेता ने भूखण्डों का सौंदा चार लोगों से कर दिया था। अपने-अपने खण्ड पर कब्जा हेतु निर्माण नींव तीन चार-फिट दीवार बनाई व भराव किया। 15 जनवरी को बिना किसी की जानकारी दिए बुलडोजर जमीन पर चला दिया गया, ऐतराज करने पर उन्होंने बताया कि राजन का खेत हैं, तुम लोगों ने खेत में अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है, जिससे खरीदा हैं, उसने पूछों तुम्हारी जमीन कहां है। चार लोगों के जमीन नाम नहीं थी, फर्जी खरीद का बैनामा अपने नाम दिखाकर लोगों को बैनामा कर दिया, अब बुलडोजर चलाने के बाद धोखाधड़ी करने वाला नहीं मिल रहा है। उन्होंने डीएम से मांग की कि सभी लोगों के साथ फर्जी तरीके से जमीन बताकर भूखण्ड बिकवाने वाले बेचने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाई करते हुए भूखण्ड दिलवायी जाए।

## एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 15 वर्ष का कारावास, डेढ़ लाख का जुर्माना

**शाहजहांपुर।** जनपद में जघन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत शाहजहांपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। न्यायालय द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को 15 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के निर्देशानुसार, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रकरण की प्रभावी मॉनीटरिंग अपर पुलिस अधीक्षक नगर। देवेंद्र कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर/पार्टी प्रभारी प्रियांक जैन द्वारा की गई। मॉनीटरिंग सेल, थाना बण्डा पुलिस एवं अभियोजन विभाग के आपसी समन्वय से माननीय न्यायालय एएसजे-07 में समयबद्ध एवं प्रभावी पैरवी की गई। इसके फलस्वरूप थाना बण्डा क्षेत्र के मु.अ.सं. 75/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में आरोपी मुन्ने पुत्र शाहदत, निवासी शेरपुर कला, थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत को दोषी ठहराया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 किलो 45 ग्राम चरस बरामद हुई थी, जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा उसे 15 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को शीघ्र एवं कठोर सजा दिलाने की कार्यवाही आगे भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी।

## मोबाइल टावरों से लीथियम बैटरी चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**▸ 10.80 लाख की 18 बैटरियां व कार बरामद**

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में मोबाइल टावरों से लीथियम बैटरियों की लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए जनपदीय एसओ जी, सर्विलांस सेल एवं थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 10 लाख 80 हजार रुपये कीमत की 18 लीथियम बैटरियां तथा एक ईको कार बरामद की है।



पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रोजा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मोबाइल टावर कंपनी के प्रतिनिधि अमित कुमार तिवारी द्वारा बैटरी चोरी की सूचना दिए जाने पर थाना रोजा में संबंधित मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिसके बाद विशेष टीमें गठित कर जांच शुरू की गई। लगातार दबिश के बाद पुलिस ने 19 जनवरी की रात मुकरमपुर से उदियापुर जाने वाले मार्ग पर नेकनामपुर नहर के पास से चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रामतीरथ, आजाद यादव, हरिओम यादव और विमलेश शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने जनपद सहित आसपास के थाना क्षेत्रों में कई मोबाइल टावरों से बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह चोरी की गई बैटरियों को कबाड़ियों को बेचकर आपस में रकम बांट लेता था। आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, लूट, हत्या के प्रयास एवं गैंगस्टर एक्ट समेत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाना रोजा में बीएनएस की सुसंगत धाराओं में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संगठित अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विषय पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 क ज में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्तन तथा सुधार की भावना का विकास करें। इसी के दृष्टिगत प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 1987 से प्रारम्भ किया गया। इसी तिथि को सीवी रमन द्वारा भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में रमन इफेक्ट' की खोज की गई थी। इस कार्य के लिए सीवी रमन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी क्रम में विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद में जिला विज्ञान क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विषय पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज 12 बजे किया गया। विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम में जिला विज्ञान क्लब सचिव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार द्वारा एक-एक सजीव पौध अतिथि वक्ता के रूप में आये डा.राहुल पालीवाल प्रोफेसर-एनाटॉमी विभाग, ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कालेज एवं डा. रमेश चन्द्रा, प्रोफेसर जन्तुविज्ञान, एसएस कालेज का भेंट स्वरूप दिया। अतिथिवक्ताओं ने विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता, वैज्ञानिक एवं गणितीय नवाचार, वैज्ञानिक सोच, सिद्धान्त,उपागम, समाज के लिए उपयोगिता, मितव्ययी कम लागत, सुग्राह्यता, टिकाऊपन एवं प्रस्तुतीकरण जैसे मानकों का उपयोग करते हुए नवीन खोजों के लिए जागरूक किया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को आधुनिक युग की आवश्यकता के अनुरूप वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एव विज्ञान के प्रति सजग एवं जागरूक को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 25 विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विद्यालयों से आये विद्यार्थियों द्वारा भी अपनी-अपनी जिज्ञासाओं एवं अपने विचारों को अतिथिवक्ताओं के समक्ष रखा, जिनका निराकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेम शंकर सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल कुमार, राजन प्रजापति, अरशद अली द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में नारकोटिक्स विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में नारकोटिक्स विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों, शराब एवं अन्य अवैध नशीले पदार्थों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अवैध एवं कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर पूर्णतः रोक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित में सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## लापता हुईं दो चचेरी बहनें, 21वें दिन बरामद



**तिलहर-शाहजहांपुर।** स्कूल जाने को घर से निकली चचेरी दलित नाबालिग दो बहनों के अचानक लापता हो जाने के 21 वें दिन पुलिस ने उन्हें सकुशल बरामद कर लिया है । जिन्हें फिलहाल वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है । नगर के मोहल्ला निजाम गंज से दलित बिरादरी के संतोष कुमार की 14 वर्षीय बेटी मधु तथा संतोष के बड़े भाई किशन की 16 वर्षीय बेटी प्रज्ञांशी बीती 29 दिसंबर को स्कूल जाने को निकलीं थी और लापता हो गई थीं । एसपी द्वारा एसओजी व सर्विलांस सेल को भी लड़कियों की बरामदगी के लिए सक्रिय किया गया था। जिसकी मॉनिटरिंग सीओ ज्योति यादव स्वयं कर रही थीं। उक्त मामले में दर्जन भर से ज्यादा लड़के लड़कियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूंछ ताछ की गई। लेकिन कोई ठोस सुराग न लगने से यह समस्या पुलिस के गले की हड्डी बन चुकी थी। वहीं समय लंबा खिंचने से परिजन भी अनिष्ट की आशंका से ग्रस्त थे। रविवार को एक कॉल को ट्रेस कर पुलिस टीम गनतव्य को रवाना हो गई और दोनों किशोरियों को बेहद नाटकीय ढंग से बरामद कर लिया गया। रात को ही परिजनों को उनकी बरामदगी से अवगत करते हुए वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। सीओ ज्योति यादव ने बताया कि बरामद की गई दोनों किशोरियों को नियमानुसार वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है।

## ई-रिक्शा यूनियन के नए कार्यालय का लोदीपुर में शुभारंभ

**▸ बड़ी संख्या में चालक यूनियन से जुड़े, नए पदाधिकारियों की घोषणा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



न्यू जनता ऑटो ई-रिक्शा ऑनर्स चालक वेलफेयर एसोसिएशन के नए कार्यालय का शुभारंभ लोदीपुर स्थित कैंप कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक शामिल हुए और यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। रविवार को आयोजित बैठक जिला संरक्षक अनीश खान के निवास पर हुई, जिसमें यूनियन अध्यक्ष महफूज अली खान एवं अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से अनीश खान को यूनियन का संरक्षक नियुक्त किया गया। अध्यक्ष महफूज अली खान ने लगभग दो दर्जन से अधिक नए पदाधिकारियों को मनोनीत करते हुए उनसे ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। सभा को संबोधित करते हुए महामंत्री राजकुमार अवस्थी ने कहा कि यूनियन ई-रिक्शा चालकों के अधिकारों, सुरक्षा और सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस दौरान अध्यक्ष महफूज अली खान द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। संरक्षक अनीश खान ने यूनियन को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे तन, मन और धन से ई-रिक्शा चालकों के साथ खड़े रहेंगे और जहां भी आवश्यकता होगी, सहयोग के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे। यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारी संरक्षक अनीश खान, उपाध्यक्ष कलीम हसन, अंकित गुप्ता, जुगनू, लकी गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, सचिव- प्रदीप गौतम, कमर जावेद, कृष्ण कुमार, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अतीक, मोहम्मद फिरोज, विकास गौतम, मोहम्मद हारुन, जीशान अली, राजेंद्र कश्यप, दीपक कुमार, बाबू खान, इस्तकार, शिवम राठौर, मीडिया प्रभारी- खालिद खान, शाहाना बाग, नफीस खान, लीगल एडवाइजर- एडवोकेट फैसल खान, एडवोकेट सुमित गुप्ता, प्रचार मंत्री राम सिंह रहे। कार्यक्रम में महफूज अली खान, राजकुमार अवस्थी, श्रीपाल, मोहम्मद नसीम सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।


☛ यात्रीगण कृपया ध्यान दें! ☚

**हावड़ा – आनंद विहार (ट.) एवं डिब्रुगढ़ – गोमतीनगर स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनकी समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा – आनंद विहार (ट.) – हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13065 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 13066 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:10 | हावड़ा | 10:50 | ---- |
| 00:01 | 00:03 | बैण्डेल जं. | 09:05 | 09:07 |
| 01:04 | 01:06 | बर्द्धमान | 07:53 | 07:55 |
| 01:55 | 01:57 | दुर्गापुर | 06:52 | 06:54 |
| 02:26 | 02:28 | आसनसोल जं. | 06:20 | 06:22 |
| 04:00 | 04:05 | धनबाद जं. | 05:00 | 05:05 |
| 04:30 | 04:32 | एनएससी बोस गोमो | 04:25 | 04:27 |
| 04:55 | 04:57 | पारसनाथ | 04:04 | 04:06 |
| 05:55 | 05:57 | कोडरमा जं. | 03:07 | 03:09 |
| 07:25 | 07:30 | गया जं. | 01:45 | 01:50 |
| 08:12 | 08:14 | अनुग्रह नारायण रोड | 00:24 | 00:26 |
| 08:30 | 08:32 | डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| 08:48 | 08:50 | सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| 09:25 | 09:27 | भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| 10:45 | 10:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| 11:50 | 12:00 | वाराणसी जं. | 21:40 | 21:50 |
| 13:06 | 13:08 | जौनपुर सिटी | 19:26 | 19:28 |
| 14:20 | 14:25 | सुलतानपुर जं. | 18:30 | 18:35 |
| 14:54 | 14:56 | निहालगढ़ | 17:43 | 17:45 |
| 16:50 | 17:00 | लखनऊ जं. | 16:05 | 16:15 |
| 19:56 | 19:58 | शाहजहांपुर जं. | 11:48 | 11:50 |
| 20:58 | 21:00 | बरेली जं. | 10:36 | 10:38 |
| 22:38 | 22:48 | मुरादाबाद जं. | 09:05 | 09:10 |
| 23:30 | 23:32 | गजरौला जं. | 07:27 | 07:29 |
| 00:13 | 00:15 | हापुड़ जं. | 06:44 | 06:46 |
| 01:41 | 01:43 | गाजियाबाद जं. | 06:01 | 06:03 |
| 02:50 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 05:15 |

चलने के दिन: 13065 हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 22.01.2026 से एवं 13066 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 24.01.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रुगढ़ – गोमतीनगर – डिब्रुगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15949 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15950 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | डिब्रुगढ़ | 12:40 | ---- |
| 21:35 | 21:37 | मोराणहाट | 11:00 | 11:02 |
| 22:23 | 22:25 | शिमलगुड़ी जं. | 10:10 | 10:12 |
| 23:15 | 23:25 | मरियानी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 00:40 | 00:42 | फरकाटिंग जं. | 08:00 | 08:02 |
| 02:35 | 02:40 | डिमापुर | 06:20 | 06:25 |
| 03:13 | 03:15 | दिफू | 05:30 | 05:32 |
| 04:00 | 04:10 | लामडिंग जं. | 04:35 | 04:45 |
| 05:00 | 05:02 | होजाई | 03:25 | 03:27 |
| 05:35 | 05:37 | चापरमुख जं. | 02:45 | 02:47 |
| 06:03 | 06:05 | जागी रोड | 02:13 | 02:15 |
| 07:35 | 07:45 | गुवाहाटी | 01:05 | 01:15 |
| 08:00 | 08:02 | कामाख्या जं. | 00:45 | 00:47 |
| 08:50 | 08:52 | रंगिया जं. | 23:50 | 23:52 |
| 09:08 | 09:10 | नलबाड़ी | 23:20 | 23:22 |
| 09:44 | 09:46 | बरपेटा रोड | 22:45 | 22:47 |
| 10:30 | 10:40 | न्यू बंगाईगाँव | 22:00 | 22:10 |
| 11:20 | 11:22 | कोकराझार | 21:20 | 21:22 |
| 12:25 | 12:27 | न्यू अलीपुरद्वार | 20:03 | 20:05 |
| 12:45 | 12:47 | न्यू कोच बिहार | 19:40 | 19:45 |
| 15:00 | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी | 17:30 | 17:40 |
| 15:52 | 15:54 | अलुआबाड़ी रोड | 16:18 | 16:20 |
| 16:20 | 16:22 | किशनगंज | 15:50 | 15:52 |
| 17:20 | 17:22 | बारसोई जं. | 15:08 | 15:10 |
| 19:20 | 19:30 | कटिहार जं. | 14:15 | 14:25 |
| 20:13 | 20:15 | नवगछिया | 12:00 | 12:02 |
| 21:17 | 21:19 | खगड़िया जं. | 10:23 | 10:25 |
| 21:49 | 21:51 | बेगूसराय | 09:31 | 09:33 |
| 22:25 | 22:35 | बरौनी जं. | 09:05 | 09:15 |
| 00:18 | 00:23 | हाजीपुर | 06:55 | 07:00 |
| 00:31 | 00:33 | सोनपुर | 06:41 | 06:43 |
| 02:40 | 02:50 | छपरा | 05:15 | 05:20 |
| 03:45 | 03:50 | सिवान | 04:05 | 04:10 |
| 04:50 | 04:52 | देवरिया सदर | 02:58 | 03:00 |
| 06:50 | 07:00 | गोरखपुर जं. | 01:50 | 02:00 |
| 07:39 | 07:41 | खलीलाबाद | 00:16 | 00:18 |
| 08:13 | 08:16 | बस्ती | 23:47 | 23:50 |
| 09:00 | 09:02 | मनकापुर | 22:56 | 22:58 |
| 10:05 | 10:10 | अयोध्या धाम जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:30 | 10:40 | अयोध्या छावनी | 21:30 | 21:40 |
| 12:36 | 12:38 | बाराबंकी | 19:12 | 19:14 |
| 13:30 | ---- | गोमतीनगर | ---- | 18:40 |

चलने के दिन: 15949 डिब्रुगढ़ से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं 15950 गोमती नगर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

193/2026 — पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार


## बेरोजगारी का दंश

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है, जिसमें गत दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 फीसदी होने की बात कही गई है। भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है। किसी भी अर्थव्यवस्था में विकास दर तभी सार्थक होगी, जब रोजगार के नये मौके उपलब्ध हो रहे हों। नीति-नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में रोजगार के नये अवसर क्यों नहीं बन रहे हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने का अवसर मिले। यदि बेरोजगारी की दर बढ़ रही है तो इसके मायने हैं कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में नौकरी के मौके बढ़ नहीं रहे हैं। कहा जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के चलते भी नौकरियां घटी हैं। तो क्या हम इस चुनौती के लिये अपने युवाओं को तैयार कर रहे हैं? निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना चाहिए कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के जमीनी परिणाम उत्साहवर्धक क्यों नहीं हैं? युवाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के बावजूद रोजगार के मौके क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था समय के साथ कदमताल नहीं कर पा रही है? विडंबना यह भी है कि बढ़ती आबादी के बावजूद सरकारी क्षेत्र की नौकरियां कम हो रही हैं। युवाओं की शिकायत होती है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में तमाम तरह की विसंगतियां व्याप्त हैं। वे परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते रहे हैं। निःसंदेह, बढ़ती बेरोजगारी हमारे विकास के मापदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। निश्चित रूप से संतुलित आर्थिक विकास की सार्थकता के लिए जरूरी है कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े तथा आर्थिक असमानता भी दूर हो। तेज विकास दर के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली भी आनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ने से ही समाज में खुशहाली आ सकती है। जब देश में रोजगार के मौके बढ़ेंगे तो समाज में वास्तविक समृद्धि आ सकती है। रोजगार के अवसर बढ़ने से उत्पादकता बढ़ेगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। निःसंदेह, बढ़ती क्रय शक्ति भी अर्थव्यवस्था को गति देती है। निर्विवाद रूप से बेरोजगारी कम किए बिना हम देश के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य मुश्किल से हासिल कर पाएंगे। हमें एआई व डिजिटल चुनौती के मुकाबले के लिए युवाओं का कौशल विकास तेज करना चाहिए।

# मानवता की मिसाल बन रहे सपा प्रमुख अखिलेश!



दिनेश दुबे



**चौदह वर्ष पहले अपनी मेहनत के बलबूते यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सत्ता से दूर होने के बावजूद अपने कार्यों की वजह से समाज में गहरी पैठ बनाते जा रहे हैं ! ऐसे में सवाल उठता है कि क्या समाज के हर वर्ग में पैठ बना रहे अखिलेश यादव का अगले वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव में राजनैतिक वनवास खत्म हो जायेगा ? क्योंकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछले एक दशक से ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ते दिख रहे हैं, जिससे समाज में यह संदेश न जा रहा हो कि वास्तव में राजनेता हो तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जैसा ! यह बात अलग है कि राजनैतिक दृष्टि से सत्तापक्ष से जुड़े अंधभक्त और व्यक्तिगत तौर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पसंद न करने वालों को इस लेख में उल्लेखित बातें ठीक वैसी ही लगेंगी जैसी दस्त से ग्रस्त मरीज को लोटा भर खौलता हुआ दूध पिला दिया जाए !**

देश ही नहीं बल्कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ काव्य ग्रन्थ श्री रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की तमाम ऐसी चौपाइयां, सोरठे, छंद एवं दोहे हैं, जिनमें से यदि एक का भी किसी व्यक्ति द्वारा आत्मसात कर लिया जाए तो उस व्यक्ति का न सिर्फ व्यक्तित्व ही निखर जायेगा, बल्कि वह व्यक्ति समाज के लिए एक विशिष्ट उदाहरण भी बन जायेगा। गोस्वामी तुलसीदास जी की एक ऐसी ही चौपाई देखिए और फिर इस चौपाई पर मंथन करते हुए वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में कथित राम द्रोही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अन्य दलों खासकर सत्तापक्ष के समकक्ष राजनेताओं से तुलना करके खुद तय करिए कि हिंदुत्व के नाम पर सरकार चलाते हुए देश को बर्बाद करने वाले सत्ताधीश भाजपा नेता अच्छे हैं या फिर अखिलेश यादव?

दया धर्म का मूल है,
पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया नहीं छोड़िए
जब लग घट में प्राण।।

श्री रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा उपरोक्त चौपाई के माध्यम से कहा गया है कि दया धर्म का आधार है और अभिमान पाप का मूल है, इसलिए जीवन भर दयालु बने रहना चाहिए। मूलत: आप सब लोग देख ही रहे हैं कि यूपी सहित देश के अधिकांश राज्यों के साथ ही केंद्र में भी पिछले एक दशक से भी अधिक समय से भाजपा की सरकार है। धर्म और भगवान श्रीराम के नाम पर कई राज्यों (खासकर उत्तर प्रदेश) से होते हुए केंद्र की सत्ता में पहुंची वर्तमान भाजपा ने पिछले एक दशक में विकासशील देशों में सुमार हमारे भारत की जो दुर्दशा कर रखी है, वह किसी से छिपी नहीं है? छोटा सा पड़ोसी देश बांग्लादेश भी हमारे देश को कई मायनों में चिढ़ा रहा है। ताजा मामले (बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार) को छोड़कर देखा जाए तो वर्तमान समय में बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति हमारे भारत से बेहतर है। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर ऐसा क्यों है? सत्ता और सत्तापक्ष की अंधभक्ति का चश्मा हटाकर देखा जाए तो ऐसा इसलिए है कि देश की सत्ता पर धर्म के धंधेबाज नाकाबिल लोग काबिज़ हुए हैं, जिन्हें न तो किसी धर्म से लेना देना है और न ही देश की किसी अन्य व्यवस्था से। उनके लिए सत्ता में बने रहना ही आवश्यक है। सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें जो कुछ भी करना पड़ रहा है, वो वहीं कर रहे हैं। अंधभक्ति में डूबे लोग मदारी का तमाशा देखकर तालियां पीट रहे हैं। धर्म के नाम पर खुलेआम अधर्म हो रहा है। सत्ता की जय जयकार करने वाले बनावटी संतों और कथा वाचकों का सरकार सत्कार कर रही है और धर्म कर्म का ज्ञान रखने वाले देश के सर्व मान्य संतो का अपमान किया जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म भूमि पर निर्मित श्रीराम मंदिर का देश के प्रधानमंत्री ने खुल कर राजनीतिकरण किया। श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन के लगभग सभी अगुआकारों को बाहर करके सरकार द्वारा बनाए गए ट्रस्ट में उस व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया गया है जो मूल रूप से कार सेवकों पर गोली चलवाने का दोषी था। देश भर के राम भक्तों और आम जनता के पैसों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनाए गए श्रीराम मंदिर का धार्मिक व्यवस्था के विरुद्ध शुभारंभ कर दिया गया। जो कार्य धर्माचार्यों के द्वारा होना चाहिए था वह स्त्रीविहीन प्रधानमंत्री ने करके वैदिक परम्परा का उपहास किया। देश की जनता को भावनात्मक रूप से छलने वाले प्रधानमंत्री ने खुद की अनसुनी कहानी के साथ ही अपनी मां के नाम पर जनता को बेवकूफ बनाया। सनातनी परम्परा को नकारकर छोटे और बड़े भाई के होते हुए दिवंगत मां का न सिर्फ स्वयं अंतिम संस्कार किया, बल्कि सिर भी नहीं मुड़वाया। यही नहीं मां का अंतिम संस्कार करने के बाद प्रधानमंत्री ने सूतक काल का भी ख्याल नहीं रखा और सरकारी योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास जारी रखा।

उपरोक्त बातें साबित करती हैं कि देश की सत्ता पर काबिज देश के प्रधानमंत्री धर्म के नाम पर लगातार अधर्म कर रहे हैं और जनता मूक दर्शक बनी हुई है। जबकि डेढ़ दशक पहले स्वघोषित सामाजिक कार्यकर्ताओं की वह मंडली पूरी तरह से अपने अपने काम में व्यस्त है, जिसने मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों को उठाकर भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल तैयार किया था। देश की जनता ने जिस आशा और विश्वास से भाजपा को सत्ता सौंपकर भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने के साथ देश के सर्वांगीड़ विकास की जिम्मेदारी सौंपी थी, आज वही जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जिन जिन योजनाओं में तत्कालीन सरकार द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने के मुद्दे आंदोलनकारियों ने उठाए थे वो सबके सब मनगढ़ंत निकले। किसी भी मामले में किसी आरोपी को सजा मिलना तो दूर उसे जेल का दरवाजा तक नहीं दिखाया गया। महंगाई और बेरोजगारी घटने के बजाय सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है। रही बात भ्रष्टाचार खत्म होने और विदेशी बैंकों में जमा काले धन के वापसी के मामले की तो आंकड़े खुद बयां कर रहे हैं कि भ्रष्टाचार खत्म होने की बजाय कई गुना बढ़ चुका है और विदेशी बैंकों में जमा काले धन की मात्रा भी बेतहाशा बढ़ रही है। मंहगाई के बारे में तो कुछ भी कहना और लिखना मुनासिब ही नहीं है। कुल मिलाकर अंध भक्तों को छोड़कर देश की जनता खुद को छला हुआ महसूस कर रही है, और छल फरेब करने वालों से छुटकारा चाहती है।

ऐसे में बात आती है कि विपक्ष के उन नेताओं की जो देश को मजबूत नेतृत्व देने के साथ साथ देश की जनता को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मिले अधिकारों की रक्षा कर सके। जिसमें देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल कांग्रेस और उसके बाद समाजवादी पार्टी की जिम्मेदारी बनती है कि वो देशहित में शासन सत्ता संभाले। लेकिन सत्तारूढ़ दल ने हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को लंगड़ा कर रखा है। जाति धर्म की खाई को इतना गहरा कर कर दिया है कि आम मतदाताओं को उसमें से निकालना बेहद कठिन हो गया है। बावजूद इसके देश के तीसरे सबसे बड़े राजनीतिक दल के मुखिया सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सामाजिक समरसता और मानवता के सहारे जनता में पैठ बनाते नजर आ रहे हैं। दुष्कर्म पीड़ित बालिकाएं हों या फिर सत्ता के सताए युवा और महिलाएं हों, अखिलेश सभी की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। लखनऊ कार्यालय में प्रतिदिन समाज के सभी वर्गों से मिलते और उनसे बातचीत भी करते हैं। अवैध कब्जेदारों को डराने के नाम पर यूपी सरकार द्वारा अपनाई गई बुलडोजर नीति में सताए जा रहे गरीबों की पीड़ा पर अखिलेश यादव न सिर्फ भावुक होते हैं, बल्कि सरकार की नीति का जमकर विरोध करते हुए पीड़ितों की तत्काल मदद भी करते हैं। आज से ठीक तीन साल पहले कानपुर देहात के थाना रूरा के मड़ौली गांव में ग्राम समाज की ज़मीन से जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी की जिंदा जलकर हुई मौत के मामले में पीड़ित कृष्ण कुमार दीक्षित के परिवार को आज तक न्याय नहीं मिला है। पीड़ित का आरोप है कि प्रशासन के लोगों ने गाँव के कुछ लोगों के कहने पर उनके घर में आग लगाई थी, जबकि डीएम ने उस समय आरोपों का खंडन करते हुए कहा था कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है। जांच कब तक पूरी होगी किसी को पता नहीं ? इस मुद्दे पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कई बार सरकार को ललकार भी चुके हैं।

मानवता की मिसाल बने अखिलेश यादव ने बीती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा पुरस्कार के लिए सरकार द्वारा चयनित लखनऊ के अवधेश कुमार साहू का नाम अंतिम क्षणों में हटा दिए जाने को गंभीरता से लिया। चूंकि साहू को सम्मान प्राप्त करने का सरकारी तौर पर आमंत्रण पत्र भी मिल चुका था। कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पहले ही अवधेश को पता चला कि उसके स्थान पर किसी अन्य युवक का चयन करके उसे सम्मानित किया जा रहा है। इस पर अवधेश सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने सपा कार्यालय पहुंच गया और सपा अध्यक्ष को मिलकर अपनी पीड़ा बताई। इस पर अखिलेश यादव ने अवधेश कुमार साहू को 51,000/- (इक्यावन हजार रूपये) की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर उसे सम्मानित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने सरकार की पुरस्कार सूची में हेराफेरी की निंदा करते हुए कहा कि यह कृत्य युवाओं के मनोबल को तोड़ने वाला है। लेकिन सपा सभी धर्मों व वर्गों के साथ ही खासकर युवाओं के साथ है। समाजवादी पार्टी उनके आत्म सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी। इससे ठीक एक दिन पहले 11 फरवरी को कानपुर देहात के विकरु कांड की पीड़िता खुशी दुबे की बीमार मां का पूरा इलाज करवाने की घोषणा करके सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस दरियादिली का परिचय दिया है, उससे राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दरअसल कानपुर के बिकरू कांड से जुड़ी खुशी दुबे की मां गायत्री देवी का डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। आर्थिक रूप से परेशान खुशी दुबे को डाक्टरों ने बताया कि सरकारी व्यवस्था के बावजूद उसकी मां के इलाज (ऑपरेशन) में 5 लाख रुपए खर्च होगा। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण इलाज में देरी हो रही थी, जिसके बाद खुशी दुबे ने तमाम लोगों से मदद मांगी लेकिन किसी ने भी खुशी को सहारा नहीं दिया जिस पर खुशी दुबे ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मदद मांगी। अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी ने इलाज और दवाओं का पूरा खर्च वहन कर गायत्री का न सिर्फ ऑपरेशन करवाया, बल्कि हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। देश की मशहूर कवियित्री श्वेता सिंह की इस शेर के से साथ अब बात होगी जनता की अदालत में..

पेड़ों ने यहां जिसको है
रहनुमा बनाया,
वह ही गर्दनों पर चलवा रहा हैं आरे ।
फिर सत्य क्या बचेगा, न्याय कैसे होगा
क़ातिल ही बन गए हैं, मुंसिफ यहाँ हमारे ।।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )*

विचार

# दुनिया से जाने के बाद की जिंदगी का डिजिटल अवतार

एआई का प्रयोग करके मृतकों को पुनःजीवित किया जा रहा है ताकि परिजनों को दिलोसा दिया जा सके। ग्रीफबोट्स वह एआई सिस्टम्स हैं जो मृत व्यक्ति के व्यक्तित्व, बोलने के अंदाज और व्यवहार का अनुकरण (सिमुलेट) करते हैं। इन्हें सांत्वना देने वाले टूल्स के रूप में मार्किट किया जा रहा है। एआई टेक्नोलॉजी मृतक की हूबहू कापी, आवाज और भाव बना देती है, जिससे परिवार वर्चुअली मृतक से मिलकर बात कर सकता है। हालांकि इसके उपयोग के औचित्य पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

सिग्मंड फ्रायड ने कहा था कि इंसानों को अपने अमर होने का यकीन है। इसलिए मौत पर चर्चा करना आम तौर पर भयावह, घृणास्पद, विकट और रोग समझा जा सकता है। जब से टेक्नोलॉजी ने मरने की प्रक्रिया को दीर्घ व जटिल बनाया है तब से यह लेखिका अच्छी मौत के कारणों पर विचार कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को ध्यान में रखते हुए कि सम्मान के साथ मरना मौलिक अधिकार है, मौत की गुणवत्ता के महत्व पर ध्यान दिया जाना स्वाभाविक ही होगा। अच्छी मौत में रोगी की इच्छाओं का संज्ञान लिया जाता है कि उसकी उपचार संबंधी प्राथमिकताएं क्या हैं, उसे जिंदगी और मौत की कैसी गुणवत्ता चाहिए व इसके साथ ही उसके सम्मान को भी बरकरार रखा जाये। आज मौत का अर्थ है जीवन का अंत। लेकिन अल्फा पीढ़ी के लिए यह कुछ अलग हो सकता है। इस नयी जेनरेशन के लिए परम्परागत जीवन के अंत के बाद अनंत डिजिटल जीवन एक विकल्प हो सकता है।

मसलन, ग्रीफबोट्स वह एआई सिस्टम्स हैं जो मृत व्यक्ति के व्यक्तित्व, बोलने के अंदाज और व्यवहार का अनुकरण (सिमुलेट) करते हैं। इसके तहत वर्चुअल ह्यूमनोइड अवतार को ट्रेन किया जाता है कि वह टेक्स्ट मैसेज, ईमेल, सोशल मीडिया पोस्ट्स और वीडियोज तैयार करे व भेजे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जितना अधिक डाटा सप्लाई किया जायेगा उतना ही वास्तविक अवतार होगा।

इस डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से उपयोगकर्ता यानी यूजर अपने प्रियजन के डिजिटल वर्जन को देख व सुन सकेंगे और उससे बातें भी कर सकेंगे। बातचीत करने वाला एआई इमेज सिंथेसिस व वॉइस क्लोनिंग का प्रयोग करता है। डिजिटल जुड़वां बनाने के लिए वह रियल-टाइम में प्राकृतिक भाषा व भावनाओं के साथ प्रतिक्रिया करता है। यहां उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट दिसम्बर, हियरआफ्टर एआई और स्टोरीफाइल जैसे प्लेटफॉर्म्स ग्रीफबोट का अनुभव प्रदान करते हैं।

ग्रीफबोट्स को मृत व्यक्ति के परिजनों को सांत्वना देने वाले टूल्स के रूप में मार्किट किया जा रहा है। लोग अपने प्रियजनों की मौत को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। वह चाहते हैं कि जीवन जैसे डिजिटल अवतार से निरंतर संपर्क में रहें। लेकिन इसके लम्बे समय तक प्रयोग करने से भावनात्मक उपचार बाधित हो सकता है, जिससे अस्वस्थ निर्भरताएं उत्पन्न हो सकती हैं।

ग्रीफबोट्स से मृतक के सम्मान को सुरक्षित रखने के संदर्भ में सवाल उठते हैं। गलत प्रतिनिधित्व और मौत से पहले मंजूरी न लेने से चिंताएं उत्पन्न होती हैं। निजता के मानकों का सख्ती से पालन करना कठिन है और साथ ही देयता, जिम्मेदारी व जवाबदेही को भी। मौत के बाद डिजिटल जीवन को डिजिटल आफ्टर लाइफ, डिजिटल इम्मोर्टलिटी, वर्चुअल इम्मोर्टलिटी व भौतिक मृत्यु के बाद व्यक्ति की स्थायी ऑनलाइन उपस्थिति कहा जाता है। आज व्यक्ति के व्यक्तित्व, यादों और चेतना को डिजिटल प्लेटफार्म (कंप्यूटर, ह्यूमनोइड या साइबरस्पेस) पर स्टोर या क्लोन करना संभव है। मूल



व्यक्ति की अवतार नकल वर्चुअल वातावरण में 'अनंत जीवन' को मुमकिन बनाती है। इस विविधता को प्रभावी बनाने के लिए इसमें मूल्यों, आस्थाओं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को शामिल करना आवश्यक है। रोगियों पर एआई आधारित निर्णयों का भावनात्मक व मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ना चिंता का विषय है।

ग्रीफबोट्स का जिस तेजी से व्यवसायीकरण हो रहा है वह जिम्मेदारी भरे डिप्लॉयमेंट, शोध व नियमों को पीछे छोड़ रहा है। ग्रीफबोट्स वास्तविकता व कल्पना के बीच की रेखा को धुंधला कर सकता है, जिससे नुकसान को स्वीकार करके आगे बढ़ने की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित हो सकती है। 'रि-मेमोरी' एआई-आधारित स्मृति-सेवा (दिवंगत व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने और उसकी यादों को सम्मान देने के लिए आयोजित कार्यक्रम) है, जिसे डीपब्रेन एआई ने विकसित किया है, जिससे जिंदा लोग अपने मृत प्रियजनों के अति वास्तविक डिजिटल अवतार से संपर्क कर सकते हैं।

एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी मृतक की हूबहू कॉपी, आवाज और भाव बना देती है, जिससे दुखी परिवार वर्चुअल सेटिंग में मृतक से 'मिल' सकता है व बातें कर सकता है। डीपब्रेन की एआई प्रोप्राइटरी टेक्नोलॉजी लाइफलाइक (जीवन जैसा) डिजिटल अवतार जनरेट करती है, जो वीडियो के जरिये इंटरएक्ट करता है, यानी दो-तरफा बातचीत होती है। यह अनुभव वर्चुअल पुनर्मिलन जैसा होता है। यूजर यादें शेयर करते हैं। 'रि-मेमोरी' को स्मृति-सेवाओं में, पारिवारिक समारोह में, शादियों में और जन्मदिनों पर प्रयोग किया जा रहा है ताकि दिवंगत को 'जीवित' के रूप में शामिल किया जा सके। अपने मृत प्रियजन से पुनः मिलकर व्यक्ति अपने दुःख से उबरता है, अनसुलझे जज्बात को संबोधित करता है और अच्छी यादों को संजोकर रखता है। यह सेवा दिलासा देती है, भावनात्मक उपचार करती है और सम्पर्कों को हमेशा के लिए बनाये रखती है। परम्परागत तौरपर भारतीय संस्कृति अनासक्ति की वकालत करती है। दिवंगत को सम्मान व इज्जत के साथ श्रद्धांजलि देने के हमारे अपने तरीके हैं। क्या हमारे बच्चे हमारे जाने के बाद हमें याद रखने व हमसे संपर्क बनाने के नये रास्तों का प्रयोग करेंगे। क्या हम अपनी मानवता को कृत्रिम आत्मीयता पर कुर्बान कर दें, जोकि ठोस वास्तविकता से भिन्न है?

असल और वर्चुअल में कहां रेखा खींची जाये? मूल और नकल में क्या अंतर रह गया है? मृतक के सम्मान व इज्जत के जो वैश्विक तौरपर स्वीकृत सिद्धांत हैं उन्हें फिर से लिखना होगा। ग्रीफ टेक कम्पनियां जीवन के अंत को भुना रही हैं, दुखी व्यक्तियों की सेवा व मदद के नाम पर। एआई का प्रयोग करके मृतकों को पुनःजीवित किया जा रहा है ताकि जिन्दों को दिलासा दिया जा सके।

साहित्य

## मुझे अब कुछ भी...



डॉ. रेजीना सहर
हिन्दी विभाग
कृ0दे0बा0महा0 आ0वि0
लोहिया पुरम, फर्रुखाबाद।

**मुझे अब कुछ भी नहीं करता है
विचलित व्यथित ।
निरन्तर दौड़ नहीं है थकाती
जब एक आवाज
दशकों पूर्व की
चरैवेति-चैरेवित की।
किताबों से निकल
मार्ग दिखाती है।
जब एक शून्य एवं मौन
झुरझुरी दिलाता है।
तो धूप भरे
थकाऊ पथ पर
ऊर्जा बन
कोई मुझे
और-और तेज
चलवाता है।**





## राशिफल

**मेष:-** निकटस्थ सम्बन्धों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृषभ:-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**मिथुन:-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क:-** बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंह:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट होने की संभावना। संभल कर कार्य करें।

**कन्या:-** किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

**तुला:-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्यधिक व्यय के योग हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृश्चिक:-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

**धनु:-** मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए सम्बन्ध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

**मकर:-** विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। सफलता के आसार हैं।

**कुंभ:-** राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:-** भावनात्मक समस्याओं पर सम्बन्धों में खुल कर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें।

# हे, राम! चित्रकूट में मंदाकनी हो गई मैली

*मुकुंद*

त्रेता युग से लेकर अब तक दशरथ नंदन राम सबके हैं। अयोध्या के राजा राम ने अपने वनवास के 14 वर्ष का लंबा हिस्सा चित्रकूट में गुजारा है। जनश्रुति है कि वह वैदेही सीता और अपने भाई लक्ष्मण के साथ यहां लगभग साढ़े 11 बरस रहे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बड़े भू-भाग में स्थित चित्रकूट अब वैसा नहीं रहा। बहुत कुछ नहीं, सबकुछ बदल चुका है। अब मंदाकनी नदी हांफने लगी है। मध्य प्रदेश के चित्रकूट क्षेत्र के सती अनुसूया आश्रम की पहाड़ी से निकली मंदाकनी का अस्तित्व खतरे में है। विकास के नाम पर मंदाकनी को आक्सीजन देने वाले औषधीय और गैर औषधीय एक दो नहीं अनगिनत वृक्षों की बलि चढ़ाई जा चुकी है।

भगवान राम त्रेता युग में चित्रकूट आए थे। यह युग लगभग 12,96,000 वर्ष का माना जाता है। सर्वोदय कार्यकर्ता और चित्रकूट के जल-जंगल और जमीन के सशक्त पहरेदार अभिमन्यु भाई (अभिमन्यु सिंह) कहते हैं, विनाशकारी विकास ने चित्रकूट की पयस्विनी (पैसुनी) और सरयू नदी को पहले ही लील लिया । यह दोनों पवित्र जलधारा कामदगिरी पर्वत से निकलकर चित्रकूट के राम प्रयाग घाट (राम घाट) में मंदाकनी में मिलती थीं। भगवान राम ने इसी घाट पर अपने पिता दशरथ का तर्पण किया। मंदाकनी को बचाने की जद्दोजहद में मैं अब खुद को हारा महसूस करने लगा हूं।

अभिमन्यु सिंह कहते हैं, कोई साथ नहीं दे रहा। अकेली आवाज का लोग और अफसर मजाक उड़ाने लगे हैं। इस बुढ़ापे में भी लगा रहता हूं। सोचता हूं पैसुनी और सरयू को तो विकास के आंक्राताओं किस्तों में मार डाला। मंदाकनी की हालत देखकर पूरा बदन कांपने लगता है। यह नदी कभी कल-कल कर बहते हुए रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के राजापुर में यमुना नदी में मिलकर जयश्री राम का उद्घोष करते हुए मिल जाती थी। लोग आज भी राजापुर के संगम में तीज त्योहार पुण्य की कामना करते हुए डुबकी लगाकर खुद को धन्य समझते हैं। चित्रकूट के सारे घरों, होटलों और मंदिरों का गंदा पानी इसी मंदाकनी में जाता है। नालों से गुजरता यह पानी मंदाकनी के जल को विषाक्त कर रहा है।

ऐसा मानने वाले चित्रकूट में दर्जनों लोग हैं। मगर हर कोई खुलकर बोलने से डरता है। मगर कुछ लोग दबी जुबान बोलते हैं कि साहब कुछ नहीं किया जा सकता। कंधों पर बंदूकें टांगे दादू (ठेकेदार और उनके कारिंदे) और सिपाहियों को लेकर अफसर आते हैं। घंटों में नहीं सिर्फ मिनटों में जेसीबी चलवाकर आदिकालीन वृक्षों को गिराकर वहां से निकलने वाली मिट्टी से मंदाकनी के दोनों ओर पक्की दीवार बनवा रहे हैं। इन लोगों का दावा सच भी है। ऐसा स्फटिक शिला से कुछ पहले अब भी देखा जा सकता है। मंदाकनी का प्राकृतिक प्रवाह भी बदल गया है। कुछ आगे आने पर मंदाकनी की धारा का बड़ा हिस्सा घेरकर स्विमिंग पूल बनवा दिया गया है। अभिमन्यु कहते हैं कि अगर कलयुग में मंदाकनी को बचाने कोई भगीरथ सामने नहीं आया तो ना रहेगी मंदाकिनी ना चित्रकूट।

हैरानी यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चित्रकूट की मंदाकनी नदी को स्वच्छ करने का आह्वान कर चुके हैं। वह मंदाकनी नदी के जल का आचमन भी कर चुके हैं। उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे जैसी परियोजनाओं के माध्यम से मंदाकनी और अन्य नदियों को स्वच्छ और बाधा-मुक्त रखने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। चित्रकूट आगमन पर मंदाकिनी के कटाव का निरीक्षण भी किया है। बावजूद इसके कुछ भी ऐसा नहीं हुआ कि मंदाकनी को बचाया जा सके। यह नदी धर्मपारायण जनता के लिए गंगा है।

यहां प्रमोद वन, आमोद वन, सिरसा वन, श्रृंगार वन समेत कुल सात वन होते थे। अभिमन्यु कहते हैं कि इनमें कई लगभग-लगभग उजड़ चुके हैं। मगर कामदगिरी वन काफी हद तक बचा हुआ। यह चित्रकूट का सबसे पवित्र वन क्षेत्र है। इसी वन्य क्षेत्र में कामदगिरी पर्वत स्थित है। लोग बारह महीनों इस पर्वत की परिक्रमा (पांच किलोमीटर) करते हैं। अनुसूया वन कभी घना वन क्षेत्र रहा है। विकास की कुल्हाड़ी यहां के वन क्षेत्र में चलती रहती है।

जनश्रुति यह भी है इस दण्डकारण्य में तुलसीदास को भगवान राम ने दर्शन दिए थे। लोग यहां आकर नतमस्तक होते हैं। मकर संक्रांति पर कोलकाता से यहां कामदगिरी का परिक्रमा लगाने पहुंचे विजय प्रताप रामघाट में मंदाकनी में मिल रहे नालों को देखकर विचलित हो गए। उन्होंने पवित्र डुबकी नहीं लगाई और एक प्याऊ का जल छिड़ककर आगे बढ़ गए। चित्रकूट भूदान आंदोलन और सर्वोदय के प्रणेता संत विनोबा भावे, रामायण मेला के प्रथम प्रवर्तक डॉ. राममनोहर लोहिया और चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की नींव डालने वाले नानाजी देशमुख का केंद्र रहा है। संत विनोबा भावे के चित्रकूट से विशेष लगाव के कई पहलू हैं। वह चित्रकूट को परमधाम मानते थे। चित्रकूट की शांत और आध्यात्मिक भूमि को उन्होंने जीवन के उच्च मूल्यों (सेवा, निष्काम कर्म, समन्वय) को जीने और भूदान-ग्रामदान जैसे आंदोलनों की प्रेरणा में बदला। उन्होंने चित्रकूट ने उन्हें सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर जनशक्ति और नैतिक शक्ति पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। यह उनके जय जगत के नारे और विश्व बंधुत्व के संदेश का भी आधार बना। विनोबा भावे ने चित्रकूट और मंदाकिनी नदी के किनारे गहन आध्यात्मिक चिंतन किया। उनके लिए यह स्थान एकांत और बाहरी दुनिया के शोर से दूर रहकर आत्मा और ईश्वर से जुड़ने का माध्यम बना। 1952 में वो यहां आए और यहीं के होकर रह गए। उन्होंने मंदाकनी के किनारे रहकर प्रकृति और मनुष्य के बीच के संबंध को समझने का प्रयास किया।

चित्रकूट नानाजी देशमुख के लिए कर्म भूमि रहा। उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि हर हाथ को काम और हर खेत में पानी के लक्ष्य के साथ ग्रामीण भारत में वास्तविक बदलाव लाया जा सके। चित्रकूट के अस्तित्व संकट पर सामाजिक कार्यकर्ता आलोक द्विवेदी कहते हैं कि सीवेज का पानी मंदाकनी में नहीं जाना चाहिए। ना ही बेवजह वृक्षों पर कुल्हाड़ी चलनी चाहिए। अभिमन्यु भाई का विचार है कि अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा। संयुक्त (उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश) चित्रकूट विकास प्राधिकरण बनाकर बदलाव लाया जा सकता है। दोनों सरकारें समान जिम्मेदारी उठाएं और निगरानी तंत्र बनाकर चित्रकूट और मंदाकनी की रक्षा करें।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### डबल इंजन की सरकार कर रही है बुन्देलखण्ड का विकासः डॉ बाबूलाल तिवारी



**कुलपहाड़/महोबा।** झांसी प्रयागराज परिक्षेत्र के शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने कहा कि हमारे युवा और छात्र छात्राएं ही देश की ताकत है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ आज 90 प्रतिशत लड़कियां खेलकूद में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रही है। यह बात मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने नगर के डॉ सी वी रमन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया भी मौजूद रहे । शिक्षक विधायक ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक ने कहा पूर्व के समय दिल्ली नाराज थी अब देश-विदेश में डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड का विकास कर रही है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे के साथ आज 90 प्रतिशत लड़कियां खेलकूद में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रही है युवा और छात्र ही देश की ताकत है उन्होंने बच्चों के संस्कृत कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा यह विद्यालय विकास में आगे बढ़ रहा है किसी भी बाधा आने पर तन-मन धन सहयोग करने का आश्वासन दिया विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा बच्चों को अपने मन में निराश नहीं लाना चाहिए प्रत्येक छात्र किसी न किसी विषय पर आगे रहता है इसलिए कभी मन में नेगेटिव सोच नहीं लाना चाहिए।उन्होंने विद्यालय के सहयोग का आश्वासन दिया । इस अवसर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड मेंडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक फिरोज हनफी द्वारा मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह वह शाल उड़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर समाजसेवी सगीर खां, अध्यक्ष जगदीश सोनी, संरक्षक सन्तोष सुल्लेरे, शिक्षक संदीप सेन, सुशील सोनी, शेख शब्बीर, उदित नारायण, बीके पाल , मोहम्मद इम्तियाज, दीक्षा तिवारी, शाहीन बेगम, शिक्षिकाऐ मौजूद रहीं।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

### पुलिस की तत्परता से 24 घंटे के भीतर वृद्धा को सकुशल किया बरामद



**कुलपहाड़/महोबा।** 18 जनवरी 2026 को थाना कुलपहाड़ में प्रार्थी नर सिंह निवासी ग्राम बागौल द्वारा सूचना दी गई कि उनकी नानी सिबरानी पत्नी चन्दी उम्र लगभग 65 वर्ष, निवासी ग्राम बागौल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा, समय करीब 04:30 बजे सायं खेत में चारा लेने गई थीं, जो वापस घर नहीं लौटीं। उक्त सूचना के आधार पर थाना कुलपहाड़ पर गुमशुदगी क्रमांक 02/2026 पंजीकृत की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह द्वारा चलाए जा रहे गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा हमराही पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस टीम द्वारा परिजनों से जानकारी प्राप्त कर ग्रामवासियों के सहयोग से रात्रि में ही व्यापक स्तर पर तलाश अभियान चलाया गया। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप गुमशुदा वृद्धा सिबरानी पत्नी चन्दी उम्र 65 वर्ष को सकुशल बरामद कर लिया गया। गुमशुदा वर्तमान में अपने घर पर सुरक्षित हैं तथा पूर्णतः स्वस्थ हैं। उक्त सफल अभियान में स्थानीय नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा। परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा एवं आभार व्यक्त किया गया।

### कबड्डी के होनहार खिलाड़ी को संस्था ने किया सम्मानित



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है। कस्बे के कबड्डी के होनहार खिलाड़ी अंशुल को वर्णिता संस्था सम्मानित किया। वर्णिता संस्था के अध्यक्ष डॉ भवानीदीन ने बताया कि कस्बे के राजन प्रसाद उर्फ पप्पू बैन्ड वाले के पुत्र अंशुल कबड्डी के एक होनहार खिलाड़ी है। वह उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान के रूप में खेलो इंडिया में दमन द्वीप में खेल कर उपविजेता बनी। इनको बड़े भाई अनीस सहित परिवार ने सदैव प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाया। पांच से 11जनवरी तक अंशुल ने अन्तर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कुछ राज्यों को हराया भी। अंशुल को वर्णिता संस्था ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**मौदहा, हमीरपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी सुशीलकुमार कमल ने कम्पोजिट विद्यालय (1-8) मां काशी राम कालोनी नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया मुहम्मद सईद सिद्दीकी प्रधानाध्यापक को विद्यालय की व्यवस्था के लिए दिशानिर्देश दिए श फखरूद्दीन सहायक अध्यापक खुशबू सहायक अध्यापिका विद्यालय की छात्राकन 52 पाई गई है।

### लव जिहाद के मुख्य आरोपी को अस्पताल से नहीं मिली छुट्टी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** लव जिहाद, धर्मांतरण का दबाव बनाने तथा गैंगरेप जैसी घिनौनी हरकत के मुख्य आरोपी की हालत में अभी सुधार नहीं हो सका है। चलने फिरने में असमर्थ होने के कारण उसे अभी तक अस्पताल से छुट्टी नहीं मिल सकी है। इस वजह से पुलिस आरोपी को सोमवार को अदालत में नहीं पेश कर सकी। कस्बे की नाबालिग हिंदू युवती को प्रेम जाल में फंसाकर गैंगरेप के बाद धर्मांतरण का दबाव बनाने युवती के मना करने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने के मुख्य आरोपी अफान खान को पुलिस सोमवार को अदालत नहीं ला सकी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया उसका कानपुर के हैलट में अस्पताल में पुलिस कस्टडी में उपचार चल रहा है। दाहिने पैर में गोली लगने से वह अभी चल फिर नहीं पा रहा है। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर ही उसे अदालत में पेश किया जाएगा। उधर मुकदमे में बढ़ाए गए आरोपी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। इनको पकड़ने के लिए पुलिस दौड़ रही है लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की टीमें गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है जल्द ही सभी को गिरफ्तार कराके जेल भेजा जाएगा।

### कस्बे में संचालित है प्रापर्टी का काला धंधा, बिना भूमि परिवर्तन कराए चल रहा है व्यवसाय

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मौलाना खान का कस्बे में प्रॉपर्टी डीलर का बड़ा कारोबार दशकों से है। इस कारोबार में कस्बे के कई सेठ भी शामिल है। इनकी प्लाटिंग की कई साइडें कस्बे के चारों तरफ है। मौरंग व्यवसाय के साथ आरोपी मौलाना खान का प्रॉपर्टी का बड़ा कारोबार है। मौलाना के इस कारोबार में कस्बे के कई धन्ना सेठ पार्टनर है। यह कस्बे में बच्चा-बच्चा जानता है। मौलाना खान के खिलाफ कार्रवाई शुरू होते ही इन पार्टनरों में दहशत का माहौल है। अगर गहराई से प्रशासन जांच करता है तो कई लोगों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। बताते है कि प्रॉपर्टी का पूरा खेल बगैर बैनामा के चलता है। भूमाफिया प्रॉपर्टी महंगे दामों में खरीद कर कब्जा करते हैं और प्लॉट का बैनामा सीधे प्रॉपर्टी मालिक से कराकर मुनाफा कमाकर अलग हो जाते हैं। इनका यह खेल वर्षों से चल रहा है। साथ ही यह लोग विवादित जमीन भी खरीदने में माहिर है। दोनों पक्षों से मिलकर औने पौने दामों में सौदा करके प्रॉपर्टी को तत्काल खुर्द बुर्द कर देते हैं। यह व्यवसाय बैगर भूमि के प्रकार का परिवर्तन कराए किया जा रहा था। दो दशक में यह सैकड़ो बीघे जमीन बेचकर अरबों का मुनाफा कमाकर करोड़ों की स्टांप चोरी कर चुके है। अगर प्रशासन गंभीरता के साथ इसकी जांच करा ले, तो इनको बेनकाब होते ही देर नहीं लगेगी।

# डीएम ने की सूर्य महोत्सव तैयारी को लेकर बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सूर्य महोत्सव की तैयारियों को लेकर नगर के व्यापारियों, संस्थाओं एवं समाजसेवियो के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में नगर के महानुभावों से परामर्श प्राप्त किये गये। जिलाधिकारी द्वारा सूर्य महोत्दव की प्रस्तावित भूमिका के विविध बिंदुओं को बैठक में रखा। रूपरेखा पर उपस्थित व्यापारियों एवं पर्यटन विशेषज्ञ नें अपने विचार रखे। पर्यटन गतिविधियों के अंतर्गत चरखारी के मंगलगढ़ किले पर भी आयोजन किये जाने का प्रस्ताव रखा। नेहा चंसौरिया द्वारा लाईव प्रसारण की बात रखी। सुमित तिवारी ने स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता कराये जाने तथा रील्स प्रतियोगिताएँ कराये जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अतिरिक्त माधव खरे, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, जग प्रसाद तिवारी, रामजी गुप्ता, सारी के भागीरथ नागायच, महंत देवीचरण दास, वी. के. तिवारी आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज नें बताया कि सूर्य महोसव का शुभारंभ रहेलिया सूर्य मंदिर पर बैदिक श्रचाओ के साथ सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय एवं बुंदेली कलाकारों को प्राथमिकता दी जायेगी। स्कूली बच्चों एवं युवाओं के लिए विविध प्रतियोगिणओं का आयोजन प्रतिदिन किया जायेगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण पुस्तक मेला होगा। इसके अतिरिक्त विविध साहित्यक संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जायेगा। महोत्सव की एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जायेगा। जिसके लिए एक समिति के गठन के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पनवाड़ी पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ.नि. सनय कुमार मय हमराह कां. उमेशचन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त धरमपाल पुत्र जस्सू खंगार निवासी ग्राम हेवतपुरा थाना पनवाडी जनपद महोबा संबंधित मु.नं. 864/2012 अ.सं. 1899/07 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व अ.सं. धारा 442/06 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

### डायट में सम्पन्न हुआ शिक्षकों का मॉड्यूल पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**चरखारी/महोबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चरखारी में संस्थान के प्राचार्य राहुल मिश्रा की अध्यक्षता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव के सहयोग व संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी माध्यमिक जयराम कुटार की उपस्थिति में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों के दिशांतर मॉड्यूल पर आधारित तीन दिवसीय अंग्रेजी व सामाजिक विषय के प्रशिक्षण का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण में संस्थान के प्रवक्ता राजू सरोज (प्रवक्ता सामाजिक विषय) व प्रवक्ता मनीष केसरवानी (प्रवक्ता विज्ञान) की सह उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के उपरांत संस्थान के प्राचार्य राहुल मिश्रा द्वारा सभी सहायक अध्यापकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गये। प्रशिक्षण में संस्थान के 2024 बैच के प्रशिक्षु कृष्ण राज का सराहनीय सहयोग रहा।

# पहाड़ खदान में गिरा डम्पर, चालक की हुई दर्दनाक मौत

- कबरई विकास खण्ड के जुझार गांव का मामला, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कबरई विकासखंड के जुझार गांव स्थित एक पहाड़ पर डंपर कई फिट गहरी खाई ने गिर गया है। चालक की दर्दनाक तरीके से मौत हुई है। मौत की खबर से ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि जुझार गांव निवासी 35 वर्षीय दुर्योधन सिंह अपना और परिवार का भरण पोषण करने के लिए डंपर चलाता है और स्थानीय स्तर पर डंपर पहाड़ खदान पर ग्रेट भरने का काम करता है। आज सोमवार को चालक डंपर लेकर पहाड़ पर गया तथा ग्रिट भरकर पहाड़ खदान चढ़ रहा था,तभी डंपर असंतुलित होकर कई फिट गहरे पानी से लबालब भरे गड्ढे में जा गिरा,जब तक लोग पहुंचते चालक की दर्दनाक तरीके से मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और उसके पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चे रह गए हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों और ग्रामीणों ने खनन पट्टा धारक पर नियमों का पालन न करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खनन के बाद पहाड़ को पूरी तरह असुरक्षित छोड़ दिया गया था। न तो चारों ओर तार जाली लगाई गई, न चेतावनी बोर्ड लगाए गए और न ही सुरक्षा मानकों का पालन कराया गया। यदि खनिज नियमों का ईमानदारी से अनुपालन कराया गया होता,तो यह मौत रोकी जा सकती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार ने दोषी खनन पट्टा धारकों पर मुकदमा दर्ज करने, खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा व आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### बिना लाइसेंस चला रहा था डंपर

**महोबा।** पहाड़ में खनन कार्य के दौरान डंपर चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने की बात सामने आई है। सवाल यह उठ रहा है कि खनन कार्य में लगे मजदूर/चालक को बिना लाइसेंस के भारी वाहन डंपर आखिर किस आधार पर सौंपा गया। यह मामला न केवल मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि खनन पट्टा धारक और संबंधित विभागों की घोर लापरवाही को भी उजागर करता है। मृतक के भाई हेमन्त ने बताया कि हमारा भाई पहाड़ में मजदूरी करने जाता था डंपर कैसे चला रहा था जब उसके पास लाइसेंस नहीं था तो पहाड़ मालिक ने डंपर कैसे दिया है इस पूरे मामले की प्रशासनिक जांच और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# बीआरसी में मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** विकासखंड के बीआरसी में मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने की। शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व प्रार्थना के साथ हुआ। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अकबर अली ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कार्यक्रम के उद्देश्य एवं आंगनबाड़ी को पूर्व प्राथमिक विद्यालय से जोड़ने की अवधारणा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नोडल शिक्षक, एआरपी, एसआरजी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रहीं। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने 5 से 6 वर्ष के बच्चों तथा कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 25 बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स व शैक्षिक सामग्री वितरित की।

# पीपीएल प्रीमियर लीग 2026 का समापन, बांदा बना चैंपियन

- फाइनल में हरियाणा को 105 रन से हराकर बांदा ने जीती ट्रॉफी

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



पंडित स्वर्गीय रामेश्वर दयाल अग्निहोत्री स्टेडियम, नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी में आयोजित पीपीएल प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल मुकाबला सोमवार को रोमांचक माहौल में खेला गया। फाइनल मैच में बांदा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा टीम को 105 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश वर्मा (इंजीनियर) द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस भी कराया। हरियाणा टीम के कप्तान जावेद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 16-16 ओवर के इस फाइनल मुकाबले में बांदा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बांदा टीम के कप्तान मानिश त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 248 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बांदा ने हरियाणा के सामने 249 रनों का कठिन लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम 143 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार बांदा टीम ने 105 रनों से जीत दर्ज कर पीपीएल प्रीमियर लीग 2026 की ट्रॉफी अपने नाम की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बांदा टीम के खिलाड़ी पी.के. को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए पनवाड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। पूरे स्टेडियम में खेल प्रेमियों का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर टूर्नामेंट अध्यक्ष अमन शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश वर्मा ने पनवाड़ी को स्थायी खेल स्टेडियम देने का वादा करते हुए कहा कि पनवाड़ी ब्लॉक में अभी तक कोई स्टेडियम नहीं है, जिसके कारण खिलाड़ियों को अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। कार्यक्रम में दीपक दुबे, श्री प्रकाश मिश्रा, नीरज द्विवेदी, सत्येंद्र प्रताप, संतोष विश्वकर्मा, संतोष अग्निहोत्री, सागर अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन ने खेल प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारे और सौहार्द का सशक्त संदेश भी दिया।

# मंडी सचिव ने आरोपियों के परिजनों के रद्द किए लकड़ी कारोबार के लाइसेंस

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में हुए लव जिहाद, धर्मांतरण, गैंगरेप के बाद प्रशासन की कार्यवाही निरंतर जारी है। वन विभाग ने आरोपियों की आरा मशीन को जहां सीज कर दिया है। वहीं अब मंडी परिषद से जारी लाइसेंस को भी मंडी सचिव ने निर्लंबित कर दिया है मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि मौलाना खान के पिता लल्लू भाईजान एवं उनकी छोटी बहू बुलबुल के नाम पर लकड़ी का कारोबार करने के लाइसेंस मंडी से दिए गए थे। दोनों लाइसेंस को मंडी के सभापति एसडीएम सदर के निर्देश पर निर्लंबित कर दिया गया है।

### लकड़ी की अवैध कमाई मोरंग खदानों में लगा जुटा ली अकूत संपत्ति

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** लव जिहाद, धर्मांतरण का दबाव, गैंगरेप के आरोपियों के पूर्वजों का कारोबार एक आटा चक्की एवं आरा मशीन से शुरू हुआ। मौलाना खान के पिता लल्लू भाईजान के समय तक यह कारोबार आरा मशीन और लकड़ी की छोटी-मोटी खरीद फरोख्त तक सीमित रहा। वर्ष 2000 के दशक में मौलाना खान का राजनीति में पदार्पण हुआ और बसपा से नजदीकियां बनी। वर्ष 2007 में बसपा की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे नसीमुद्दीन का बरदहस्त प्राप्त होते ही मौलाना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अधाधुंध अवैध कटान से अकूत दौलत जुटाई और इसको सीधे मोरंग खदानों में लगा दिया। महज कुछ ही वर्षों में यह अरबपति हो गया। इसके बाद कस्बा सहित मौदहा, और आसपास के गांव में करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्तियां खरीदी। आज भी मोरंग के व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। इस घटना के बाद प्रशासन ने लकड़ी के कारोबार पर पूरी तरह से शिकंजा कर दिया है। आरा मशीन के साथ बाहर भेजे जाने वाली लकड़ी की अड्डीयां बंद कर दी हैं। लेकिन अन्य कारोबार पर अभी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। प्रशासन मौलाना खान की संपत्तियों का ब्योरा जुटाने में लगा हुआ है। सूत्रों का दावा है कि प्रशासन ने एक टीम बनाकर संपत्ति का ब्योरा तलब किया है।

### महाराष्ट्र में एआईएमआईएम की कामयाबी पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न



**मौदहा, हमीरपुर।** महाराष्ट्र के निकाय चुनावों मे आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की शानदार कामयाबी पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। सोमवार को सुबह कस्बा मौदहा मे एआईएमआईएम के पूर्व बुन्देलखण्ड प्रभारी एवं प्रदेश सचिव आतिफ मुबीन खान उर्फ राका भाई ने 2027 मे होने वाले यूपी विधानसभा के चुनावों में सभी कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का आव्हान किया जिससे यूपी मे भी मजलिस को कामयाबी मिल सके। इस दौरान मे एडवोकेट खालील अहमद, एडवोकेट रिजवान, इस्लाम उद्दीन, पूर्व सभासद इकबाल उर्फ नब्बू, ज़हीर उद्दीन, बच्चू पालीवाल, एडवोकेट फहीम कुरैशी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### दरियापुर कुंडौरा में शतचंडी महायज्ञ की निकली कलश यात्रा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।**

क्षेत्र के दरियापुर कुंडौरा गांव में आयोजित शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीतांबर वस्त्र धारण किए श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच निकली यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई



कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान जयकारों और भजनों से वातावरण गुंजायमान रहा आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ का आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। कलश यात्रा में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। इस मौके पर आश्रम के पुजारी महानंद सरस्वती,पूर्व प्रधान पंकज सिंह व एड.अवधेश यादव, प्रधान दरियापुर आशाराम प्रजापति,कुंडौरा प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह यादव एवं यजमान इंद्रजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# किसानों को सहकारी समिति में वितरित की गयी खाद



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा में यूरिया खाद आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भीड़ खाद के लिए एकत्र हो गई। तथा खाद का वितरण किया गया। कस्बा में सहकारी समितियों सहित पी सी एफ कृषक सेवा केंद्र, हम्मीरदेव फॉर्मर खाद भंडार में यूरिया खाद के आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भीड़ खाद लेने के लिए एकत्र हो गई किसानो को साधन सहकारी समिति में खाद का वितरण खाता धारकों को किया गया। प्रभारी सत्यवीर नामदेव ने बताया कि खाद का वितरण किया गया है। पी सी एफ कृषक सेवा केंद्र के प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि किसानों को खाद का वितरण किया गया है। लगभग दो सप्ताह से सहकारी समितियों सहित प्राइवेट खाद विक्रेताओं के यहां भी यूरिया खाद नहीं मिल पा रही थी। किसान अजय सिंह, कल्लू, खड्ग सिंह आदि ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल के लिए यूरिया खाद की जरूरत किसानो को है। बाजार में प्राइवेट खाद विक्रेता महंगी दर पर खाद की बिक्री करते है। सहकारी समितियों में खाद आने से उचित दर पर मिल रही है। खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ एकत्र रही।

# जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में 2.0 को सफल बनाने के लिए बैठक का किया गया आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि मध्यस्थता हेतु अधिक से अधिक उचित मामलों को सन्दर्भित कर आपसी सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराने का प्रयास करें। उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, ज्ञान प्रकाश सिंह, अपर जिला जज प्रथम उदयवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस. टी. एक्ट रनवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश द.प्र.क्षे. एक्ट अनिल कुमार खरवार, विशेष न्यायाधीश कीर्तिमाला सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सिविल जज (सी.डि.) निहारिका जायवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सिविल जज सी.डि./एफ.टी.सी. वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू.डि.) अंकित पाल, सिविल जज (जू.डि.)/क्रा.अ.वू. कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.)/एफटीसी शैली शरण आदि उपस्थित रहे।

# फाल्गुनी मेला की व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध फाल्गुनी मेले मे सभी व्यवस्थाओ को चाक चौबंद बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी और अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने दल बल के साथ मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियो के साथ महादेवा पुलिस चौकी मे बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होने शिवधाम को आने वाले सभी मार्गो पर प्रकाश,वाहन पार्किंग और बैरीकेटिग व।साफ सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाये तय समय में पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये।महादेवा से सरयू जाने वाले मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था मार्ग को गड्ढा मुक्त किये जाने बुढ़वल स्टेशन से मेला क्षेत्र तक प्रकाश,पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था किये जाने बोहनिया तालाब पर रामप्यारी जमा कराये जाने और बड़े वाहनो को मेला क्षेत्र से बाहर ही रोके जाने के निर्देश दिये।सरोवरो पर महिलाओं के कपड़े बदलने का रुम बनाये जाने सहित डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र की सीसीटीवी ड्रोन से निगरानी कराये जाने और बैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था कराये जाने दुकानदारो से दुकानो पर रेट लिस्ट लगाये जाने,अग्नि शमन यंत्र रखने,मेला क्षेत्र की समुचित साफ सफाई कराये जाने आदि कार्यो को तय समय मे पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।मेले की बैठक मे बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियो के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुये डीएम ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा वेतन बाधित करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, आईएएस एसडीएम गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल सिंह, सीओ गरिमा पंत, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश त्रिपाठी, कोतवाल अनिल कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या मे अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका फातिमा शेख व माता सावित्री बाई फुले की मनाई गई जयन्ती



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय के बगल स्थित मैदान पर आज डॉक्टर अंबेडकर राष्ट्रीय एकता मंच व वीरांगना ऊदा देवी स्मारक संस्थान के तत्वाधान में प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका फातिमा शेख व माता सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएम सिंह पूर्व राज्यमंत्री पूर्व विधायक विधान सभा सहजनवा गोरखपुर,पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद,पूर्व प्रधान तव्वाब अंसारी,पूर्व प्रधान राजेंद्र वर्मा अब्दुल्लापुर,रवि वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता सहित दर्जनों नेताओ की उपस्थिति में जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान मंचसीन अनेक नेताओ ने अपने विचार रखें।कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति चर्चा का विषय रही।इसके पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की गई थी।

## बनने के साथ उधड़ने लगी जिला पंचायत से बनी सड़क

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत अलादादपुर से बाबा की कुटी तक लगभग 400 मी जिला पंचायत निधि से बनी सड़क एक माह के भीतर ही खराब हो गई जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि बाबा की कुटी तक पहुंचने के लिए एक माह पूर्व जिला पंचायत निधि से इस मार्ग का निर्माण कराया गया था परंतु ठेकेदार की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी के चलते पूरे मार्ग पर जगह-जगह गिट्टियां उखड़ने लगी है। उल्लेखनीय है कि आगामी 26 जनवरी को बाबा की कुटी पर विशाल मेले का आयोजन होता है जहां हजारों की संख्या में भक्ति दर्शन के लिए आते हैं।

# टीईटी अनिवार्यता के संबंध में आवश्यक बैठक शीघ्र : सुशील पांडे

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे जी की अध्यक्षता में प्रांतीय कार्य समिति/मंडलीय पदाधिकारी/ प्रदेश के सभी जनपदों के अध्यक्ष एवं मंत्रियों की बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन लखनऊ संगठन कार्यालय में हुई। इस बैठक में शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं टेट, प्रोन्नत वेतनमान में 20% की बाध्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण, पदोन्नति आदि विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई। प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी जी ने ञ्रश्वञ्ज के संबंध में जो वाद माननीय सुप्रीम कोर्ट में लंबित है उसकी पुरजोर पैरवी करने के लिए सरकार में बैठे अधिकारियों से सुसंगत पैरवी करने, शीघ्र अति शीघ्र पत्राचार की बात कही । इस अवसर पर प्रांतीय प्रमुख पदाधिकारियो में आलोक मिश्रा प्रांतीय संयुक्त मंत्री, प्रांतीय कोषाध्यक्ष ठाकुरदास यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुज त्यागी, जनपदीय संगठन मंत्री मोहम्मद आसिम, आदि सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गए समाजवादी नेता स्व. प्रदीप यादव

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नई पीढ़ी को पूर्वजों के कार्यो विचारों से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है जिससे आज के युवा कार्यकर्ता पदाधिकारी ऐसे विचारशील महापुरुषों के कार्यो विचारों नीतियों से भली भांति अवगत हो सके जिन्होंने देश समाज को मजबूत करने के साथ हम सब का भविष्य सुनहरा बनाने के लिए कितनी कुर्बानी दी थी। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने समाजवादी पुरोधा सादगी की प्रतिमूर्ति पूर्व मंत्री स्वर्गीय प्रदीप कुमार यादव जी की 22वीं पुण्यतिथि पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय प्रदीप यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए व्यक्त किये। श्री गोप ने आगे कहा कि प्रदीप यादव सादगी पसंद नेता थे जो सदैव गांव गरीब गुरबत में रहने वालों के हक अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते थे छोटे से छोटे कार्यकर्ता के कार्य के लिए वह मंत्री होते हुए भी पैदल अधिकारियों के यहां कार्यकर्ता के साथ चले जाते थे उनके इसी कार्य व्यवहार से प्रेरणा लेते हुए हर जरूरतमंद की सहायता मदद करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी होगी तभी हम सब का वह सपना साकार होगा जिसके लिए हम सब निरंतर संघर्ष कर रहे हैं और यही प्रदीप बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने स्वर्गीय प्रदीप यादव जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा बाबूजी जैसे मिलनसार व्यक्तित्व से हम सबको सीख लेते हुए समाज के हर वर्ग की सेवा सत्कार के लिए निरंतर कार्य करते रहना चाहिए उनके कार्य और विचार सदैव हम सबको मार्गदर्शन देते रहे हैं और सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे। विचार गोष्ठी में पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा जी ने उपस्थित होकर स्वर्गीय प्रदीप यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी अरविंद यादव पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह प्रदेश सचिव विकास यादव हुमायूं नईम खान सरताज चौधरी युवजनसभा प्रदेश सचिव तुषार यादव जिला परवक्ता वीरेंद्र प्रधान जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव अजय वर्मा बबलू विजय यादव राजेश वर्मा प्रदुमन यादव जसवंत यादव हाजी जाहिद अजीत यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव बलराम यादव संतोष रावत मास्टर मुस्तफा ज्ञान सिंह यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने प्रदीप यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सदा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया।



## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने किया मंदिर में चोरी का खुलासा सामान सहित एक गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त अभिषेक यादव उर्फ मोनू पुत्र सोनू उर्फ आनंद कुमार निवासी ग्राम नेम दुबे का पुरवा मजरे माहेमऊ थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसने बीते 17 जनवरी की रात्रि में ग्राम बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर से मूर्ति से एक मुकुट व एक जोड़ी खड़ाऊ चोरी किया था जिसे उसने अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में छुपा रखा था। अभियुक्त की निशानदेही पर मोटरसाइकिल की डिग्गी से मुकुट व खड़ाऊ सफेद धातु बरामद हुआ है। मोटरसाइकिल बजाज पल्सर यूपी 36 एक्स 9111 के कागजात माँगने पर दिखा न सके। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में धीरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक, उ.नि. शेख नईम, का. अजीत कुमार व का. संजय कुमार शामिल रहे।

### गौरीगंज के बसायकपुर मंडल में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज खण्ड के बसायकपुर मंडल में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम आसरे तिवारी ने की। मंच पर संत के रूप में कथावाचक आचार्य विनय शास्त्री महाराज, विशिष्ट अतिथि राम बोध तथा मातृ शक्ति के रूप में प्रभावती मंचस्थ रहीं। आचार्य विनय शास्त्री ने बताया कि विश्व को जोड़ने वाला मात्र एक ही धर्म हिंदूधर्म है। क्योंकि हिन्दू आरती के बाद जयकारा लगाता है तो कहता है धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्रणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक पवन द्वारा स्वयं सेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे अभियान पंच प्रण अभियान की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि हम सब के पुरखे हिन्दू थे इसलिए हम सब हिंदू हैं। पवन जी द्वारा वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप एवं अहिल्याबाई होलकर के द्वारा सनातन हिन्दू धर्म के उत्थान के लिए किए गए त्याग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन शशांक शुक्ल द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कमला शंकर दुबे, जनार्दन शुक्ल, अजय सिंह गौर, सुधाकर सिंह, तीरथ राज, शुभम, रीता देवी, संतोष जी, अंकुर आदि हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष वर्ग उपस्थित रहे।

### ग्रामीण डाक कर्मियों की बैठक संपन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** डाकघर मुसाफिरखाना पर निरीक्षक डाकघर मुसाफिरखाना के कार्यक्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्रामीण शाखा डाक पालो की एक बैठक डाक अधीक्षक सुल्तानपुर राजेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण डाक जीवन बीमा का जनता में अधिक से अधिक प्रचार कर इस योजना के अंतर्गत अधिक धन जमा कराने पर जोर दिया।

## राजनीतिक विरोध में होल्डिंग फाड़कर जलाने का मामला आया सामने

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

विकास क्षेत्र के अंतर्गत ऊचौरी ग्राम सभा से भावी प्रधान प्रत्याशी अनंत सिंह उर्फ अन्नू ने सोशल

● उक्त घटना की सूचना शिवगढ़ थाने में प्रार्थना पत्र के माध्यम से भी दी है

मीडिया पर वीडियो वायरल कर अपना आक्रोश जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि आगामी पंचायत चुनाव में वह प्रधान पद हेतु नामांकन करने वाले थे और उन्होंने नव वर्ष के उपलक्ष्य में अपनी ग्राम सभा के विभिन्न स्थानों पर बधाई हेतु होर्डिंग लगवाई थी और उन्होंने एक होल्डिंग ग्रामसभा के खांडे खेड़ा गांव में स्थित पानी की टंकी के पास भी लगवाई थी।

परंतु उनकी होल्डिंग को फाड़कर अराजक तत्वों ने जला दी।

जिसका आक्रोश उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर जाहिर किया है।

साथ ही साथ उन्होंने बताया कि मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यह कार्य किसने किया है और क्यों किया है, उन लोगों को यह हार स्वीकार नहीं होगी, इसलिए उन लोगों के द्वारा इस प्रकार का घिनौना कृत किया गया है।

साथ ही साथ उन्होंने उक्त घटना की सूचना शिवगढ़ थाने में प्रार्थना पत्र के माध्यम से भी दी है।

# गणतंत्र दिवस को जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा : डीएम

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाली मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी भवनों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक भवनों एवं मूर्तियों को प्रकाशित किया जाए। 26 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे समस्त शासकीय भवनों पर झंडारोहण तथा अभिवादन हो और इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ संविधान में उल्लिखित संकल्पों के स्मरण की व्यवस्था की जाए। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रध्वज प्रातः 10:00 बजे फहराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में निर्धारित समय के अनुसार प्रभात फेरी का आयोजन तथा सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। पुलिस लाइन में परेड का आयोजन के साथ ही तहसील, ब्लाक, गांव में भी कार्यक्रमों का आयोजन करें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। जनपद में साफ-सफाई के साथ ही विद्युत व्यवस्था आदि को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं।



## नशेड़ी युवक ने धारदार हथियार से रिश्ते में लगने वाली दादी को उतारा मौत के घाट

- अगर पुलिस आरोपी को बीती शाम अपने साथ ले जाती तो मेरी मां आज होती जिंदा: मृतका का पुत्र
- बीती शाम मृतका महिला की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने नशे में हुड़दंग कर रहे आरोपी को था समझाया

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत किशनपाल खेड़ा मजरे रानीखेड़ा गांव में सोमवार की सुबह 10:00 बजे के आसपास उस समय हड़कंप मच गया, जब नशे में धुत एक युवक ने रिश्ते में लगने वाली अपनी दादी की धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि आरोपी सोनू रैदास पुत्र राजकुमार उम्र 24 वर्ष निवासी किशनपाल खेड़ा मजरे रानीखेड़ा, जो बीते रविवार की देर शाम नशे में धुत होकर अपने घर वापस लौटा और आस पड़ोस के रहने वाले सभी लोगों को गंदी गंदी गालियां देने लगा एवं मारने पीटने की भी धमकियां दे रहा था। तभी उक्त मृतका महिला तारावती पत्नी रामप्रताप रैदास उम्र 60 वर्ष निवासी उपरोक्त, जो रिश्ते में आरोपी की दादी भी लगती है। उसके द्वारा उसे समझाया गया, परंतु वह माना नहीं, काफी देर तक समझाने पर जब वह नहीं माना तो उक्त पड़ोसियों के द्वारा मौके पर 112 पुलिस भी बुलाई गई, मौके पर पहुंची 112 पुलिस के द्वारा उक्त आरोपी सोनू को समझा बुझा दिया गया और वह चुपचाप सो गया। परंतु आरोपी सोनू के द्वारा सोमवार की सुबह फिर वही घटनाक्रम दोहराया जाने लगा, जिस पर मृतका बुजुर्ग महिला तारावती के द्वारा फिर उसे मना किया गया, जिस पर आक्रोशित होकर आरोपी सोनू ने मृतका बुजुर्ग महिला तारावती के ऊपर धारदार कुल्हाड़ी से कई बार हमला कर दिया और उसके सिर पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार करते हुए चोट पहुंचाई एवं उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। घटना के समय मृतका महिला के परिजन खेतों की ओर गए थे, जैसे ही ग्रामीणों के द्वारा उन्हें सूचना प्राप्त हुई तो वह मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दर्दनाक घटनाक्रम देखते हुए सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर मय पुलिस बल के साथ पहुंचे शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने मृतका महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मटर लादकर लखनऊ जा रहा डीसीएम अनियंत्रित होकर खाई में पलटा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर सई नदी पुल के निकट अघौरा गांव के पास मटर लादकर आ रहा एक डीसीएम अनियंत्रित होकर

○ पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फंसे चालक को निकाला बाहर

गहरी खाई में पलट गया। जिससे उसका चालक उसी में फंस गया, जिसे 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल चालक रिंकू सोमवार की सुबह तकरीबन तीन से चार बजे के आसपास अपने डीसीएम में जबलपुर (मध्यप्रदेश) से मटर लादकर उक्त मार्ग होते हुए लखनऊ जा रहा था। जैसे ही उसने थाना क्षेत्र के अंतर्गत सई नदी पुल को पार किया और अघौरा गांव के नजदीक पहुंचा, तभी उसका डीसीएम अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ सड़क मार्ग किनारे स्थित गहरी खाई में पलट गया। डीसीएम के पलटते ही मौके पर अपरा तफरी मच गई। और उसका चालक उसी में फस गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के पश्चात डीसीएम के केबिन में फंसे चालक रिंकू को गेट और डीसीएम का अगला हिस्सा काटकर किसी तरह बाहर निकाला गया और उक्त डीसीएम चालक के पैरों में गंभीर चोटे आई है। वहीं पुलिस के द्वारा पूर्व से ही एंबुलेंस को भी सूचना दे दी गई थी। परंतु घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे गाड़ी मालिक के द्वारा अपने ड्राइवर रिंकू को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं पुलिस के द्वारा हाइड्रा वगैरा मंगवाकर उक्त डीसीएम को किनारे करते हुए आवागमन फिर से सुचार रूप से शुरू कराया गया। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है मौके पर पुलिस टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के पश्चात चालक को बाहर निकालकर उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

# जांच में दोषी पाए जाने पर डीएम ने जारी किया नोटिस

## डीपीआरओ की लापरवाही, नहीं हुई कार्रवाई

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जहां सीतापुर जिलाधिकारी राजा गणपति आर के द्वारा ग्रामीणों की शिकायत पर भ्रष्टाचार्यो के खिलाफ टीम गठित की जा रही है टीम के द्वारा निष्पक्ष जांच किया जाता है जिसमें सचिव और प्रधान सभी दोषी पाए जाते हैं जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रधान को कारण बताओं नोटिस जारी की जाती है और सचिव के लिए संबंधित अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी को कार्यवाही के लिए निर्देशित करते हैं परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा समय को ध्यान में न रखकर कार्यवाही में लिपौती कर दिया है जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार 15 दिन में कार्यवाही करनी चाहिए थी परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा सचिन और प्रधान के जवाब ना आकर उनकी फाइल दबा दी गई लगभग एक महीना बीत गए हैं फिर भी जवाब नहीं मिला है और डीपीआरओ द्वारा सचिव और प्रधान को संरक्षण देकर बचाने का कार्य किया गया है बताते चलें बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र सोमेश्वर दयाल शुक्ला निवासी ग्राम पंचायत शिवधाना विकास खण्ड बिसवों, सीतापुर के नोटरी सत्यापित शिकायती पत्र दिनांक 09.09.2024 की जॉच जिलाधिकारी सीतापुर के आदेश सं0 4285 दिनांक 23-11-2025 के कम में जिला पूर्ति अधिकारी सीतापुर द्वारा की गयी। जाँच में पाया गया कि प्रमोद कुमार अवस्थी, ग्राम प्रधान शिवथाना एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान के पुत्र संगम अवस्थी के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी धन का भुगतान किया गया। ग्राम प्रधान के सगे चचेरे भाई की फर्म आराध्या इण्टरप्राइजेज एवं सप्लायर्स नाम की फर्म पर बड़े पैमाने पर धनराशि हस्तान्तरित की गयी जबकि शासन के निर्देशानुसार ग्राम प्रधान के निकट सम्बन्धी की फर्म पर धनराशि का हस्तान्तरण किया जाना प्रतिबन्धित है। जाँच में दोषी पाये जाने पर जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर द्वारा ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार अवस्थी को कारण बताओ नोटिस पत्र सं0 8316 दिनांक 17-11-2025 द्वारा निर्गत करते हुए निर्देशित किया कि 15 दिवस के अन्दर अपना पक्ष/स्पष्टीकरण मय सुसंगत साक्ष्यों के प्रस्तुत करें परन्तु दिनांक 07-12-2025 तक ग्राम प्रधान द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी सीतापुर द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव का स्पष्टीकरण मांगा गया था जो नियत तिथि तक अप्राप्त है। इसके बावजूद जिला पंचायतराज अधिकारी सीतापुर द्वारा नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही न करके प्रकरण को लम्बित रखा जा रहा है। देखना यह है कि अन्य ग्राम पंचायतों की जाँचों की भाँति जिला पंचायत राज अधिकारी प्रश्नगत प्रकरण में विधि सम्मत कार्यवाही कराते हैं अथवा अन्य जाँचों की भाँति इसे भी ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है।




## डीएम ने पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सीतापुर में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय की क्षमता को दोगुना किए जाने के उद्देश्य से कराए जा रहे अनावासीय भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रशिक्षण क्षमता में शीघ्र वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली से अन्नीबैजल पहुंचे सांसद पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड गौरीगंज के अंतर्गत अन्नीबैजल निवासी कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह के ज्येष्ठ पुत्र दीपक सिंह का रविवार की सुबह बस और कार की भीषण टक्कर में असामयिक निधन हो गया। दीपक ने भीषण कोहरे के कारण कार से न जाने की बजाय बस से जाने का फैसला किया था, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है, क्या पता था कि बस आज उनकी जान ले लेगी, दीपक सिंह बहुत ही मिलनसार प्रतिभा के व्यक्ति थे, इस घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया। घटना की सूचना मिलते ही सांसद किशोरीलाल शर्मा अन्य कार्यक्रम स्थगित कर सीधे दिल्ली से गौरीगंज पंहुचे और शोकाकुल परिवार के बीच उपस्थित होकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सांसद ने दिवंगत दीपक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

# व्यापार मंडल ने भ्रष्ट नौकरशाही के खिलाफ खोला मोर्चा

▸ विधायक अर्चना पांडेय को सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने भ्रष्ट नौकरशाही के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदेश मंत्री व जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता तथा जिला महामंत्री व प्रदेश प्रतिनिधि राजीव दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आह्वान पर पूरे प्रदेश में उद्यमियों व व्यापारियों के आर्थिक शोषण एवं मानसिक उत्पीड़न करने वाले महाभ्रष्ट नौकरशाहों व सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया गया है। ज्ञापन में जनपदीय सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा संबंधित मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन ने विधायक से अनुरोध किया कि यह ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाए। इससे पूर्व सदर कन्नौज विधायक एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तथा तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत को भी भ्रष्टाचार रोकने हेतु ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। जिला उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा ने कहा यह अभियान व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर चलेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, सुरेश वर्मा तथा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कार चालक सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर के तिरंगा तिराहे पर 2 दिन पहले तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके परिजन ने कार के अज्ञात चालक सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मालूम हो कि आवास विकास कॉलोनी निवासी घायल पवन मिश्रा उर्फ बज्जू का रेस्टोरेंट सौरिख रोड पर ग्राम खोजीपुर-रम्पुरा के सामने 'पिज़्ज़ा कॉर्नर' के नाम से चलता है।

रोज की तरह रात करीब 11 बजे रेस्टोरेंट बंद कर घर लौट रहे पवन को पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत चिंताजनक होने पर सौ शैया अस्पताल से रेफर कर दिया गया।

# ईश्वर व आनंद दोनों पर्यायवाची : डॉ. हरीश्वरी देवी

▸ दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन व मधुर संकीर्तन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



मोहल्ला बजरिया स्थित चंद्रकांता पैलेस में कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका सुश्री डॉ. हरीश्वरी देवी जी ने द्वितीय दिवस अपने प्रवचन में बताया कि विश्व का प्रत्येक जीव ईश्वर का अंश है और ईश्वर एवं आनंद दोनों पर्यायवाची शब्द हैं।

उन्होंने कहा ईश्वर का ही दूसरा नाम आनंद है। हम आनंद के अंश हैं इसलिए आनंद चाहते हैं। जो आनंद हम चाहते हैं वह अनंत मात्रा का होता है, अनंत काल के लिए होता है। प्रतिक्षण वर्तमान होता है, नित्य नवायमान होता है। वह दिव्यानंद ऐसा होता है कि एक बार मिल जाने पर अनंत काल के लिए मिला रहता है। उसका कभी अभाव नहीं होता। उसके ऊपर दुःख अनंतकाल तक अपना अधिकार नहीं कर सकता लेकिन संसार में तो अनादिकाल से अब तक ऐसा सुख नहीं मिला। संसार में हमें जो सुख मिलता है, वह तो क्षणिक मन का सुख है, आत्मा का सुख नहीं है। आत्मा का सुख हमारे अंश परमात्मा में ही मिलेगा।

आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 26 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 4:30 से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर पर पधारकर आध्यात्मिक लाभ उठाएं।

## राठ रोड उरई पर अतिक्रमण हटाओ अभियान, यातायात व्यवस्था सुचारु

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा राठ रोड, उरई पर सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अभियान के दौरान सड़क एवं पटरियों पर अस्थायी रूप से किए गए निर्माण, ठेले, गुमटी एवं अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। संबंधित अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी।

# डायट के प्रशिक्षु (ट्रेनी) करेंगे निपुण आकलन




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बीआरसी में खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुई प्रधानाध्यापकों की बैठक में निपुण आकलन से जुड़ी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। एआरपी योगेश यादव ने बताया कि 29 फरवरी से डायट के प्रशिक्षु (ट्रेनी) द्वारा इस आकलन का संचालन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित तैयारियों को तत्काल पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। निपुण के तहत सभी विद्यालयों में रंगाई पुताई का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। साथ ही स्कूल परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थित रखरखाव को विधिवत सुनिश्चित किया जाए ताकि आकलन के दौरान अनुकूल वातावरण बना रहे। छात्रों के लिए आवश्यक सामग्री, डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि का उपयोग कर छात्रों के लिए ड्रेस (यूनिफॉर्म), जूता, मोजा और स्कूल बैग की खरीदारी तुरंत पूरी कर ली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा आकलन के दौरान इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में न रहे। निपुण एप एवं एनबीएमसी पोर्टल पर दर्ज प्रगति की समीक्षा की गई। कई विद्यालयों में अपेक्षित प्रगति न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन विद्यालयों द्वारा निर्धारित कार्य समय पर नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एआरपी योगेश यादव, अच्युत त्रिपाठी, सुशील कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

## नाले के निर्माण से जलभराव का खतराः सौरव यादव



**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका द्वारा तालग्राम रोड तिराहे से बहवलपुर तक बन रहे नाले से स्थानीय निवासियों में चिंता बढ़ गई है, जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी. सौरव यादव ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि यह नाला पूरे शहर का गंदा पानी बहवलपुर के तालाब में पहुंचाएगा, जबकि थोड़ी-सी बारिश में ही तालाब का पानी आसपास के घरों में घुस जाता है। नगर पालिका ने बंद नालों का चौड़ीकरण नहीं कराया और पानी निकासी का कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया। सौरिख रोड से तिलखोर नदी को कब्जामुक्त नहीं कराया गया, जिससे जल भराव की समस्या का समाधान हो सकता था। बहवलपुर का पुराना नाला नबीशेर खां की दुकान के पीछे से संतोष भुर्जी के मकान होते हुए जीटी रोड तक निकलता था, लेकिन बड़ा तालाब मिट्टी डालकर कुछ लोगों द्वारा बंद कर दिया गया। इस बारिश में पहले से अधिक परेशानी की आशंका है। बहवलपुर के 4-5 तालाबों की सफाई नहीं हुई। यदि तालग्राम रोड से तुलाराम की चक्की तक नाला बनाकर पानी रामताल में पहुंचाया जाए, जहां पहले से नाले का पानी जाता है, तो गंदे पानी से कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# युवाओं को मतदाता बनने का आह्वान

▸ रोलबैक अभियान में नामों का सत्यापन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम खोजीपुर के बूथ संख्या 124, 125 और 126 पर विशेष गहन पुनरीक्षण का निरीक्षण करने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने युवाओं को मतदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा फॉर्म-6 भरकर मतदाता अवश्य बनें। इससे लोकतंत्र की मजबूती में योगदान होगा। प्रिया शाक्य ने बताया कि एसआईआर के बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत व्यक्तियों के नामों का सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए 'रोलबैक' नामक विशेष अभियान शुरू किया है। रविवार को इसी अभियान के तहत बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाता सूचियां पढ़कर सुनाई। जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम सूची में शामिल करा सकते हैं। उधर, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता टिल्लू जेडी जनता इंटर कॉलेज के बूथों पर पहुंचे। बीएलओ ने वहां सूचियां पढ़ीं और मतदाताओं को नाम जुड़वाने, हटाने या संशोधन कराने में सहायता प्रदान की। नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 भरवाकर नाम दर्ज कराए गए। इस अभियान से मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### छत से गिरकर अधेड़ की मौत, स्वजनों में मची चीख पुकार

**तालग्राम, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** कस्बा तालग्राम के मोहल्ला गांधी नगर में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मकान की छत से फिसलकर नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मोहल्ला गांधी नगर निवासी भूरा (55) पुत्र सनाउल्ला सोमवार दोपहर अपने परिवार के साथ मकान की छत पर धूप में बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और आनन- फानन में उसे तालग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि भूरा मजदूरी कर अपने परिवार का पालन- पोषण करता था। उसके पीछे तीन बच्चे रहमान, जीशान और बबली हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

### जमीनी हकीकत परखने के लिए समधन की ईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**समधन, समृद्धि न्यूज।** सरकारी धन का अब ठेकेदारों की ओर से नही होने देंगे दुरपयोग मनमाना रवैया खत्म करें ठेकेदार शासन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते ईओ ने नगर में चल रहे विकास कार्यो की जमीनी हकीकत परखने के लिये खेल कूद के लिये पार्क व तालाब पर चल रहे सुंदरीकरण का निरीक्षण किया गया। समधन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सोमवार को पहली बार नगर के मोहल्ला असफाकउल्लाह नगर में करीब आठ लाख रुपये की लागत से बन रहे खेल कूद के लिये पार्क का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने कार्य को जल्द पूरा करने को कहा है इसके बाद रिउरी तालाब के सुंदरीकरण कार्य का मुआयना करने के दौरान ठेकेदार को मानक व गुणवत्ता से काम कराने के निर्देश दिये है। ईओ ने कहा कि सरकारी धन का दुरपयोग किसी कीमत पर नहीं होने दिया जायेगा जो ठेकेदार पुराने अपने मनमाने रवैये से काम कराने का प्रयास करेगा उसको किसी कीमत बर्दास्त नहीं किया जायेगा साथ ही नगर की साफ सफाई व्यवस्था पर चिन्ता जताते और चुस्त दुरुस्त करने का फरमान सुनाया है आगे कहा इसके लिये वहां नगर के सभी सफाई कर्मचारियों की बैठक लेकर एक रोस्टर के अनुसार सफाई व्यवस्था का काम शुरू कराया जायेगा। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अयान हुसैन सिद्दीकी, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, सफाई नायक सुनील कुमार व नरेश चंद्र , बबलू ,आनन्द कुमार आदि मौजूद रहे।



# सरकारी स्कूलों में डिजिटल क्रांति की सुगंध

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की पुरानी छवि अब इतिहास बनने को तैयार है। इत्र नगरी कन्नौज अब डिजिटल नवाचार की सुगंध से महक रही है। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शशिकांत शुक्ला के नेतृत्व में जिले के सरकारी स्कूलों में कोडिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नया दौर शुरू हो गया है। मिशन कायाकल्प के बाद बेसिक शिक्षा विभाग अब बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने पर जोर दे रहा है। 'कोडअप' अभियान के तहत उच्च प्राथमिक, संयुक्त, प्रधानमंत्री श्री और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्रों को कंप्यूटर चलाने के साथ-साथ कोडिंग भी सिखाई जा रही है। उद्देश्य साफ है–गांव के कोने में रहने वाले बच्चे को केवल उपभोक्ता न बनाकर सर्जक बनाना। हाल ही में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) लखनऊ और आईआईटी कानपुर के संयुक्त आयोजन में आईआईटी कानपुर में हुए प्रशिक्षण ने इस प्रयास को नई गति दी। जिले के नवाचार दूत (शिक्षक) अब स्कूलों में 10-10 बच्चों की विशेष दलों का गठन कर रहे हैं, जिन्हें 'उत्तर प्रदेश के युवा कोडर' कहा जाएगा। ये दल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं ऐप और सॉफ्टवेयर परियोजनाएं विकसित करेंगे। 'जब एक किसान का बच्चा कोडिंग से सिंचाई की समस्या हल करने वाला ऐप सोचेगा, तभी सच्चा डिजिटल भारत का स्वप्न साकार होगा। शिक्षक शशिकांत शुक्ला का कहना है कि बच्चे ब्लॉक-आधारित कोडिंग से खेल और चित्रण बनाना सीख रहे हैं, जबकि पायथन जैसी भाषाओं से वैश्विक सॉफ्टवेयर उद्योग के लिए तैयार हो रहे हैं। पाठ्यपुस्तकों में क्यूआर कोड से विश्वस्तरीय डिजिटल सामग्री एक स्कैन दूर है। साथ ही, साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और खतरों से बचाव सिखाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री, उच्च प्राथमिक और संयुक्त स्कूलों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाएं और स्मार्ट कक्षाएं इस क्रांति का आधार हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे जिले में तेज है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, आईआईटी कानपुर और बेसिक शिक्षकों के इस त्रिकोणीय प्रयास से प्रदेश के 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों को बुनियादी कोडिंग में निपुण बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन समाप्त करने का लक्ष्य है। कन्नौज के बेसिक स्कूलों से उठी यह चिंगारी शिक्षा का परिवेश बदल रही है और उत्तर प्रदेश को देश का कोडिंग केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# फ्री मेडिकल कैंप में भारी संख्या में पहुंचे मरीज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** फातहे बिलग्राम मिशन द्वारा मोहल्ला लाहौरी टोला बखरी चौक में लगे 1 फ्री मेडिकल कैंप में भारी संख्या में पहुंचे मरीजों ने अपने मर्ज के हिसाब से फ्री दवाइयां ली। हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की सरपरस्ती में यह कैंप लगाया गया, जिसमें कानपुर के डॉ. वसीम खान एमबीबीएस पेट, छाती, क्षय रोग, चर्म रोग, और रक्तचाप विशेषज्ञ, जूनियर डॉ मो. सैफी व डॉक्टर स्टाफ समद खान ने मरीजों का देखा। हजरत ने नगरवासियों से अधिक से अधिक मरीजों को कैंप में लाने की अपील की थी। इसके बाद भारी संख्या में मरीज पहुंचे और मर्ज के हिसाब से दवाइयां दी गई। इस दौरान कैंप इंचार्ज आमिर अत्तारी, फैसल वास्ती, महमूद मंसूरी, दिलनवाज, फैसल खान आदि का सहयोग रहा।



# सोनू कश्यप हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

निर्बल इंडिया शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देश पर एसडीएम को ज्ञापन देकर मेरठ के सरधना क्षेत्र में मछुआ समाज के युवक सोनू कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में जिलाध्यक्ष अनूप कश्यप ने कहा है कि प्रशासन द्वारा प्रारंभिक स्तर पर मामले की लीपापोती की कोशिश की गई, जिससे समाज में तीव्र रोष व्याप्त है। डॉ. संजय निषाद का कहना है कि मेरठ जाते समय गाजियाबाद की सीमा पर उन्हें रोका जाना उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है, जबकि उसी समय अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों (सांसद हरेंद्र मलिक एवं विधायक अतुल प्रधान को पीड़ित परिवार से मिलने की अनुमति दी गई। यह प्रशासन की पक्षपातपूर्ण मंशा दर्शाता है और सरकार की छवि धूमिल करता है। इस दौरान दिलीप कुमार कश्यप, विकास कश्यप, वीरेंद्र कुमार कश्यप, राम रतन कश्यप, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकासभवन में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** शालापूर्व शिक्षा को अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में रॉकेट लर्निंग संस्था के सहयोग से आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने रॉकेट लर्निंग संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शालापूर्व शिक्षा में खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों के साथ आधुनिक तकनीकों का उपयोग समय की आवश्यकता है। इससे आंगनवाड़ी केंद्रों पर शैक्षिक गतिविधियों का सुचारु संचालन सुनिश्चित होगा और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। डिजिटल सामग्री के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण, शिक्षण में तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा नवाचार आधारित शिक्षण विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। रॉकेट लर्निंग संस्था के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा की। इस मौके पर रॉकेट लर्निंग संस्था के प्रतिनिधि दीपक कौशल, अमित शर्मा, हृतिक शर्मा, मयंक कुमार एवं बृजेंद्र अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक दबोचा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, उपनिरीक्षक विनोद कुमार कश्यप सहित पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सोलंकी ढाबा के पीछे से एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शिवम सक्सेना (27) पुत्र रमाकान्त सक्सेना निवासी ग्राम लाड़पुर ऊँचा, थाना गुरसहायगंज के रूप में हुई है।

## सूरजपुरा में मरघट जाने वाले रास्ते पर जमाया अवैध कब्जा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।** गांव में स्थित श्मशानघाट के लिए जाने वाले रास्ते पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। मरघट के रास्ते से कब्जा हटवाने की मांग को लेकर ग्राम सूरजपुरा के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मरघट के रास्ते पर किए गए कब्जों को हटवाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पंचायत काशीपुरा के गांव सूरजपुरा में शवों के अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशानघाट बना हुआ है। श्मशानघाट घाट तक जाने वाले मार्ग पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिससे यह रास्ता बंद हो गया है। मरघट के रास्ते पर कब्जा हो जाने के कारण ग्रामीण शव लेकर श्मशानघाट नहीं पहुंच पा रहे हैं।

# डीएम ने 168 दिव्यांग बच्चों को जरूरी उपकरण बांटा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को जनपद में दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपकरण वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड डाकोर स्थित बीआरसी मडोरा में किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 168 दिव्यांग बच्चों को एएलआईएमसीओ कानपुर के सहयोग से 218 सहायक उपकरण एवं उपस्कर वितरित किए गए, जिससे बच्चों को शिक्षा एवं दैनिक जीवन में सुविधा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगता किसी भी प्रकार से कमजोरी नहीं है, बल्कि यह एक चुनौती है, जिसे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से अवसर में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग बच्चे शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से समाज को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों एवं उनके अभिभावकों से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। एएलआईएमसीओ कानपुर की ओर से अब्दुल रहमान, प्रेरणा एवं मोहनलाल द्वारा बच्चों के चिन्हीकरण एवं उपकरण वितरण में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक पाण्डेय एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्पेशल एजुकेटर नीरज पांचाल, मनीष कुमार, ईश्वरचन्द्र पाल, जगत सिंह पाल, संदीप दीक्षित, कपूरी देवी, वर्षा बिश्नोई, रोहित कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य कार्मिकों का विशेष योगदान रहा।

# आलू में लगने वाले परंपरागत रोग को समय से बचाएं : डॉ. अरविंद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** आलू में लगने वाले परपरा रोग को पर्रा एवं मुरचा रोग आदि नामों से भी जाना जाता है। दिसंबर माह में मौसम में परिवर्तन, अधिक आद्रता एवं पोषक तत्वों के असंतुलित प्रयोग से यह रोग होता है। यह रोग ढालू जमीन, बलुई भूमि एवं आलू की फसल चिप्सोना 1, 2 एवं चिप्सोना 3 आदि में ज्यादा लगता है। इस रोग में आलू की फसल जब 40 से 45 दिन की हो जाती है तब फसल की पत्तियां किनारे से हल्की पीली होकर पूरी पत्तियों में कत्थई या लोहे की जंग जैसे धब्बे दिखाई पड़ने लगते हैं और फसल बीच- बीच में या टुकड़ों में प्रभावित होती है। फसल में झुलसा ,सल्फर एवं पोटेशियम जैसे तत्वों की कमी के लक्षण दिखाई पड़ने लगते हैं। परंपरा से किसान भाई अपनी फसल को बचाने हेतु प्रति टंकी पोटेशियम सल्फेट 100 से120 ग्राम, कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 30 से 35 ग्राम एवं जिंक सल्फेट 20 से 30 ग्राम का प्रयोग कर सकते हैं और एक बीघा आलू में लगभग दो टंकी दवा की आवश्यकता अनुसार पर्णीय छिड़काव करें। दूसरा छिड़काव 7 से 10 दिन के अंतराल पर कर सकते हैं जिससे फसल को परपरा रोग से बचाया जा सकता है।



# अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने दो सड़कों का किया लोकार्पण



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर विधायक ने दो सड़कों का लोकार्पण किया। बोले कि अगले 6 माह में बाँसमई तक सड़क बनेगी।

क्षेत्र के विकास को गति देते हुए अमृतपुर विधानसभा के विधायक सुशील शाक्य ने विकास कार्यों की श्रृंखला में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया। चांदपुर चौराहा और आसपास के क्षेत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विधायक ने नारियल फोड़कर और पूजन कर सड़कों को जनता को समर्पित किया। विधायक द्वारा क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुगमता प्रदान करने के लिए लगभग 1600 मीटर लंबी इस डामर सड़क के बनने से कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से सुगम हो जाएगा। चांदपुर में सुधीर कुमार की दुकान से लेकर महिपाल के घर तक 220 मीटर लंबी सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। जिससे जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। जिसका संचालन अमन अवस्थी ने किया। इस दौरान विधायक सुशील शाक्य के साथ मंच पर चेयरमैन अनिल राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज और प्रधान अभय राज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव की गलियों से लेकर मुख्य मार्गो तक को पक्का करने का संकल्प तेजी से पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम में हेम सिंह लोधी, अरविंद राजपूत पूर्व प्रधान, उमेश चंद्र दीक्षित, शिव प्रताप सिंह, अनुज भदौरिया, समरपाल सिंह, धर्मेंद्र राजपूत, महावीर राठौर, योगेंद्र सिंह राठौड़, संजीव गुप्ता, कारिंदा राजपूतए, वीर सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्टेडियम के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर नाम रोशन किया



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उदीयमान खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। स्टेडियम में चल रहे ताइक्वांडो खेल के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त उपलब्धि हासिल कर जनपद के लिए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8वीं इंडो-नेपाल ताइक्वांडो ओपन प्रतियोगिता अकबरपुर कानपुर के माती स्टेडियम में सम्पन्न हुई। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग करके जनपद का नाम रोशन किया। स्टेडियम के के ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुशांत गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें शिवांश त्रिपाठी, अंश कटियार, खुशबू एवं निधि ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि अगस्त्य एवं स्पर्श ने रजत पदक तथा आंशिक एवं आदित्य चौहान ने रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष शशांक शेखर, मनीष कुमार, अमित त्रिपाठी, आकाश वर्मा एवं टीम कोच ने विजेताओं को बधाई दी।

# ईपीएस-95 संघर्ष समिति ने सांसद व सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस-95 संघर्ष समिति ने राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार पेंशन बढ़ोत्तरी को लेकर आगामी सत्र में बजट स्वीकृत कराने हेतु सांसद मुकेश राजपूत तथा जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। सांसद ने कहा कि हम आप लोगों की पेंशन बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार से अनुरोध करेंगे। ज्ञापन सौंपते समय ज्ञान प्रकाश पाठक प्रांतीय संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश, चंद्र प्रकाश मंडल उपाध्यक्ष, कश्मीर सिंह कटियार जिला सचिव, अशोक कुमार त्रिवेदी जिला उप सचिव, मनोज कुमार गुप्ता मंडल प्रतिनिधि, अनिल कुमार राठौर जिला उपाध्यक्ष, बलवीर सिंह जिला लेखाकार, महेश शाक्य, लालाराम, बालकिशन वर्मा आदि पेंशनर सम्मिलित हुए।

## बाइक फिसलने से प्रधान घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत मोहद्दीनपुर मजरा महमूदपुर पट्टी सपाह निवासी ग्राम प्रधान अजयपाल बाइक द्वारा जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम नागसैय्यद चौराहे के पास पहुँचे, तभी अचानक सामने से आ रही जेसीबी मशीन को बचाने लिए अजयपाल ने अपनी बाइक मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सड़क किनारे पड़ी गिट्टी पर बाइक फिसल गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल अजयपाल को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# कानपुर सांसद के प्रयास से अमृतपुर को जल्द मिलेगा रोडवेज यात्री प्रतीक्षालय

- स्थल का हुआ निरीक्षण



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कानपुर से सांसद रमेश अवस्थी के प्रयासों से अमृतपुर में रोडवेज यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा अमृतपुर पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नगला हूसा ग्राम प्रधान रामबरन सक्सेना ने रोडवेज यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रधान ने बताया कि फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर तहसील मुख्यालय से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित सरकारी 13 डिसमिल भूमि को ग्राम सभा द्वारा रोडवेज बस प्रतीक्षालय के लिए उपलब्ध कराने की स्वीकृति दे दी गई है। इस मौके पर फर्रुखाबाद से अमृतपुर आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए देर रात्रि बस सेवा शुरू करने की भी मांग रखी गई। क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि आज स्थल का सर्वे कर लिया गया है और जल्द ही यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए देर रात्रि बस संचालन भी शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व कानपुर सांसद रमेश अवस्थी के अपने पैतृक गांव आगमन के दौरान क्षेत्रीय मीडिया द्वारा रोडवेज बस स्टैंड निर्माण की मांग उठाई गई थी। सांसद ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया। जिसके परिणामस्वरूप आज निरीक्षण की कार्रवाई की गई। सांसद के प्रयासों से अमृतपुर में रोडवेज बस स्टैंड बनने की दिशा में ठोस पहल हुई है। सांसद के छोटे भाई राजीव अवस्थी उर्फ गप्पू ने बताया कि प्रतीक्षालय के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय एक रूम और टीन शेड की भी स्वीकृति कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान सांसद के छोटे भाई राजीव अवस्थी उर्फ गप्पू, अजय अवस्थी, मनोज अवस्थी तथा नगला हूसा ग्राम प्रधान रामवरन सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने इस पहल पर खुशी जताते हुए इसे यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा बताया।

## खबरें एक नजर में

### किशोर के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी पर दोष सिद्ध

**सजा के बिंदु पर 22 जनवरी की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी अनुज पुत्र भईयालाल राजपूत निवासी ग्राम सूदन मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 जनवरी की तिथि नियत है।

बीते नौ वर्षों पूर्व थाना मेरापुर के एक ग्राम निवासी युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे आठ वर्षीय पुत्र को बुखार आ रहा था। 18 जुलाई 2017 को पुत्र को नहला रही थी। उसके अंडरवियर में रक्त लगा हुआ था। उससे छने पर बताया कि मैं शाम को प्राइमरी स्कूल पर खेल रहा था। अनुज ने मुझे सड़क के किनारे झाड़ियों में ले जाकर मेरे साथ गलत काम किया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस को तहरीर दी। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। साक्ष्य गवाह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, भानु प्रकाश मिश्र की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश ने अनुज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 जनवरी की तिथि नियत है।

### जिला पर्यावरण समिति की सदस्य बनीं सुमन श्रीवास्तव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा गठित पर्यावरण वन एवं जलवायु समिति में तीन सदस्यों को नामित किया गया है। जिसमें फर्रुखाबाद से सुमन श्रीवास्तव पत्नी धर्मेंद्र श्रीवास्तव निवासी डिग्गीताल थाना कादरीगेट जनपद फर्रुखाबाद का नाम शामिल है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को उपरोक्त समिति में सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संदर्भ में विशेष सचिव विनय कुमार सिंह उ0प्र0 शासन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। सुमन श्रीवास्तव को शासन द्वारा सदस्य नामित किये जाने पर उन्हें शुभचिंतकों ने घर पहुंचकर बधाई दी।



### अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर महिला को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव फैजुल्लापुर निवासी विनोद कुमार ने अपनी पुत्री की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव निवासी युवक के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालीजन अतरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री को गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। जिसको लेकर विनोद कुमार ने कई बार पुत्री के ससुरालीजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुरालीजन नहीं माने। सोमवार दोपहर लगभग एक बजे घरेलू बातों को लेकर पति सहित ससुरालीजनों ने पुत्री को गाली-गलौज किया।

# सीएमओ ने स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनींद्र कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों के रजिस्टर, उपलब्ध दवाइयों, एक्स-रे मशीन तथा होम्योपैथिक दवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया।

सीएमओ ने चिकित्साकर्मियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों को समय पर बेहतर उपचार और दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाएँ। सीएमओ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एलोपैथिक शिविर में प्रतिदिन लगभग 200 से 300 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। गंभीर अवस्था वाले मरीजों को आवश्यकतानुसार राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया जा रहा है। एलोपैथिक चिकित्सा शिविर में चिकित्सक अपूर्व शुक्ला, जय द्विवेदी, निधि मिश्रा तथा कर्मचारी गुलाब सिंह अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। वहीं होम्योपैथिक शिविर में भी स्टाफ की उपस्थिति पाई गई और उपचार कार्य सुचारु रूप से चलता मिला।

# तालाब पर दबंगों ने किया कब्जा, शिकायत एसडीएम से



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीणों ने आबादी की भूमि पर स्थित वर्षों पुराने तालाब पर दबंगों द्वारा मिट्टी डालकर अवैध कब्जा किये जाने के सम्बन्ध उप जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

उप जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि वह ग्राम बिरिया नगला, पोस्ट रजीपुर, परगना भोजपुर, तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद के निवासीगण है। ग्रामीणों के ग्राम में आबादी की भूमि पर बने वर्षों पुराने तालाब पर दबंग महेश सिंह व अवधेश सिंह आदि पुत्रगण स्व0 अंगद सिंह ने अपनी दबंगई व गुण्डई के बल पर उक्त तालाब को मिट्टी डालकर बन्द कर रहे है, जबकि ग्रामीणों के गाँव एवं घरों का गंदा पानी एवं बरसाती पानी इसी तालाब में जाता है। यदि उक्त तालाब बन्द हो जाता है तो गाँव एवं घरों का बरसाती एवं गंदा पानी सड़कों के ऊपर बहने से जलभराव हो रहा है। जिससे आने जाने ग्रामीणों व छात्र -छात्राओ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि हमारे नाम पट्टा है और उन्होंने लेखपाल को अपने नाम का पट्टा भी दिखाया। उक्त लोग जमींदार हैं और जमींदारों के नाम पट्टा नहीं दिया जाता है। इन लोगों ने जो निहास भरी थी उस पर इनके मकान बने है। उस तालाब में पानी जाने के लिए पुलिया भी बनी है जिसकी ईटे वहीं पर पड़ी थीं। उक्त तालाब का पट्टा मछली पालन हेतु सर्वमित्र पुत्र विशाल चन्द्र निवासी उपरोक्त के नाम वर्ष 1992 में किया गया था। जो इस समय उक्त दबंग महेश चन्द्र सिंह व अवधेश सिंह आदि ने जालसाजी करके अपने नाम पट्टा करा लिया है। ऐसी स्थिति में गाँव में काफी तनाव बना हुआ है। उक्त लोग गाँव वालों को जानीमाली बराबर धमकियों दे रहे हैं। आबादी की जगह में बने पुराने तालाब वर्ष 1963 की चकबन्दी में किसी कारणवश अभिलेखों में ताला दर्ज नहीं हो पाया। ग्रामीण अनुज प्रताप सिंह, आशीष कुशवाहा, गोविन्द, नितिन कुमार, धर्मपाल, मनीष कुमार, योगेश कुमार, रामकिशोर ने उपरोक्त तालाब को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराये जाने की मांग की है।

# पॉक्सो व दुष्कर्म के आरोपी पर दोष सिद्ध

- सजा के बिंदु पर 20 जनवरी की तिथि निहित है




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने सलमान उर्फ भूरा पुत्र अनोखे लाल निवासी ग्राम पपड़ी कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि नियत है।

बीते नौ वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज के ग्राम युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पत्नी व दस वर्षीय पुत्री सात मई 2017 को बरामदे में सो रही थी, तभी सलमान जो कि घर की छत से नीचे आकर मेरी पुत्री का मुंह दबाकर जबरदस्ती गलत काम किया। चीख पुकार की आवाज सुनकर घर के परिजन आ गए, जिस पर आरोपी भाग गया। पुत्री की हालत ज्यादा गंभीर हो गई। उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश ने सलमान उर्फ भूरा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि नियत है।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव पितौरा निवासी सनोज कुमार उम्र 35 वर्षीय पुत्र कृपा शंकर जिम करके वापस अपने घर के लिए लौट रहा था। जैसे ही वह खान पेट्रोल पम्प के निकट पहुँचा, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दो सगे भाइयों सहित तीन को मारपीट के मामले में पांच-पांच वर्ष का कारावास

**प्रत्येक आरोपी को बारह हजार दो सौ रूपये के अर्थदंड से किया गया दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या सात न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने राजकुमार, राजेश्वर उर्फ राजेंद्र पुत्रगण प्यारे लाल, जितेंद्र पुत्र राजेंद्र निवासीगण दलेलगंज शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच-पांच वर्ष के कारावास से दंडित किया है। बीते 15 वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद पुलिस को वादिनी रीता ने जुबानी सूचना में बताया कि मेरे जेठ का लड़का बलराम अपने दरवाजा के सामने बैठा था। जिसने गुटखा पुड़िया खाकर थूक दिया। उसी समय राजकुमार की पत्नी निकली और गाली-गलौज करने लगीं। इस विवाद को लेकर राजकुमार, राजेश्वर, जितेंद्र ने ईट पत्थर चलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर राजकुमार, राजेश्वर, जितेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। सभी आरोपियों को बारह हजार दो सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। कुल अर्थदंड की धनराशि का पचास प्रतिशत मुकदमा वादिनी को दिया जायेगा।

# भाई की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराये जाने की मांग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहन ने भाई की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराये जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता बजरानी पुत्री कैलाश पत्नी अभिलाख सिंह निवासिनी ब्राहिमपुर सतधरा थाना भोगाँव जनपद मैनपुरी की निवासिनी है। पीड़िता का मायका ग्राम नगला हीरा सिंह थाना नवाबगंज में है। पीड़िता 04 बहनें तथा एक भाई पारस था। जिसकी हत्या उसके निवास ग्राम नगला हीरा सिंह थाना नवाबगंज में सम्पत्ति के लालच में पारस की पत्नी कृपान्ती, उसकी मॉ सुशीला देवी पत्नी स्व0 श्यामबाबू व पारस के साले सुशील कुमार व सचिन कुमार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से साज व षडयन्त्र के तहत मृतक पारस के घर में ही कर दी गयी थी। जिसकी जानकारी दिनांक 24.12.2025 को होने पर पीड़िता भी अपनी अन्य तीनों बहनों के साथ घटनास्थल पर पहुँची थी, तो उसने देखा कि पीड़िता के भाई पारस के शव पर तमाम चोटें थीं। जिसके बाद पंचायतनामा, पोस्टमार्टम दिनांक 24.12.2025 को मृतक पास के साले सुशील कुमार की सूचना पर पुलिस थाना नवाबगंज द्वारा कराया गया। चूँकि पीड़िता के भाई मृतक पारस की पत्नी कृपान्ती का व्यवहार से क्षुब्ध होकर पारस ने अपने पुत्र शरद कुमार व शेखर कुमार को पीड़िता की बहन शिवरानी निवासिनी बलारपुर रामनगर थाना बिछ्वा जिला मैनपुरी में शिक्षा ग्रहण करने व जीवन सुरक्षित रखने की गरज से रखा था। जहाँ शरद कुमार व शेखर कुमार एस0डी0एस0 पब्लिक स्कूल जगतपुर में पढ़ रहे हैं। पीड़िता के भाई मृतक पारस की शव परीक्षण आख्या से स्पष्ट है कि मृतक पारस की हत्या हुई है स्वाभाविक मौत कतई नही है, परन्तु मृतक पारस की हत्या कैसे व किस प्रकार की गयी है, इस हेतु मृतक पारस की हत्या की प्राथमिकी दर्ज होकर विवेचना किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। हत्या का कारण मृतक की सम्पत्ति है। जिसे मृतक की पत्नी कृपान्ती, मॉ सुशीला देवी व भाई सुशील कुमार व सचिन कुमार कब्जा कर प्राप्त करना चाहते है, जबकि मृतक पारस के दो पुत्र शरद कुमार व शेखर कुमार व पुत्री कुमारी तनु है।

# स्कूल वाहन चालकों को किया गया जागरूक

- सड़क सुरक्षा की दिलायी गयी शपथ
- स्कूल बसों का किया गया निरीक्षण
- 4 ओवरलोड व 1 बिना फिटनेस संचालित ट्रक पकड़ा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में दिनांक 19.01.2026 को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा राजपूताना पब्लिक स्कूल में स्कूल वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। चालकों को विद्यालय वाहन धीमी गति से चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, प्रेशर हार्न व मल्टी टोन्ड हार्न का प्रयोग न करने, वाहन के समस्त प्रपत्र वैध होने पर ही वाहन चलाने, छात्रों एवं अभिभावकों से मृदु व्यवहार करने तथा स्कूली वाहन की स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारियों तथा चालक/परिचालकों ने उपस्थित रहकर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली कि वे सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हृदयेश भी उपस्थित रहे। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर स्कूल बसों का निरीक्षण किया। बसों में कमी पाये जाने पर 01 बस को नोटिस जारी किया गया। बिना परमिट संचालन पाये जाने पर 01 स्कूल बस को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 04 ओवरलोड ट्रक सीज कर रू0 1.09 लाख का जुर्माना आरोपित किया गया। 01 बिना परमिट ट्रक को सीज कर रू0 41000 का जुर्माना लगाया गया। आज की कार्यवाही में कुल 11 वाहनों पर कार्यवाही करते हुये रू0 1.95 लाख जुर्माना लगाया गया।

## गंगा में उभरे टापू युवाओं के लिए बने सेल्फी प्वाइंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट पर चल रहे रामनगरिया मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां श्रद्धालु गंगा स्नानए धार्मिक अनुष्ठानों के साथ नौका विहार भी कर रहे हैं। गंगा नदी का जलस्तर कम होने से कई स्थानों पर टापू उभर आए हैं। नौका विहार करने वाले श्रद्धालु इन टापुओं पर पहुंचकर सेल्फी ले रहे हैंए जिससे ये टापू अब सेल्फी प्वाइंट बन गए हैं। हालांकि इस दौरान श्रद्धालुओं की जान जोखिम में पड़ने की आशंका बनी हुई है। ये टापू हाल ही में गंगा का जलस्तर घटने के कारण उभरे हैं। इन टापुओं के आसपास पानी की गहराई का कोई अनुमान नहीं है और न ही कोई चेतावनी झंडी लगाई गई है।

# बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए लगाया जायेगा शिविर : मुकेश गुप्ता

**अनिल बाजपेई को मिला जिला प्रभारी का दायित्व**




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही बैंक संबंधी समस्याओं को लेकर व्यापारियों के बीच जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अलग-अलग स्थान पर जागरूकता कैंपों का आयोजन करेगा। जीएसटी के संबंध में भी जागरूकता पैदा करेगा, ताकि व्यापारियों को रिटर्न भरने में परेशानी ना हो। स्थानीय समस्याओं पर रेलवे रोड के बारे में संगठन की आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि संगठन को क्या करना है। यह बात भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जिला चेयरमैन सुभाष अग्रवाल ने नुनहाई कटरा स्थित कालेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कही। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी अनिल वाजपेई को संगठन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया वह नियुक्त पत्र दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने पूछने पर कहा कि रेलवे रोड के मसले पर वे संगठन की आपात बैठक बुलाएंगे और रणनीत पर ठोस निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे रेट रोड के निर्माण को लेकर उनका मानना है कि व्यापारी जिसमें संतुष्ट हो हम वही करेंगे, क्योंकि हम व्यापारी के साथ हैं, हमारा कोई व्यक्तिगत इंटेंशन मार्ग निर्माण को लेकर नहीं है। उन्होंने भारतीय व्यापार प्रतिनिधि मंडल की उपलब्धियां की और जीएसटी मामले में कई व्यापारियों को रात दिलाने की बात कही। प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि वह संगठन के माध्यम से बैंकिंग संबंधी समस्याओं से व्यापारियों को निजात दिलाने के लिए कैंपों का आयोजन करके व्यापारियों तक लाभकारी योजनाओं को पहचाने और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 37 साल तक बैंक में सर्विस करने के कारण वे व्यापारियों को बैंकिंग में आने वाली समस्याओं से अवगत इसलिए उनका भली भांति समाधान क्या सकेंगे। जल्द ही योजना बनाकर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल प्रदेश का सबसे मजबूत और बड़ा संगठन है क्योंकि उसके प्रदेश अध्यक्ष व्यापार और व्यापारियों की समस्याओं के अच्छे जानकार हैं यह बताओ के साथ कह सकते हैं। जहां तक नियुक्तियों की की बात है तो संगठन में जनबल बहुत जरूरी होता है इसलिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। जिला चेयरमैन सुभाष अग्रवाल ने संगठन द्वारा कराए जाने वाले आध्यात्मिक कार्य की जानकारी देते हुए कहा कि 21 जनवरी को गंगा घाट पर सामूहिक भोज का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें आगामी रणनीति बनाई जा सकती है। नव नियुक्त जिला प्रभारी अनिल बाजपेई ने कहा कि उनका संगठन के द्वारा जो दायित्व दिया गया है उसका निर्वाह करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और व्यापारी हित में हर तरीके का संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। मौके पर जिला महामंत्री आनंद मोहन वर्मा, युवा प्रदेश मंत्री सुशील अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राजीव अग्रवाल, श्रवण बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# जनपद का नाम बदलने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरु



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** श्रीपांडेश्वर नाथ शिवालय (पंडाबाग मंदिर) से आमजनमानस की भावना का आदर करते हुए, गुलामी के प्रतीक नाम फर्रुखाबाद को बदलने के लिए हस्ताक्षर अभियान का द्वारा शुभारंभ संत शिरोमणि राजेश बाबा (ऋषि आश्रम पांचालघाट) के द्वारा आचार्य प्रदीपनारायण शुक्ल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। आमजनमानस से आग्रह किया है कि इस हस्ताक्षर अभियान में स्वतः प्रयास कर हस्ताक्षर करने लिए स्वयं भी आएं और अन्य लोगों को भी लाएं। जिससे इस विषय पर मताधिक्य दिख सके और गुलामी का प्रतीक हमारे जनपद से धोया जा सके। हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा की फर्रुखाबाद का नाम यहाँ के पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व के हिसाब से पांचालनगर होना अति आवश्यक है, हम इस अभियान को चलाकर गुलामी का प्रतीक नाम बदलवाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्र, जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, रोहन कश्यप, दिलीप शर्मा, शशिकांत पाराशर, सोहन शुक्ला, आदित्य मिश्रा, कौशल गुप्ता, सौरभ शाक्य, प्रिंस पाठक, आलोक मिश्रा, दीपक मिश्रा, विजय कटियार, शिवांग बाजपेई, लगी सक्सेना, प्रशांत यादव, रामशंकर मिश्रा, आदर्श शर्मा, अमन राजपूत, करन बाथम, सोनू मौर्या, बंटी मौर्या, अनमोल मौर्या, राधारमन शुक्ला, कल्लू दीक्षित, मंटू मिश्रा, अनमोल पाण्डेय, नमन सैनी, उत्तम प्रांशु, दारा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ रैली निकाल चलाया गया जागरुकता अभियान




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में चाइनीज़ मांझे के खिलाफ तीन दिवसीय जागरूकता अभियान का शुभारम्भ जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने किया। अपर जिला जज संजय कुमार ने कोतवाली फर्रुखाबाद पहुंचकर मौजूद सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं आम जन को चाइनीज़ मांझे का प्रयोग ना करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने आम जन मानस से अपील करते हुए कहा कि चाइनीज मांझे से होने वाली जन हानि को रोकें। एवं सजा के प्रावधानों के बारे में जागरुक किया। एनसीसी, व्यापार मण्डल, रेड क्रॉस सोसाइटी, भारत विकास परिषद ने रैली निकाल कर चाइनीज़ मांझे का प्रयोग ना करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शीश महरोत्रा, पारुल पांडे, निशांत तिवारी, जवाहर सिंह गंगवार, दीपिका त्रिपाठी, भारती मिश्रा, डॉ0 नावेद अलीम, डॉ0 नवनीत गुप्ता, सदानंद शुक्ला, मनोज मिश्रा, विमलेश मिश्रा, शिवाशीष तिवारी एवं कोतवाली निरीक्षक दर्शन सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।


# धीरज पाण्डेय पुनः बने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडे को राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पुनः नियुक्त किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मोहित नवानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को पिछले 7 वर्षों से लगातार धीरज कुमार पांडे मजबूत कर रहे हैं, मानव के अधिकारों के बारे में जनता को जागरुक कर रहे हैं, गरीब कमजोर असहाय लोगों की मदद निःस्वार्थ कर रहे हैं, जब से धीरज कुमार पांडे को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है तब से प्रदेश के 68 जनपदों में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के जिला अध्यक्ष नियुक्त होकर संगठन सक्रियता से कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी बताया कि पिछले एक वर्ष में धीरज कुमार पांडे के द्वारा प्रदेश में 2000 से अधिक लोगों को न्याय दिलवाया गया। इन सब कार्यों को देखते हुए संगठन की राष्ट्रीय कोर कमेटी ने पुनः प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

# सदर विधायक ने जसमई विद्युत केंद्र का किया निरीक्षण

**हर हाल में पहले चरण का कार्य मार्च तक पूरा करने के दिये निर्देश**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अपने द्वारा प्रस्तावित 10एमवीए के विद्युत उपकेंद्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जसमई स्थित विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर विद्युत अधीक्षण अभियंता अजय कुमार, विद्युत अवर अभियंता बृजभान एवं एसडीएओ, जेई व अन्य विद्युत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये कि पहले चरण का मोटर रुम का काम हर हाल में मार्च तक पूर्ण हो जाना चाहिए। जिसमें उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर अप्रैल तक उपलब्ध हो सके। आने वाली गर्मी से जनता को राहत मिल सके। क्षेत्र की जनता के सामने औचक निरीक्षण से लोग सकते में थे। वैसे जनता निर्माण कार्य की गति से संतुष्ट है। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि जर्जर तारों को बदलने के लिए 2025-26 के नये बिजनेस प्लान में विद्युत विभाग से 6 करोड़ के नये तारों की व्यवस्था करायी है। जसमई के साथ-साथ सेन्ट्रल जेल विद्युत केंद्र का निर्माण कार्य भी गति से चल रहा है।

# मानक व दस मीटर सड़क निर्माण को लेकर पूरे दिन चला धरना

**चेयरमैन पति ने दिखाया शासन का पत्र, व्यापारी माने, धरना समाप्त**




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** रेलवे रोड निर्माण के मानकों पर भड़के व्यापारी 7 की जगह 10 मीटर सड़क की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलायें धरने में शामिल हुई। नगर व्यापार मण्डल ने समर्थन करते हुए धरना पर बैठे। उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने कहा कि माडल रोड की बात की गई थी। व्यापारियों की दुकानें तोड़ी गई थी, तीन साल तक रेलवे रोड के व्यापारियों का दर्द समझा नहीं गया। नगर पालिका एक साल से कोरे आश्वासन देते चला आ रहा है। जबकि देर शाम नगर पालिका अध्यक्ष के पति मनोज अग्रवाल ने धरने पर पहुंचकर शासन द्वारा जारी पत्र को दिखाया, उसके बाद व्यापारी मान गये। देर शाम धरने को समाप्त किया गया।

शहर के रेलवे रोड पर निर्माण कार्य शुरू होते ही विवाद खड़ा हो गया है। सोमवार को सड़क निर्माण के मानकों से नाराज बड़ी संख्या में व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के बैनर तले धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। व्यापारियों ने मौके पर टेंट लगाया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मानक बताओ रोड बनाओ की मांग की। व्यापारियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही सड़क की चौड़ाई केवल 7 मीटर रखी गई है, जबकि इसे 10 मीटर होना चाहिए। व्यापारियों के अनुसार तीन वर्ष पूर्व जब नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था, तो उनकी दुकानों और मकानों में तोड़फोड़ की गई थी। उस समय प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि शहर का मॉडल रोड बनाया जाएगा, जिसमें 10 मीटर चौड़ी सड़क और फुटपाथ शामिल होंगे। धरने के दौरान युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, नेहा मिश्रा, सीता भदौरिया, माला कटियार, मोनी शुक्ला, रेखा मिश्रा, निशा, मनोज कुमार, अरुण अग्निहोत्री, नितिन गुप्ता, आमीर खान, डा0 महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत कुशवाहा, ओमबाबू कुशवाहा, अर्पित गुप्ता, आजम खां, अजीम खां, शान मोहम्मद खां आदि लोग मौजूद रहे। देर शाम धरना समाप्त होने के बाद पुलिस ने सभी को समझाकर घर भेजा।

# डीएन कालेज के प्राचार्य मनोज गर्ग को शिक्षकों ने दी विदाई

**डा. रामनरेश सिंह ने संभाला प्राचार्य पद का दायित्व**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** दुर्गा नारायन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ0 मनोज गर्ग का स्थानान्तरण श्री शालिगराम शर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय रासना मेरठ में होने के चलते सोमवार को महाविद्यालय में विदाई सम्मान समारोह का हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजा, अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिवार के समस्त स्टाफद्वारा प्राचार्य के सम्मान में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के उपरान्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग द्वारा डॉ0 राम नरेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास विभाग को नये प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कराया गया। नये प्राचार्य को समस्त स्टाफ द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

## छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में पुलिस ने नहीं की कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी। थाना कमालगंज के एक ग्राम निवासी पीड़ित ने दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को प्रदीप पुत्र बृजकिशोर निवासी खुदागंज अक्सर आते-जाते परेशान व छेड़छाड़ करता है। 17 जनवरी को शाम 5 बजे प्रदीप ने मेरी पुत्री को घर में अकेला देख घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा और उसे बुरी नियत से दबोच लिया। चीखपुकार की आवाज सुनकर मैं व आसपास के लोग आ गये। जिन्हे देखकर भाग गया।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षा और सत्संग से मनुष्य में बढ़ता है ज्ञान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष में आज प्रातःकाल विशाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि मनुष्य जीवन की उन्नति के दो ही प्रकार हैं, शिक्षा और सत्संग, नैमित्तिक ज्ञान के बिना मनुष्य की उन्नति नहीं हो सकती, इसलिए ईश्वर ने सृष्टि के आदि में मनुष्य मात्र के कल्याण के लिए वेदों का ज्ञान दिया। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने सत्संग की गंगा में जो नित्य नहाते हैं, पापी से पापी भी पावन बन जाते हैं। भजन के माध्यम से बताया कि सत्संग रूपी साबुन से व्यक्ति का मन पवित्र बनता है, मन की पवित्रता से विचार पवित्र बनते हैं और विचार के पवित्र होने से आचरण पवित्र होता है। पण्डित शिवनारायण आर्य, पण्डित रामवीर आर्य ने भजनों से सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। कु0 उदिता आर्या ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी महेन्द्रानंद ने सभा का संचालन किया। सभा में प्रमोद कुमार यादव, हरिओम शास्त्री, उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, अनिल आर्य, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन 20 जनवरी मंगलवार को प्रातः बजे विद्यालय परिसर में होगा। मेले में पांच कम्पनिया प्रतिभाग करेंगी। अभ्यार्थी शैक्षिक प्रपत्रों के साथ रोजगार मेले में भाग लें।

# नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आगामी 23 जनवरी को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

डीएम ने निर्देशित किया कि 23 जनवरी को शाम 06 बजे 02 मिनिट के लिये ब्लैक आउट होगा। ब्लैक आउट के दौरान चिन्हित एरिया में सभी लाईट बंद रहेगी। वाहन नहीं चलेंगे व वाहनों की लाइट बंद रहेगी। इसके बाद अग्निशमन कार्यालय में हवाई हमले की स्थिति में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर आग बुझाने, घायलों को निकालने व अस्पताल पहुंचाने की मॉकड्रिल की जायेगी। शाम 05 बजे सभी लोग अग्निशमन केंद्र पर एकत्र होंगे। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद की आपातकालीन रेस्पॉन्स टीम को क्रियाशील रखे। सभी महत्वपूर्ण जगह का चिन्हांकन करा लिया जाए, सभी अस्पताल अग्निशमन केंद्र फायर हाइड्रेंट को चिन्हित कर लिया जाये, नगर क्षेत्रों में लगे सभी पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियाशील किया जाये। एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, नेहरू युवा केंद्र,, स्काउट गाइड के माध्यम से स्कूल व कॉलेज में बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाये। ब्लैक आउट क्या होता है और इसमें क्या करना होता है इसके बारे में जनता को जागरूक किया जाये, सम्बंधित सभी विभाग आपातकालीन स्थिति से निपटने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ले।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व आपदा विशेषज्ञ व सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसोसिएशन ने देय एसीपी निर्गत कराने की मांग

**जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बीएसए को सौंपा गया ज्ञापन**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी की अध्यक्षता में बैठक में सम्पन्न हुई। बैठक में एसीपी लगवाने पर चर्चा हुई। सभी कर्मचारियों ने संयुक्त रुप से समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि संगठन 20 नवम्बर को जनपद के समस्त कर्मचारियों के साथ ज्ञापन सौंपा था। जिसमें मांग की गई थी कि समस्त कर्मचारियों के देय एसीपी लगवाने हेतु कहा गया था। संबंधित खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा न ही देय की पत्रावलियां प्रेषित की गई और न ही स्वीकृत आदेश निर्गत नहीं किया गया। जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। जनपद के सभी कर्मचारियों का एसीपी देय है, उसको तत्काल स्वीकृत आदेश निर्गत किये जाने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी, अनुराग सक्सेना, अरशद सिद्दीकी, सुमन मिश्रा, प्रतिभा दिवाकर, गजेन्द्र सिंह, निर्मल बौद्ध, सुशील सक्सेना, अश्वनी कुमार मौजूद रहे।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए डीएम ने दिलायी शपथ




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक, बाल विवाह-डिस्ट्रिक टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय रेस्क्यू टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागा में सम्पन्न हुई। डीएम ने अपर जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वार्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर समितियों की बैठक रोस्टर जारी कर प्रत्येक त्रैमास में ही सम्पन्न करायी जायें एवं ग्राम चैपाल के एजेण्डा में शामिल किया जाये। इसके साथ ही समस्त खण्ड विकास अधिकारी भी ब्लॉक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठकों को 01 वर्ष के रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से सम्पन्न करायें। डीएम ने 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ भी दिलायी गयी। जनपद के होटल/ढाबों/कारखानों पर श्रम विभाग द्वारा बाल श्रमिकों के सम्बन्ध में निरन्तर अभियान चलाया जाये। ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया गया कि गम्भीरता और सघनता के साथ अभियान चलाकर जनपद में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा स्कूटी/किसी भी प्रकार वाहन एवं ई-रिक्शा चलाते हुए पाये जाने पर कार्यवाही की जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक विद्यालय में बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रत्येक माह एक गोष्ठी का आयोजन किया जाये एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में बच्चों को जागरूक किया जाये। बाल विवाह को रोकने हेतु चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, इमरजेंसी नम्बर 112 अथवा विभागीय सी0यू0जी0 नम्बर 7518024057 पर सूचना दें। अपर पुलिस अधीक्षक को बाल विवाह की रोकथाम हेतु एक सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिये गये।

100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु जनपद के समस्त विद्यालयों/कालेजों के शिक्षकों द्वारा अनिवार्य रूप पोर्टल पर ऑनलाइन शपथ लेने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# मेला श्रीराम नगरिया में बाल श्रम रोकने के प्रति किया गया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** बाल श्रम विभाग द्वारा जागरुकता अभियान पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में चलाया गया। श्रम विभाग की आयुक्त नम्रता सिंह ने जागरुकता वाहन को मेले में रवाना किया और बाल मजदूरी को रोकने के लिए जागरुक किया गया। जागरुक करने के दौरान उन्होंने सभी से अपील की कि बाल मजदूरी एक अभिषाप है। बच्चों से किसी भी तरह की बाल मजदूरी न करायी जाये। जनपद को बाल श्रम से मुक्त कराना है। 14 से लेकर 18 वर्ष से कम आयु के किशोर से बाल मजदूरी कराना अपराध है, अगर कोई कार्य कराता पाया गया तो संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जायेगी। मेला श्रीराम नगरिया में वाहन चलाकर घूम-घूम बाल मजदूरी रोकने के लिए जागरुक किया गया। इस मौके पर विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

**नाम संशोधन**

मेरा नाम ऐनी अन्सारी है जोकि पासपोर्ट में त्रुटिवश ANEY ANSARI D/O AFSAR HUSAIN अंकित हो गया है, जबकि सारे डॉक्यूमेंट में AINEE ANSARI D/O AFSAR HUSSAIN है। पासपोर्ट में नाम AINEE ANSARI D/O AFSAR HUSSAIN ही अंकित किया जावे।

**ऐनी अन्सारी पुत्री अफसर हुसैन निवासी- याकूतगंज- 209749 जिला फर्रुखाबाद, (उ.प्र.)।**

**सूचना**

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ में विभिन्न रेजीमेन्टल दुकानों आवंटन के लिए उपलब्ध हैं जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सन्दर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र पी.आर.आई कार्यालय, सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ के पते पर दिनांक 30 जनवरी 2026 से पहले सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर के मुख्य द्वार पर रखे हुए बीड बोक्स में डालें या रजिस्टर्ड डाक करें। 30 जनवरी 2026 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकानों का आवंटन उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।

1. Perfume shop. 2. Grilled Food shop.

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति ने पोस्टमार्टम की मांग की

**सिंगाही खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र अंतर्गत ऐली गांव में 38 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान शिव देवी पत्नी सूरज कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शिव देवी बीते लगभग एक सप्ताह से बीमार चल रही थी। मृतका का पति सूरज कुमार पिछले सात माह से दिल्ली में मजदूरी कर रहा था। रविवार को जब वह दिल्ली से घर लौटा तो उसे पत्नी की मौत की जानकारी मिली। घटना से आहत पति ने मामले को संदिग्ध बताते हुए स्थानीय थाना सिंगाही में तहरीर दी और निष्पक्ष जांच के साथ शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल सिंगाही पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर मौत

**निघासन खीरी।** सोमवार शाम ढखेरवा रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना सिसवारी क्षेत्र के गांव सिसवारी निवासी रामजती (45) पत्नी रामफल अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से गांव से पढ़ुखिया जा रही थीं। जैसे ही वे ढखेरवा रोड पर प्रीतमपुरवा मोड़ के पास पहुंचे, तभी सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां से गन्ना खाली कर लौट रहे ट्रक (संख्या यूपी 32 डीएन 6140) ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामजती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चला रहे रामफल को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर निघासन कोतवाल महेशचंद्र सहित पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### छह चोरी की बाइकों के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार, आरोपियों पर दर्ज हैं दर्जनों मुकदमें




**मोहम्मदी खीरी।** नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्जनपदीय गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस बड़ी कामयाबी का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय ने मोहम्मदी कोतवाली में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान किया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमने मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई और नगर से कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज निकाले घेराबंदी कर इन दोनों शातिर चोरों को दबोच लिया। बरामद की गई मोटरसाइकिलें अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी की गई थीं, जिन्हें ये शातिर चोर ठिकाने लगाने की फिराक में थे। पुलिस की पूछताछ और जांच में सामने आया है कि दोनों अभियुक्त पेशेवर अपराधी हैं। इन पर पहले से ही चोरी एवं अन्य आपराधिक धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इनके अन्य साथियों और चोरी के वाहनों को खरीदने वाले नेटवर्क के बारे में भी पूछताछ कर रही है।अधिकारियों कासफल अभियान में पुलिस टीम का नेतृत्व और समन्वय सराहनीय रहा। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह और एस.एच.ओ.उमेश चौरसिया भी मौजूद रहे। उपरोक्त अधिकारियों व उनकी टीम का विशेष और महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनकी सूझबूझ से यह बरामदगी संभव हो सकी। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय ने पुलिस टीम की इस तत्परता और सफलता की सराहना करते हुए पूरी टीम के लिए पुरस्कार की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आम जनमानस में सुरक्षा का भाव बना रहे।

### विकास खंड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला आयोजित



**जसपुरा/बांदा।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला विकास खंड जसपुरा में सोमवार को आयोजन किया गया। मेले में कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं किसानों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डा. योगेश यादवराव सुमठाने ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने किसानों से बीज बैंक को स्वयं के स्तर पर विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि खेती के तरीकों में समय के अनुसार बदलाव लाना आवश्यक है, तभी उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। संयुक्त खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषकों को जल के समुचित उपयोग एवं संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से ही भविष्य की खेती सुरक्षित की जा सकती है।राजकीय कृषि बीज भण्डार जसपुरा के प्रभारी पंकज सिंह राजावत ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सोलर फेंसिंग, सोलर पम्प, एफपीओ (थ्व्), कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा कीटनाशकों के संतुलित उपयोग के बारे में किसानों को अवगत कराया। मेले में विजय मल्होत्रा (उप प्रभारी बीज भण्डार जसपुरा), राजयोगी ब्रह्मा कुमार ओमप्रकार मसूराह, पंकज यादव, मुबीन खान, नरेश कुमार, भोला प्रसाद, राजेश कुमार सहित अन्य कृषि विशेषज्ञ व किसान उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं संसाधनों की जानकारी मिली, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सिकहुला गांव में विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान की चौपाल, सांसद ने बांटे कंबल



**जसपुरा/बांदा।** सोमवार को ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के सिकहुला गांव में सोमवार को विकसित भारत जी रामजी जनजागरण अभियान के तहत कृषक-श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गांव के जानकी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद का भाजपा नेताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद ने गांव के बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को 50 कंबल वितरित किए।चौपाल को संबोधित करते हुए सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा योजना चलाई गई थी, जिसमें 100 दिन रोजगार की गारंटी दी गई थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को विकसित भारत जी रामजी योजना के रूप में आगे बढ़ाने की बात कही जा रही है, जिसके तहत ग्राम पंचायतों में 125 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्यों जैसे कटाई-बुवाई के समय काम बंद रहेगा, जबकि खाली समय में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट, बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। सांसद ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों-कांग्रेस, सपा और बसपा के कार्यकाल में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार हुआ। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत (भाजपा बांदा), मंडल अध्यक्ष साहिब सिंह जसपुरा, राकेश सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता), संतोष गुप्ता (डिप्टी डायरेक्टर) लाल बाबू मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और उपस्थित ग्रामीणों व अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार वेदप्रकाश पैलानी भी उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जसपुरा पुलिस बल तैनात रहा। चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# पीड़िता को धमकाया, फिर मामूली धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

- किराएदार महिला से दुष्कर्म का प्रयास, जानलेवा हमला और पुलिस पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप
- पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, सीओ को सौंपी गई जांच

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के गोला कोतवाली क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जहाँ एक किराएदार महिला ने अपने ही मकान मालिक पर जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास, बर्बर मारपीट, जानलेवा हमले और आभूषण छीनने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। साथ ही पीड़िता ने गोला कोतवाली पुलिस पर भी गंभीर उत्पीड़न, मनमानी तहरीर लिखवाने और मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता निवासी थाना मितौली, ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने पति और ससुरालजनों के साथ भूतनाथ मंदिर के पास एक मकान में किराए पर रहती थीं। उक्त मकान का स्वामी सौरभ वर्मा पुत्र दिनेश वर्मा है।



पीड़िता के अनुसार, 15 जनवरी 2026 की रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच मकान मालिक सौरभ वर्मा जबरन किराए के मकान में घुस आया और सीधे कमरे में पहुंचकर बुरी नीयत से पकड़ लिया। विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए गए और दुष्कर्म का प्रयास किया गया। शोर सुनकर पति बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की गई। आरोप है कि हमलावर ने पीड़िता के संवेदनशील अंगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। मारपीट के दौरान कान से सोने के टॉप्स भी छीन लिए गए। किसी तरह बाहर निकलने पर घर के बाहर धारदार हथियार (बांका) से भी हमला किया गया। इस दौरान आरोपी के कुछ परिजन और साथी मौके पर मौजूद रहे। पीड़िता ने आरोपी के बाबा रामाधार वर्मा पर भी मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि घटना के समय उन्होंने तत्काल डायल 112 पर कॉल की और इसके बाद गोला कोतवाली पहुँचीं, लेकिन वहाँ उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। आरोप है कि पुलिस ने मनमानी तहरीर लिखवाने का दबाव बनाया, पति को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और बाद में मूल तहरीर लिए बिना ही हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

इतना ही नहीं, पीड़िता ने आरोप लगाया कि कोतवाली परिसर में तैनात एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा थप्पड़ मारे गए, जबकि अन्य पुलिसकर्मी मौन दर्शक बने रहे। पीड़िता का कहना है कि वह रात 9 बजे से सुबह 3 बजे तक कोतवाली में बैठी रहीं और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। पीड़िता ने मांग की है कि घटना स्थल (भूतनाथ मंदिर के सामने स्थित मकान) और गोला कोतवाली परिसर–दोनों जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तत्काल सुरक्षित कर जांच में शामिल की जाए, क्योंकि इन्हीं में पूरे घटनाक्रम के रिकॉर्ड होने की संभावना है। तहरीर में है उल्लेखित है कि मुख्य आरोपी सौरभ वर्मा तथा रामाधार वर्मा पर पूर्व में भी हत्या समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं, जिससे पीड़िता और उसके परिवार को भविष्य में गंभीर खतरे की आशंका है।

> मामले को लेकर जब गोला कोतवाली के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो प्रभारी कोतवाल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत किए जाने की जानकारी उन्हें मिली है और मामले की जांच की जाएगी।
> एसपी लखीमपुर खीरी संकल्प शर्मा ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिया गया शिकायती पत्र सीओ गोला को जांच के लिए सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि जांच सीओ स्वयं करेंगे और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पांच दिन तक इलाज नहीं, छठे दिन बाहर भेजा गया मरीज

- लखनऊ में डॉक्टरों ने बताया नसें सूख चुकी थीं, मजबूरी में काटा पैर, एसडीएम से शिकायत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क हादसे में घायल युवक का समय पर इलाज न होने से उसका पैर काटना पड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने निजी अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी गोला को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। धर्म सिंह पुत्र हरदेव सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट खंजनपुर, थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर खीरी ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को शाम लगभग 4ः30 बजे उनका इकलौता पुत्र गुरजीत सिंह अपनी मौसी बलविंदर कौर के साथ मोटरसाइकिल से कुकर गोला रोड होते हुए गोला शहर आ रहा था। इसी दौरान जंगल क्षेत्र में एक कार (पंजीकरण संख्या PU32FM2324) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गुरजीत सिंह का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बलविंदर कौर का भी दाहिना पैर घुटने के ऊपर से टूट गया। दोनों को अन्य चोटें भी आईं। परिजन घायलों को तत्काल गोला बाईपास रोड स्थित सनशाइन हॉस्पिटल ले गए। आरोप है कि अस्पताल में भर्ती करने के बावजूद पांच दिन तक घायल गुरजीत सिंह का कोई प्रभावी इलाज या ऑपरेशन शुरू नहीं किया गया। इस दौरान परिजनों को यह भी नहीं बताया गया कि अस्पताल में गंभीर ऑपरेशन से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जबकि ऐसे मामलों में 48 घंटे के भीतर ऑपरेशन होना बेहद जरूरी माना जाता है। छठे दिन अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को बाहर ले जाने की सलाह दी, जिसके बाद परिजन उसे लखनऊ लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि इलाज में अत्यधिक देरी के कारण पैर की नसें सूख चुकी हैं और अब ऑपरेशन संभव नहीं है। मजबूरी में गुरजीत सिंह का पैर काटना पड़ा। पीड़ित ने कहा,यदि समय रहते सही इलाज शुरू किया जाता या मरीज को पहले ही उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया जाता, तो उनके बेटे का पैर बच सकता था। मामले के लिए सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा को जिम्मेदार ठहराया है।

> इस संबंध में उप जिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें शिकायत ज्ञापन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जाएगी। अस्पताल के मानकों और वहां संचालित चिकित्सकीय सुविधाओं की मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) स्तर से जांच कराकर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पलिया एसडीएम पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप



- गोला बार एसो. ने जताया कड़ा विरोध

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील पलिया के उप जिलाधिकारी द्वारा पलिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य अधिवक्ताओं के विरुद्ध कथित रूप से दर्ज कराई गई फर्जी प्रथम सूचना रिपोर्ट को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। इसी क्रम में सोमवार को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन गोला, जिला लखीमपुर खीरी की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें पलिया की घटना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक स्वर में पलिया के उप जिलाधिकारी की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे अधिवक्ता समुदाय के सम्मान पर आघात बताया। अधिवक्ताओं का कहना था कि तहसील पलिया के उप जिलाधिकारी द्वारा पलिया बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार मेनरो एवं अन्य अधिवक्ताओं के खिलाफ रंजिशन और दुर्भावनापूर्ण तरीके से फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है।

बैठक के पश्चात सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में मांग की गई कि पलिया तहसील बार अध्यक्ष एवं अन्य अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज कराई गई फर्जी एफआईआर को तत्काल प्रभाव से स्पंज किया जाए। दूसरे प्रस्ताव में पलिया बार अध्यक्ष की तहरीर के आधार पर दोषी उप जिलाधिकारी पलिया एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई। तीसरे प्रस्ताव में चेतावनी दी गई कि यदि अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज की गई फर्जी एफआईआर को शीघ्र स्पंज नहीं किया गया, तो अधिवक्तागण उग्र विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं चौथे प्रस्ताव के तहत उक्त घटना के विरोध में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन गोला के समस्त अधिवक्ता सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहे।इस संबंध में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन गोला की ओर से जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी गोला के माध्यम से भेजा गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि तहसील गोला के विभिन्न न्यायालयों एवं अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है। इस मौके पर मंत्री अधिवक्ता अनूप वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष लाल बिहारी वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि नाम पांडे, अवधेश वर्मा, आदर्श वर्मा, सुनील वर्मा, जय गोविंद राठौर, विजेंद्र यादव, रंजीत वर्मा, सर्व शक्ति सिंह, राम कृष्ण, नरेंद्र शुक्ला, सुमित गिरी समेत कई दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता गण मौजूब रहे।

## जाति-बिरादरी से उठकर एकजुटता पर ध्यान दें हिंदू: धीरेन्द्र शास्त्री

- आरएसएस के हिन्दू सम्मेलन में पधारे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

**बांदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बांदा द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन चिल्ला रोड स्थित होटल रामदा में किया गया जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रचारक श्रीराम जी के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रांत प्रचारक श्रीरामजी ने संघ 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए हिंदुओं के संगठित रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि धीरेन्द्र शास्त्री जी ने हिंदुओं से जाति बिरादरी से ऊपर उठकर समाज में समरसता बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जातियां पहले भी थीं, पर जातिवाद नहीं था। आज जितनी जातियां नहीं है



उससे ज्यादा जातिवाद है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को जनसंख्या बढ़ाने तथा बच्चों को नौकरी-व्यापार के साथ संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को पवित्र सनातन धर्म, संस्कृति एवं समाज की सदैव रक्षा करने हेतु शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सह-प्रांत प्रचारक मुनिश, विभाग प्रचारक ऋतुराज, विभाग कार्यवाह संजय, अनुराग, रामनाथ, उमाशंकर सहित हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहें। संचालन श्याम निगम ने किया।

## खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन



**मितौली।** विकासखंड मितौली क्षेत्र के ग्राम पकरिया जलालपुर बाजार में मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव वर्मा द्वारा खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय समिति के सदस्य जुगल किशोर उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव वर्मा ने अपने सुपुत्र एवं परिवार सहित सहभाग किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान मकर संक्रांति पर्व की पारंपरिक एवं सामाजिक समरसता की भावना देखने को मिली।

## वांछित को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट करने वाले मुख्य वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि 3 दिसंबर 25 को थाना पैलानी क्षेत्रान्तर्गत सिंधनकला के पास कुछ लोगो द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट की घटना कारित कि गई थी तत्पश्चात ट्रक चालक की सूचना पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को 4 दिसंबर 25 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था जबकि मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी



के प्रयास किए जा रहे थे । मुखबिर की सूचना पर मुख्य अभियुक्त को ग्राम सिंधनकला से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए है। बता दें कि अभियुक्त पर पूर्व में भी हत्या, मारपीट गैंगस्टर एक्ट आदि सहित आधा दर्जन मामलें दर्ज है। जिसमें उसे आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है और वह वर्तमान में जमानत पर बाहर था। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पिंटू पुत्र रणधीर निवासी सिंधनकला थाना पैलानी जनपद बांदा है।

## विद्यालयों के चालकों एवं परिचालकों का चरित्र सत्यापन कराया जाये: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा जिला परिवहन सुरक्षायान की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस की चेकिंग कराया जाने तथा 15 वर्ष से पूर्व के वाहनों का पंजीकरण निरस्त किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी विद्यालयों के चालकों एवं परिचालकों का चरित्र सत्यापन कराया जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय प्रबंधन अपने स्कूल में 18 वर्ष से कम आयु के साथ छात्राओं को वाहन लेकर नहीं आने दें, विद्यालयों के आगे स्पीड बेकार बनाए जाने के निर्देश उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिएस विद्यालयों के प्रचालकों का नेतृ परीक्षण कराया जाने हेतु शिविर लगाए जाने के निर्देशित किया। उन्होंने स्कूलों की रोड़ों की गढ़ों की मरम्मत किए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में कमी लसने हेतु लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या में पिछले माह में कमी आई हैस उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई किए जाने तथा समन शुल्क वसूलने के निर्देश दिए, जिसके अंतर्गत बताया गया की 112 ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 59 लाख का समन शुल्क वसूल किया गया है। उन्होंने विद्यालयों में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दिए जाने हेतु निर्देशित किया, जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को तिंदवारी के पास महोखर के समीप सड़क को ठीक कराया जाने के निर्देश दिए सउन्होंने ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने के निर्देश दिए ,बैठक में बताया गया कि व्यावसायिक अभियान के अंतर्गत बिना रिफ्लेक्टर के 72 ट्रैक्टरों का चालान किया गया है। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग , जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक गण उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर लैंगिक शोषण अधिनियम की दी गई जानकारी

- महार्षि सिद्धनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदेहदू में हुआ आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**






राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण-नई दिल्ली तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा श्रीमती अल्पना के निर्देशन में आज कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक शोषण अधिनियम 2023, बचपन बचाओं आन्दोलन, नशा मुक्त भारत अभियान, मादक पदार्थो के दुष्प्रभावों, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की प्रतियां क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होनेष् के सम्बंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन महार्षि सिद्धनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम भदेहदू, जिला बांदा में दिन 12.30 बजे से किया गया। शिविर की अध्यक्षता श्रीमान श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा की गयी।

श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के सम्बंध में जानकारी प्रदान की। सचिव महोदय द्वारा बाल विवाह पर जोर देते हुए कहा कि उक्त अधिनियम के अनुसार लकडी की विवाह योग्य न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लडके की 21 वर्ष है। जो कोई भी बाल विवाह करेगा या उसमें सहायता करेगा, उसे दो साल तक के कठोर कारवास और एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष द्वारा किसी नाबालिग लडकी से विवाह करने पर भी दंड का प्रावधान है। अधिनियम के तरह, यदि कोई बचा नाबालिग है तो उसका विवाह निरस्तीकरण योग्य (अवपकंइसम) होगा। इस अधिनियम में बाल विवाह से प्रभावित महिला और बच्चों के भरण-पोषण और निवास के प्रावधान भी शामिल हैं। यह अधिनियम बाल विवाह से संबधित अपराधों का संज्ञेय और गैर-जमानती होना सुनिश्चित करता है, जिससे पीडितों को त्वरित न्याय मिल सके। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य देश में बाल विवाह की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटना और इसे पूरी तरह से समाप्त करना हैं। राममूरत सिंह पटेल, विद्यालय प्रबन्धक द्वारा महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना, पुरुषो के समान पारिश्रमिक का लाभ आदि के सम्बंध में विस्तार से व्याख्यान किया गया। महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, पीछा करना, यौन शोषण, लिंग के आधार पर परेशान करना, यौन उत्पीड़न और इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीडन का शिकार असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, निजी या सरकारी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती है। शिविर का संचालन रमेश पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यापक अनिल यादव, देवदत्त, राजकुमार कुशवाहा, सुश्री पिन्की, शिवानी, निशु सिंह व राशिद अहमद डी.ई.ओ. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा के साथ समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।